

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 8 फरवरी 2024 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-310 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 9 फरवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112

# मछली ही नहीं, मगरमच्छ भी पकड़ा जाएगा: गृहमंत्री

» महादेव एप मामले की सदन में गूंज
» राजेश मूणत ने अफसरों को बचाने का लगाया आरोप

**रायपुर,8 फरवरी।** विधानसभा के बजट सत्र में महादेव सट्टा एप का मामला गूंजा. भाजपा विधायक राजेश मूणत ने महादेव एप का मामला उठाते हुए संलिप्त अफसरों को बचाने का आरोप लगाया. इसके जवाब में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भरोसा दिलाया कि मछली ही नहीं अगर मगरमच्छ भी होगा तो जरूर पकड़ा जाएगा.

बीजेपी विधायक राजेश मूणत ने सदन में मुद्दा उठाते हुए कहा कि महादेव एप के नाम से राज्य में एक गोरखधंधा चला. राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लोग इनवॉल्व हैं. यह संवेदनशील मुद्दा है. वैशालीनगर विधानसभा से ही करीब बीस हजार युवा महादेव सट्टा से जुड़े हैं. उन्होंने कहा कि करीब 90 केस दर्ज किए गए हैं. सरकार, जिस पर सुरक्षा की ज़िम्मेदारी है. उसी सरकार ने गिरोहबंदी कर योजनाबद्ध तरीक़े से युवाओं को इस अवैध काम में झोंक दिया. इसके साथ ही उन्होंने सवाल किया कि मामले में किन-किन लोगों के ख़िलाफ़ कार्रवाई हुई? उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इस मामले की जांच जारी है. जांच और बयान के आधार पर किसी को फांसी पर नहीं लटकाया जा सकता. तथ्य प्रमाणित होने के बाद विष्णुदेव सरकार कार्रवाई करने में एक घंटा भी नहीं लगाएगी. इस मामले में जो भी दोषी होगा चाहे वह किसी भी दल का क्यों ना हो सब पर कार्रवाई होगी. इस प्रकरण में यह बात



सामने आई थी कि चार्टर प्लेन से जिन्हें शादी में दुबई ले ज़ाया गया था, उनका भी डिटेल्स हम निकलवा रहे हैं. सबसे पूछताछ होगी.

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नौजवान जो राह से भटके हुए हैं, ऐसे युवा महादेव सट्टा एप से जुड़कर अपनी बर्बादी का रास्ता चुन लिया. अब तक 90 एफआईआर दर्ज हुई है. 67 प्रकरणों में से 54 पर चालान पेश हो गया है. दुबई में रह रहे छत्तीसगढ़ के लोग ही इसका संचालन कर रहे हैं. लुकआउट सर्कुलर जारी हुआ है. रेड कॉर्नर नोटिस दिया गया है. प्रत्यर्पण के लिए प्रयास चल रहा है. उप मुख्यमंत्री ने बताया कि महादेव एप से जुड़े बैंक अकाउंट फ़्रीज किया गया है. जिन अधिकारियों की भूमिका पाई गई है, उनके ख़िलाफ़ कार्रवाई की गई है. दो जेल में हैं. कुछ सस्पेंड हैं. राजेश मूणत युवा मोर्चा से हैं, और मैं भी युवा मोर्चा से हूँ. जो आग उनके दिल में है, वही आग मेरे दिल में भी है. जैसे ही फ़ैसला आ जाएगा. विष्णुदेव सरकार को एक घंटा भी नहीं लगेगा कार्रवाई करने में देरी नहीं करेगी.

राजेश मूणत ने कहा कि रविकान्त नाम के एक व्यक्ति का थाने में दर्ज बयान सामने आया है कि उसे उसके दोस्त ने बैंक में खाता खुला दिया. उसके खाते में पैसा आने लगा उसे ही नहीं पता. ऐसे एक नहीं हजारों प्रकरण है. यदि इस तरह के करोड़ों के लेन-देन का मामला संज्ञान में आ गया है, तो फिर कार्रवाई करने में देरी क्यों हो रही है.उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग और बेटिंग के लिए पूर्व में प्रावधान नहीं था. नये नियम में प्रावधान जोड़े गये हैं. इस प्रकरण में जांच जारी है. पूरी ताक़त के साथ इस मामले की जांच की जाएगी. किसी दल की परवाह किए बग़ैर जो जो इस मामले में दोषी पाया जाएगा, उसके ख़िलाफ़ एक घंटे में कार्रवाई होगी.

राजेश मूणत ने कहा कि इस मामले में वही अधिकारी जवाब तैयार कर रहे हैं, जो इस पूरे काकस में शामिल हैं. चंद्रभूषण वर्मा का बयान केंद्रीय एजेंसी ने लिया था.

## संक्षेप

### पीएम का संकल्प देश की सीमाओं को सुरक्षित करना है : शाह

**नई दिल्ली,8 फरवरी।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने एक्स प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का संकल्प देश की सीमाओं को सुरक्षित करना है। उन्होंने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने और म्यांमार सीमा से लगे भारत के नॉर्थईस्ट में डेमोग्राफिक स्ट्रक्चर को कायम रखने के उद्देश्य से गृह मंत्रालय ने म्यांमार के साथ FMR खत्म करने का फैसला किया। श्री शाह ने कहा कि जब तक विदेश मंत्रालय FMR को खत्म करने की प्रक्रिया पूरी कर रहा है, तब तक गृह मंत्रालय ने इसे तत्काल रद्द करने की सिफारिश की है।

### जगदलपुर से रोजाना होगा विमान का संचालन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बस्तरवासियों को बड़ी खुशखबरी दी है। उन्होंने ट्विटर पर बताया कि हमारी सरकार ने जगदलपुर से रोजाना विमानों के संचालन के लिए NOC दे दी है। इसके लिए आधिकारिक रूप से कलेक्टर द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। जगदलपुर एयरपोर्ट का विस्तार भी इसमें सम्मिलित है। अब बस्तर की जनता की सामाजिक, आर्थिक एवं व्यापारिक कनेक्टिविटी देश एवं प्रदेश के स्थानों में सुगमता से होगी। सभी बस्तरवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं। बता दें कि बस्तर के वासियों को अलाइंस विमान सेवा के साथ साथ अब 31 मार्च 2024 से इंडिगो विमान सेवा की प्रचलन प्रारंभ होने से वायु परिवहन सेवा में सुविधाएं बढ़ जाएगी। इंडिगो की विमान प्रतिदिन हैदराबाद से जगदलपुर और रायपुर जाएगी तथा उसी दिन रायपुर से जगदलपुर होते हैदराबाद वापस हो जाएगी।

### ईदगाह की बाउंड्रीवाल पर चला बुलडोजर

**कवर्धा,8 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के क्षेत्र कवर्धा में एक फिर अवैध निर्माण पर प्रशासन का बुलडोजर देखने को मिला। सुबह नगर पालिका, राजस्व एवं भारी संख्या में पुलिस का बल भोजली तालाब के पास स्थित मुस्लिम समाज के जमात खाना और ईदगाह के बाउंड्रीवॉल पर बुलडोजर चलवा दिया गया। बताया जा रहा है कि इसका निर्माण 3 वर्ष पहले विधायक निधि से पालिका ने कराया था,लेकिन आज अवैध निर्माण बताकर तोड़ दिया गया। वहीं आसपास के लगभग 50 से अधिक ठेले गुमचे को भी हटाया गया। कार्रवाई के दौरान एसपी, एसडीएम, सीएमओ सहित राजस्व विभाग व भारी पुलिस बल तैनात किया गया था ताकि कोई अप्रिय घटना या विरोध न हो। फिलहाल नगर पालिका ने अतिक्रमण को हटाकर भोजली तालाब के आसपास सौंदर्यीकरण करने की बात कह रही है। वहीं मुस्लिम समाज ने कहा कि, हमने निर्माण नहीं कराया था और न ही अवैध कब्जा किया था नगर पालिका ने ही इसका निर्माण कराया था और अब वहीं तोड़ रही है जो उचित नहीं है।

### रेपो रेट में नहीं हुआ कोई बदलाव

**नई दिल्ली,8 फरवरी।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक 6 से 8 फरवरी तक आयोजित की गई थी। इसके बाद रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को इस बैठक के फैसलों की जानकारी दी। इस समय रेपो रेट को यथावत रखने का फैसला किया गया। लगातार छठी बार रेपो रेट को में कोई बदलाव नहीं हुआ है। रेपो रेट 6.50 फीसदी पर बरकरार रखा गया है। इसलिए कर्जदारों की ईएमआई अभी कम नहीं होगी। इसके लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा। गुरुवार को रिजर्व बैंक की क्रेडिट पॉलिसी कमेटी की बैठक हुई। इसके बाद दास ने इस बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी दी।

## शिवधाम में गुप्त नवरात्र पर्व 10 से

### मां महाकाली (अघोरेश्वरी) के होंगे दिव्य दर्शन

**रायपुर,8 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

भव्य शिवधाम (अघोरेश्वरी महादेव मंदिर) परिसर में माघ गुप्त नवरात्र 10 फरवरी से विधि-विधान से मनाया जाएगा। ग्राम तुलसी-पाटन (दुर्ग) में खारुन नदी के तट पर स्थित शिवधाम में मां महाकाली (अघोरेश्वरी) का मंदिर स्थित है। यहां माता की मनोहारी प्रतिमा स्थापित है। गुप्त नवरात्रि के श्रीगणेश पर 10 फरवरी को प्रातः घट की स्थापना की जाएगी। 14 फरवरी को प्रातः पंचमी का श्रृंगार तथा रात्रि सात बजे हवन किया जाएगा। कालरात्रि पूजन व हवन 15 फरवरी को रात्रि साढ़े ग्यारह बजे किया जाएगा। अष्टमी का पूजन 16 फरवरी को रात्रि 11.52 बजे किया जाएगा। 17 फरवरी को प्रातः 8.40 बजे नवमीं का पूजन-हवन होगा। यहां यह बताना जरूरी होगा कि शिवधाम रायपुर से अमलेश्वर, मोतीपुर, झीट होते हुए पाटन मार्ग पर ग्राम तुलसी में स्थित है। यह बेहद सुरम्य व शांत क्षेत्र है। भोले भंडारी का विशाल शिवलिंग स्थापित है।



**महामाया मंदिर**-पुरानी बस्ती स्थित श्री महामाया देवी मंदिर में 10 फरवरी से 18 फरवरी तक गुप्त नवरात्रि पर श्री दिव्य रूद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर प्रांगण में सुबह आठ बजे से शाम छः बजे तक महायज्ञ होगा। यज्ञाचार्य पं. राजेन्द्र प्रसाद तिवारी सहित 17 वैदिक ब्राह्मण इसे सम्पन्न कराएंगे। यह जानकारी श्री महामाया देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास के अध्यक्ष आनंद शर्मा, सचिव व्यास नारायण तिवारी, कोषाध्यक्ष विजय शंकर अग्रवाल व न्यासी विजय झा ने दी है। 11 फरवरी को अग्नि प्रज्वलन, वेदी पूजन, देव आह्वान, रुद्राभिषेक पूजन के बाद हवन प्रारंभ होगा। 18 फरवरी को पूर्णाहुति, महाआरती, सहस्त्रधारा, ब्राह्मण भोजन, भंडारा व प्रसादी का वितरण होगा।

स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल की सदन में बड़ी घोषणा

## आत्मानंद स्कूल अब कलेक्टर नहीं, शिक्षा विभाग चलाएगा

**रायपुर,8 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

विधानसभा के बजट सत्र में स्वामी आत्मानंद योजना को लेकर सवाल उठा. भाजपा विधायकों ने ध्यानाकर्षण के जरिए स्कूलों के संचालक को लेकर सवाल उठाए, जिस पर शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने जवाब देते हुए अगले शैक्षणिक सत्र से कलेक्टर की समितियों को भंग कर आत्मानंद स्कूलों का संचालन शिक्षा विभाग के जरिए करने की घोषणा की.

सदन में स्वामी आत्मानंद स्कूल को लेकर भाजपा विधायक अनुज शर्मा, अजय चंद्राकर, भावना बोहरा के ध्यानाकर्षण पर जवाब देते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन ने कहा कि अभी हमारे सरकारी प्राचार्य और व्याख्याता को भी कलेक्टर वेतन देता है. जहां-जहां गड़बड़ी होगी, उसकी हम जांच करवाएंगे. भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि जब तक



कलेक्टर के पास प्रभार रहेगा, व्यवस्था नहीं सुधरेगी. इसे बदल जाना चाहिए. अजय चंद्राकर ने चुटकी लेते हुए कहा कि आत्मानंद स्कूल भूपेश बघेल के आनंद के लिए शुरू किया गया था. शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने घोषणा की कि अगले शिक्षा क्षेत्र में कलेक्टर की सभी समितियां को भंग कर दिया जाएगा, सभी शिकायतों की जांच कराई जाएगी, जिन स्कूलों के नाम बदले गए हैं, उनका नाम स्वामी आत्मानंद नाम के साथ जोड़ा जाएगा. अजय चंद्राकर ने आरडी तिवारी स्कूल के जर्जर भवन और छत के स्लैब गिरने का मामला उठाते हुए सवाल किया कि स्मार्ट सिटी के मद से मेंटनेंस में किस नियम से मद का उपयोग किया गया. कौन सी तकनीकी संस्था है, जिसने कार्य संपादित किया. बृजमोहन अग्रवाल स्मार्ट सिटी लिमिटेड के बाद टीसीआईएल तकनीकी संस्था है, उसी के द्वारा प्रशिक्षण कर कार्य किया जा रहा है. मेसर्स शरद शुक्ला के द्वारा काम करवाया गया.अजय चंद्राकर ने कहा कि इतना मेंटनेंस करवाने के बाद भी स्कूल में यह घटना घटी. पूरे प्रदेश में मेंटनेंस के नाम पर भ्रष्टाचार किया गया है. क्या उन पर कार्यवाही होगी. बृजमोहन अग्रवाल ने कहा लगभग 800 करोड़ रुपए खर्च किया गया है. तुगलकी आदेश कलेक्टर की अध्यक्षता में कार्य किया जा रहा है.अनुज शर्मा ने कहा पूर्व में भी ऐसी घटना हुई उसके बाद इंजीनियरों के द्वारा ऑडिट कराए जाने का निर्णय हुआ था, तो क्या आरडी तिवारी स्कूल का ऑडिट करवाया गया था. बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि इसका ऑडिट करवाया गया है.

## इधर न्याय यात्रा निकाल रहे हैं उधर पार्टी छोड़ रहे लोग: साय

■ **तरुण छत्तीसगढ़**

**रायपुर,9 फरवरी।** पीएससी चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी सहित अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज किये जाने पर सीएम साय ने बड़ा बयान दिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि, चुनाव के दौरान वादा किया था कि इस मामले की जांच होगी। और जांच सीबीआई को सौंपी गई है। उस पर एफआईआर हुआ है। जो-जो दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि, भारत जोड़ो यात्रा किए, कितना असर हुआ आपके सामने है। और अब न्याय यात्रा निकाले हैं। उनके कई लोग पार्टी छोड़ रहे हैं, और उनके साथ न्याय हो जाए। वहीं अपनी सरकार के पहले बजट पर कहा कि, इंतजार करिए, बहुत ही अच्छा बजट होगा। दिल्ली से वापिस लौटने के बाद पत्रकारों से चर्चा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि, दिल्ली में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और भारत के गृहमंत्री अमित शाह से मुलाक़ात हुई। मुख्यमंत्री होने के नाते मुलाक़ात होती रहती है। छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी के लिए जो काम कर रहे हैं, उसकी भी जानकारी दी है। चुनाव के संबंध में यहां बातचीत होगी। नितिन नवीन और ओम माथुर आए हैं। चुनाव की तैयारी तेजी से कर रहे है।

## ओबीसी में नहीं हुआ मोदी का जन्म: राहुल गांधी

**झारसुगुड़ा,8 फरवरी।** राहुल गांधी ने गुरुवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान बोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उनकी जाति को लेकर झूठ बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री सामान्य वर्ग से हैं, न कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से। राहुल गांधी ने ओडिशा के झारसुगुड़ा में कहा, पीएम मोदी का जन्म ओबीसी वर्ग में नहीं हुआ था। उनका जन्म गुजरात में तेली जाति में हुआ था। उन्होंने कहा कि इस समुदाय को साल 2000 में बीजेपी ने ओबीसी का टैग दिया था। उनका जन्म सामान्य जाति में हुआ था। राहुल ने कहा कि वह अपने पूरे जीवन में जातीय जनगणना नहीं होने देंगे क्योंकि उनका जन्म ओबीसी में नहीं, सामान्य जाति में





हुआ है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सामान्य वर्ग में पैदा हुए और ष्टरू बनने के बाद उन्होंने अपनी जाति ओबीसी में बदल दी। राहुल ने कहा कि देश में आज भयंकर सामाजिक अन्याय हो रहा है। आप जीएसटी भरते हैं और मजा अडानी जैसे लोग उठाते हैं। क्योंकि अडानी खदान ख़रीदता है, सड़क और पुल के टेंडर लेता है, मीडिया को कंट्रोल करता है। फिर उसी की मीडिया हम से पूछती है कि आप जातिगत जनगणना की बात क्यों कर रहे हैं? भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुरुवार को पड़ोसी राज्य ओडिशा से छत्तीसगढ़ में प्रवेश करने वाली है। नवंबर 2023 के विधानसभा चुनावों के बाद यह गांधी की छत्तीसगढ़ की पहली यात्रा होगी, जिसमें उनकी पार्टी राज्य में सत्ता से बाहर हो गई थी। दो दिन के विश्राम के बाद 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू हुई यात्रा 11 फरवरी को रायगढ़, सक्ती और कोरबा जिलों से होकर गुजरेगी। 14 फरवरी को यात्रा बलरामपुर से झारखंड के लिए प्रस्थान करेगी।

### छग पहुंचे राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी के दो सूत्रीय कार्यक्रम हैं -अन्याय को बढ़ावा देना और नफरत तथा हिंसा फैलाना। राहुल की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' ओडिशा से छत्तीसगढ़ पहुंची जहां उन्होंने रायगढ़ जिले के रेंगालपाली गांव में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, '' भाजपा के दो सूत्रीय कार्यक्रम हैं अन्याय को बढ़ावा देना और नफरत तथा हिंसा फैलाना।

## बस्तर में अब लाल सलाम नहीं, जय श्री राम सुना जाएगा: उप मुख्यमंत्री

**रायपुर,8 फरवरी**

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भाजपा सरकार आने के बाद से बीते आठ सप्ताहों में बस्तर के हालात में आए बदलाव का विधानसभा में बखान किया. उन्होंने कहा कि अब पूरा प्रशासन वहां है. आने वाले दिनों में बस्तर में 'लाल सलाम' नहीं, 'जय श्री राम' सुना जाएगा. इसे भी पढ़ें – आत्मानंद स्कूल अब कलेक्टर नहीं, शिक्षा विभाग चलाएगा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सदन में कहा कि बस्तर में आठ हफ़्तों में 47 मोबाइल टावर लगाए गए. आठ हफ़्तों में 35 किलोमीटर रोड बनी. आठ हफ़्तों में 10 नये कैंप खोले गए. आठ हफ़्तों में हैलीकॉप्टर की नाइट लैंडिंग फेसिलिटी शुरू हुई. बस्तर में हम विकास के कैंप खोल रहे हैं. उन्होंने कहा कि मैं अभी सिलगेर गया था. वहां के एक पारा में पिछले एक साल से बिजली नहीं है. सिलगेर के बच्चे डॉक्टर बनना चाहते हैं. कलेक्टर बनना चाहते हैं. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि देश को चुनौती देने वाले मुद्दे को दस फ़ीट नीचे ज़मीन में धँस जाना चाहिए और यहां हम भाजपा-कांग्रेस कर रहे हैं. ये वही टेकुलगुडम है, जहां घुसना आसान नहीं था. अब वहाँ कैंप खुल गया है. टेकुलगुड़म में कैंप खुला तो वहां जाना



आसान हुआ है. हम अब पूर्ववर्ती की तरफ़ जाएंगे. हम अंदरूनी इलाक़ों में कैंप खोल रहे हैं. कैंप खुलेंगे तो कॉनफ़्लिक्ट होगा. हमारा प्रयास नक्सलवाद को ख़त्म करने का है. इससे पहले विपक्ष के सदस्यों ने ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से प्रदेश में बढ़ रही नक्सली घटनाओं का मामला उठाया. विपक्ष के विधायक द्वारकाधीश अनिला भेड़िया ने गृह मंत्री से पूछा कि पिछले दो महीना में नक्सली घटनाएं क्यों बढ़ रही है? इस दौरान कितनी घटनाएं हुई है कितने जवान शहीद हुए हैं कितने घायल हुए हैं.गृह मंत्री विजय शर्मा ने बताया कि दो माह में 19 घटनाएं घटी है, जिसमें चार जवान शहीद हुए हैं और चार सिविलियन मारे गए हैं. उन्होंने यह कहा कि नक्सली घटनाएं क्यों बढ़ रही है इसे समझना होगा.



**नई दिल्ली,8 फरवरी। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह से उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद श्री जे पी नड्डा उपस्थित थे।**

### निलंबित आईएएस रानू साहू की जमानत याचिका खारिज

**रायपुर,8 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित कोयला घोटाले के आरोप में जेल में बंद आईएएस रानू साहू की मुश्किल फिर बढ़ गई है। मामले में हाईकोर्ट ने रानू साहू की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है।

इससे पहले हाईकोर्ट ने मामले में जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था जिस पर आज सुनवाई के दौरान उसे खारिज कर दिया। मामले पर छत्तीसगढ़ उच्चतम न्यायालय के जस्टिस नरेन्द्र कुमार व्यास की कोर्ट में सुनवाई की गई।गौरतलब हो कि वर्ष 2022 में आईएएस रानू साहू के निजी निवास, शासकीय निवास और कार्यालय में आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा था। जिसके बाद आयकर विभाग ने लंबी पूछताछ की थी और कोरबा कलेक्टर रहते हुए कोल लेवी मामले में संलिप्तता का आरोप लगाया।

## प्रत्याशी चयन का फार्मूला तय: नितिन नबीन

**रायपुर,8 फरवरी।** भाजपा जोर-शोर से लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है. इस चुनाव को लेकर होने वाली बैठक पर सह प्रभारी नितिन नबीन ने कहा, भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता 24घंटे काम करते हैं. हर दिन चुनाव के लिए तैयार रहते हैं. इस तैयारी को दुरुस्त करने के लिए संगठन और लोकसभा स्तर पर बैठक हो रही है. हम लोग समीक्षा कर रहे हैं कि लोकसभा में क्या स्थितियां है और किस तरह से और बेहतर किया जा सकता है.

किस फार्मूले के आधार पर प्रत्याशी तय होगा, इस सवाल पर नितिन नबीन ने कहा, फार्मूला तो विधानसभा में भी तय था.कार्यकर्ता होना चाहिए. जनता के बीच में उसकी साख होनी चाहिए. आज सब चीज के साथ-साथ पार्टी के विचारों को लेकर आगे जाना चाहिए. कुछ सांसदों को विधानसभा चुनाव लड़ाया गया था तो क्या विधायकों को लोकसभा लड़ाने की भी तैयारी है. इस पर उन्होंने कहा, थोड़ा इंतजार करिए. कांग्रेस में सद्भावना नजर आ रही है. वह एक दूसरों को चुनाव लड़ने के लिए कह रहे हैं. मैं कहूंगा कि आज कांग्रेस अपने उम्मीदवारों को उतारने के लिए हिम्मत नहीं जुटा पा रही है और उस कसौटी पर अपने आपको कसने के लिए तैयार नहीं है तो आप समझ सकते हैं. कितना न्याय हो पाएगा छत्तीसगढ़ में राहुल गांधी की न्याय यात्रा प्रवेश को लेकर नितिन नबीन ने कहा, राहुल गांधी आ रहे है तो उनको छत्तीसगढ़ के जनता से माफी मांगनी चाहिए. गरीब जनता को ठगने का काम किया है. यह लोगों को ठगने का काम किया है. आदिवासियों से माफी मांगनी चाहिए.

टेनिस : उदयीमान खिलाड़ियों का जोश ला रहा है बड़ा बदलाव

jasclaudius@gmail.com

## ग्रेंड स्लेम में नई प्रतिभाओं ने किया नाक में दम

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

टेनिस का खेल 19वीं सदी के मध्य काल से बड़ी तेजी से उभरा आज स्थिति यह है कि इस खेल के सितारों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसकी कई वजह है लेकिन इनाम के तौर पर अर्जित बड़ी धन राशि और एक मैच के लिए दो से तीन घंटे की अवधि सबसे महत्वपूर्ण है। टेनिस में चार स्पर्धाओं आस्ट्रेलियन ओपन, यूएस ओपन, विम्बल्डन और फ्रेंच ओपन का विशेष महत्व है। प्रत्येक टेनिस खिलाड़ी की चाहत होती है कि वह जीवन में कभी ना कभी एक बार अवश्य कोई भी ग्रेंडस्लेम खिताब जीते। इन दिनों टेनिस में महिला व पुरुष दोनों वर्गों के खिलाड़ियों में एक दूसरे को पछाड़ने के लिए संघर्ष काफी बढ़ गया है और किसी ना किसी ग्रेंड स्लेम में इसका परिणाम देखने को मिलता है। 2023 में पुरुष वर्ग के नतीजे पर नजर डालने से स्पष्ट होता है कि नोवोक जोकोविच ने विंबल्डन को छोड़कर तीनों ही प्रतियोगिताओं को अपने नाम किया था। पिछले करीब 17-18 वर्षों से पुरुष वर्ग में किसी भी टाइटिल को लेकर नोवोक जोकविच, राफेल नडाल, रोजर फेडरर, कार्लोस अल्कारेज, डेनिल मेदवेदेव का ही साम्राज्य रहा। नोवाक अब 36 वर्ष, राफेल 37 के हो चुके हैं तो ये सब वैसे भी रिटायरमेंट की उम्र के पास आ चुके हैं। अब आने वाला समय 2024 के आस्ट्रेलियन ओपन के 22 वर्षीय जेनिक सीनर, 2023 के विंबल्डन विजेता 20 वर्षीय कार्लोस अलकारेज, 27 वर्षीय डेनिल मदवेदेव आदि का है। इसी तरह महिला वर्ग की बात करें तो पायेंगे कि यहां पर पुरुषों से अलग परिणाम है। टेनिस के महिला वर्ग में 2023 में बड़ा उलटफेर देखने को मिला और चारों ग्रेंड स्लेम में अलग-अलग खिलाड़ियों ने सफलता पाई। आस्ट्रेलियन ओपन में अरिना सबालेंका, आइगा स्वीटेक ने फ्रेंच ओपन, मारकेरा वंडरोसोवा ने विंबल्डन जबकि कोको गॉफ ने यूएस ओपन का टाइटिल अपने नाम किया। विजेताओं ने नाम से स्पष्ट है कि महिला वर्ग में एक से बढ़कर एक विश्व स्तरीय टेनिस खिलाड़ी हैं। एक ओर जहां टेनिस के पुरुष वर्ग में जोकोविच, राफेल और फेडरर की तिकड़ी ने पिछले 17-18 वर्षों तक अपनी प्रतिभा के दम पर अन्य पुरुष खिलाड़ियों के नाम में दम कर दिया था वहीं महिला वर्ग में सेरेना विलियम्स के 2016 से असफलता के पश्चात एंजलिक केरबर, जी मुरुगुजा, जे. ओस्टापेंको, स्लोने स्टीफंस, कारोलिन वोजनीकी, साइमोना हलेप, नाओमी ओसाका, ऐशले बर्टी, बिंका एंड्रेस्कू, सोफिया केनिन आदि खिलाड़ियों ने ग्रेड स्लेम टूर्नामेंट में जीत हासिल की। इस तरह टेनिस में देखने में आ रहा है कि किसी खिलाड़ी की जीत निश्चित नहीं है। महिला वर्ग के बाद अब पुरुष वर्ग में बदलाव होने की संभावना है। टेनिस में इस तरह के उतार चढ़ाव से उसकी लोकप्रियता बढ़ी है। स्पष्ट है कि अब टेनिस में ताकत व धैर्य के अलावा तकनीक का विशेष महत्व है। सर्विस के साथ ही विपक्षी पर दबाव बनाने और खेल के दौरान रिटर्न के विभिन्न रूपों का अधिक से अधिक सटीक प्रयोग करना महत्वपूर्ण हो गया है।

मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

## 4,14,196 नए मतदाता,3,23,602 नाम किए गए विलोपित : कंगाले

**रायपुर,8 फरवरी।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने आज प्रेसवार्ता को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में कुल 11 लोकसभा सीट के लिए आज राज्य के सभी 24109 मतदान केंद्रों,ईआरओ/एईआरओ कार्यालय में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 में राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 3 लाख 93 हजार 160 थी। इस प्रकार अंतिम प्रकाशन में मतदाताओं की संख्या में 1,20,092 की वृद्धि हुई है। प्रारंभिक प्रकाशन में 18 से 19 आयु वर्ग के कुल 4,94,452 मतदाता थे, जो अंतिम प्रकाशन में कुल 5,77,184 हो गए हैं, जो की कुल मतदाताओं की संख्या का 2.81 प्रतिशत है। इस प्रकार इस आयु वर्ग में पुनरीक्षण अवधि के दौरान कुल 82732 मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। निर्वाचन नामावली में 20 से 29 आयु वर्ग के कुल मतदाताओं की संख्या 47 लाख 11 हजार 690 है,जो की कुल मतदाताओं की संख्या का 22.96 प्रतिशत है। वर्तमान पुनरीक्षण में कुल 4,14,196 नए मतदाताओं के फॉर्म 6 के आधार पर नाम जोड़े गए हैं तथा कुल 3,23,602 नाम को फॉर्म 7 के आधार नियमानुसार विलोपित किया गया है।

# हेडलिफ्ट पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में सूरज स्ट्रांग मैन ऑफ कवर्धा और सपना कर स्ट्रांग वूमेन ऑफ कवर्धा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 8 फरवरी।** जिला स्तरीय हेडलिफ्ट पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन 3 फरवरी 2024 कवर्धा के भारत है क्लब जिम में आयोजित हुआ इस प्रतियोगिता में जिले से 70 से 80 खिलाड़ी भाग लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन भारत हेल्थ क्लब जिम और कवर्धा पावरलिफ्टिंग संघ के तत्वाधान में आयोजित हुआ प्रतियोगिता का शुभारंभ कवर्धा पावरलिफ्टिंग के अध्यक्ष श दिनेश चंद्रवंशी जी के द्वारा हुआ और खिलाड़ियो के लिए हमेशा तत्पर रहे है इस प्रतियोगिता में महिला और पुरुष दोनों वर्ग ने भाग लिए जिसमें स्ट्रांग मैन ऑफ कवर्धा का खिताब भारत हेल्थ क्लब जिम के सूरज राजपूत को मिला सूरज पहले भी 5 बार स्ट्रांग मैन ऑफ छत्तीसगढ़ का किताब अपने नाम हासिल कर चुके हैं और महिला वर्ग में स्ट्रांग वूमेन का किताब सपना कर को मिला पुरुष वर्ग में पुरुष वर्ग में 53 किलो वर्ग में थानेश्वर प्रथम स्थान, मोहित दूसरा स्थान नकुल तीसरा स्थान 59 वर्ग मैं दीपक साहू प्रथम स्थान द्वितीय स्थान गोकुल देवांगन कितने स्थान अंकित सिंह ने प्राप्त किया इसी प्रकार 66 किलो वर्ग में पहला स्थान दिवाकर दूसरा स्थान कृष साहू तीसरा स्थान सूर्य और 74 किलो वर्ग में प्रथम स्थान योगेंद्र सिंह ठाकुर द्वितीय स्थान प्रथम गुप्ता तीसरा स्थान हेमंत ने प्राप्त किया इसी प्रकार 83 किलो वर्ग में पहला स्थान सूरज ठाकुर जिन्होंने कवर्धा जिले में सबसे ज्यादा वजन 237,5 किलो वजन उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया दूसरी स्थान सरताज खान इसी प्रकार शुभम तिवारी ने 195 किलो वजन उठाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया 93 किलो वर्ग में लवनीत सूर्यवंशी ने 200 किलो वजन उठाकर प्रथम स्थान लकी जाट ने 195 किलो वजन उठाकर दूसरे स्थान टेकस्वर निषाद ने 160 किलो वजन उठाकर तीसरे स्थान प्राप्त किया इसी प्रकार 120 किलो वजन में आमान शुक्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया महिला वर्ग में 53 किलो वर्ग में रानू धुर्वे ने 80 किलो वजन उठाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया 57 किलो वर्ग में मधु अहित ने 100 किलो वजन प्रथम स्थान 52 किलो वर्ग में चंचल गुप्ता ने 90 किलो वजन उठाकर प्रथम स्थान 69 किलो वर्ग में सपना कर ने 110 किलो वजन उठाकर प्रथम स्थान यमनी कोशले ने 107 किलो वजन उठाकर प्रथम स्थान सौम्या पांडे ने 76 वर्ग सभी प्रथम स्थान प्राप्त किया खिलाड़ियों ने अपना अच्छा अपना दमखम दिखाया और इन खिलाडियों का चयन अगले माह 1 से,3 मार्च 2024 में होने वाले छत्तीसगढ़ राज्य पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जाएगा और कार्यक्रम का समापन कवर्धा पावरलिफ्टिंग संघ के उपाध्यक्ष नेता प्रतिपक्ष श्री उमंग पांडे जी लोहारा जनपद सदस्य रवि सिंह राजपूत कवर्धा संघ के सचिव सूरज राजपूत द्वारा बच्चों को मेडल से सम्मानित किया गया और कार्यक्रम के निर्णायक श्री नश्कर टंडन इंटरनेशनल पावरफ्लिफ्टर छत्तीसगढ़ शहीद विनोद चौबे अवार्डेड और नेशनल रेफरी श्री आसिफ अली खान रिकॉर्ड होल्डर और मयंक सोनी शुभम तिवारी दीपाली सोनी रवि जायसवाल ,नीतीश शाह के द्वारा निर्णय किया गया बॉडीबिल्डिंग पावरलिफ्टिंग वेट लिफ्टिंग के कोच सी सूरज राजपूत के द्वारा 100 से 150 बच्चों को प्रशिक्षण देते हैं और कवर्धा के बच्चे नेशनल में भी मेडल ले चुके हैं ।

## एक नजर

### नए एसपी ने थाने का निरीक्षण किया



**भिलाई, 8 फरवरी।** भिलाई नए पुलिस अधीक्षक आईपीएस जितेन्द्र शुक्ला कार्यभार ग्रहण करने के बाद थाने के निरीक्षण के लिए निकले । शहर के नेवई थाने आधी रात पहुंचे इस दौरान थाना प्रभारी को लंबित मामलों को करने त्वरित निराकरण के निर्देश दिए दुर्ग पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र

शुक्ला ने रात 9.30 बजे नेवई थाना का के निर्देश दिए -औचक निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस थाना परिसर में साफ-सफाई का भी अवलोकन किया। उन्होंने नेवई टीआई प्रशांत मिश्रा से थाने के विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी ली रोजनामचा देखने के बाद उन्होंने अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने और लंबित मामलों को त्वरित निराकरण करने नए एसपी के समक्ष होगी कई बड़ी चुनौतियां नए एसपी कड़े तेवर के आईपीएस अधिकारियों में माने जाते हैं उनसे जिले के लोगों को काफी उम्मीदें हैं अपराध पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के अलावा अपराधियों की गिरफ्तारी, शराब की अवैध बिक्री पर रोक लगाना उनके लिए बड़ी चुनौती होगी इसके अलावा हाल के महीनों में बढ़े अपराध के ग्राफ को भी नीचे लाना उनके लिए अग्नि परीक्षा होगी जिसके लिए एक बार फिर उन्हें सूचना तंत्र को मजबूत बनाना होगा मुखबिरों की संख्या बढ़ानी होगी जिससे असमाजिक तत्वों पर लगाम लगा सकें और उन पर समुचित कार्रवाई की जा सकी जिससे जिले में आपराधिक तत्वों पर कार्रवाई का डर रहे थाने के कर्मचारियों से हुए रुबरु, दिए दिशा-निर्देश।

### रवि उप्पल पर भी ईनाम घोषित



**भिलाई, 8 फरवरी।** भिलाई महादेव गेमिंग एप के संचालक सौरभ चंद्राकर के बाद अब रवि उप्पल पर भी इनाम की घोषणा कर दी है। दुर्ग रेंज के आइजी ने पता ठिकाना बताने वालों को 35 हजार इनाम दिए जाने की घोषणा की है। इसमें 25 हजार का इनाम आइजी व 10 हजार रुपये इनाम दुर्ग एसपी द्वारा दिया जाएगा। महादेव गोमिंग एप के संचालकों के खिलाफ दुर्ग पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है बता दें कि जामुल थाने में धारा 4 (क) घटना 12 अप्रैल 2022

एवं धारा 4, 5, 7, 8 घटना 23 जून 2023 जुआ एक्ट में आरोपित रवि उत्पल (45) निवासी नेहरू नगर भिलाई थाना सुपेला जिला दुर्ग से फरार है दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला के आदेश के माध्यम से फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपये नगद इनाम की घोषणा की गई है। दुर्ग रेंज के आइजी राम गोपाल गर्ग ने कहा कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उक्त प्रकरण के फरार आरोपित के संबंध में कोई भी व्यक्ति जानकारी देगा, गिरफ्तारी कराएगा या युक्तियुक्त सूचना देगा, जिससे प्रकरण के फरार आरोपित को विधिपूर्वक गिरफ्तार किया जा सके। उसे राशि 25 हजार रुपये तक की नगद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

फरार आरोपित को गिरफ्तार कराने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा ज्ञात हो कि एक दिन पहले पुलिस ने महादेव गेमिंग एप के संचालक सौरभ चंद्राकर के खिलाफ 35 हजार रुपये इनाम की घोषणा की थी न नंबरों पर दे सकते हैं सूचना इनाम वितरण का अंतिम निर्णय दुर्ग रेंज आईजी का होगा ।

# डिप्टी सीएम शर्मा ने छत्तीसगढ़ रीजनल साईंस सेंटर का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,8 फरवरी।** उप मख्यमंत्री तथा तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री श्री विजय शर्मा द्वारा बीते दिनों अपने विभाग के अधीनस्थ संस्थान छत्तीसगढ़ रीजनल साईस सेन्टर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद एवं छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेन्टर के वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों से चर्चा करते हुए संचालित किये जा रहे योजनाओं एवं परियोजनाओं की जानकारी ली।उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों से प्रदेश में चल रही शासन की विभिन्न निर्माण संबंधित परियोजनाओं की मानिटरिंग रिमोट सेंसिंग तकनीक के माध्यम से मॉनिटरिंग की योजना प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि उच्च तकनीक का प्रयोग करने से किसी भी परियोजना की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जा सकती है। जिससे गड़बड़ी की संभावना कम से कम हो सके।उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रिजिनल साइंस सेंटर के ऑडिटोरियम, फन साइंस गैलरी, तारामंडल, 3क् गैलरी, साइंस फॉरेस्ट पुल का बारीकी से निरीक्षण किया हुआ उसके बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने प्रदेश भर से आने वाले छात्र-छात्राओं, शोधार्थियों के विज्ञान के प्रति रुझान विकसित किये जाने की दिशा में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के संस्थाओं द्वारा किये जा रहे कार्यकमों की प्रशंसा की और छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों एवं पालको से अनुरोध किया कि उन्हें एक बार अवश्य साइंस रीजनल सेंटर आना चाहिए जिससे बच्चों को प्रायोगिक रूप से विज्ञान की जानकारी हासिल हो । उन्होंने आधुनिक विज्ञान की दिशा में विभाग के दायित्वों हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने संस्थानों द्वारा जनहित में किये जा रहे कार्यों में शासन को सहभागी बनाने हेतु मार्गदर्शन दिया। निरीक्षण के दौरान विधानसभा क्षेत्र कटघोरा के विधायक श्री प्रेमचंद पटेल, छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक श्री एस.एस. बजाज एवं छत्तीसगढ़ रीजनल साईस सेन्टर एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के समस्त वैज्ञानिक तथा अधिकारी उपस्थित रहे।

# कहां गए वो फार्म जो चुनाव के समय सभी महिलाओ से भरवाए थे: रानू दुबे



**कवर्धा, 8 फरवरी।** प्रदेश में महतारी वंदन योजना को लेकर सरकार द्वारा महिलाओं से फार्म भरवारा जा रहा है, योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं की भीड़ फॉर्म भरने के लिए उमड़ रही है.। वहीं महिलाओं की लंबी कतारों को लेकर शहर अध्यक्ष रानू दुबे ने सरकार के ऊपर सवाल खड़े करते हुए भाजपा को घेरा है.. महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्ष व कृषि उपज मंडी के पूर्व सदस्य श्रीमती रानू दुबे की ओर से जारी बयान में उन्होंने कहा कि, सरकार ने छत्तीसगढ़ की महिलाओं के साथ छल किया है विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने महिलाओं को लालच देते हुए महतारी वंदन का फॉर्म भरवारा था, लेकिन अब योजना के नाम पर फिर से महिलाओं की लंबी कतारें लग रही है, वही नियमों को जटिल कर अब छत्तीसगढ़ के जनता को परेशान करने का काम सरकार द्वारा किया जा रहा है जबकि चुनाव से पहले सभी महिलाओं को योजना का लाभ देने का वादा किया गया था.. शहर अध्यक्ष रानू दुबे ने सवाल उठाते हुए सरकार से पूछा है कि, चुनाव के वक्त भरवाएं गए महतारी वंदन योजना के फॉर्म कहां गए.. और महिलाओं को लंबी कतारों में खड़ा करने का क्या अर्थ है।

# हाईस्कूल नेवारी के वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने दी मोहक प्रस्तुति



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 8 फरवरी। शासकीय हाई स्कूल नेवारी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष हर्षोउल्लास व उमंग के साथ वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्म्मान का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा कला संस्कृति पर आधारित मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता, छत्तीसगढ़ महतारी के पूजा अर्चन के पश्चात राज्य गीत से प्रारंभ किया गया इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नेवारी गांव के जगेशर पटेल, दिनेश साहू, प्रदीप निषाद, शत्रुहन मानिकपुरी, फूल दास पटेल, संतोष पटेल ,इंद्राज पटेल साथ ही स्कूल के प्रभारी प्राचर्य श्री कमलेश कुमार पाठक शिक्षिका अनीता द्विवेदी ,मनोरमा पांडे, सविता शर्मा एवं संकुल समन्वयक श्री राम शरण चंद्रवंशी जी एवं संकुल के शिक्षक एवं शिक्षिका छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित थेद्य कार्यक्रम के दौरान सत्र 21- 22 एवं 22 -23 में कक्षा 9वी एवं 10वीं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया , साथ ही शाला में वर्ष भर होने वाली गतिविधियों में स्थान प्राप्त करने वाले एवं सांस्कृतिक कार्य क्रम में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार वितरित किया गया एवं अतिथियो के द्वारा छात्र-छात्राओं में पढ़ाई के साथ-साथ समय-समय पर कला संस्कृति खेलकूद का आयोजन से कला संस्कृति के माध्यम से देश और राज्य के अनेक लोग ऊंचे स्थान तक पहुंचे साथ ही बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए भी कामना की गई।

### शेयर मार्केट के नाम पर लाखों रुपए की ठगी

भिलाई, 8 फरवरी। भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र शेयर मार्केट के नाम पर लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है नंदिनी पुलिस ने बताया कि ग्राम हरदी निवासी विमल कुमार पटेल को शेयर मार्केट में रुपए डबल करने का झांसा दिया गया झांसा देने वाले ग्राम भानेगांव जिला बालाघाट एमपी निवासी आरोपी अमन ठाकरे, अल्का ठाकरे, अनय ठाकरे है आरोपियों ने पीड़ित और अन्य लोगों के साथ चार माह से शेयर मार्केट में रकम डबल करने के नाम पर 34 लाख 60 हजार रूपये की ठगी की है। पीड़ित विमल खेती किसानी का काम करता है आरोपियों ने मोबाइल कर पीड़ित की सारी जानकारी एकत्र कर लिया ।

# विवाहित महिलाओ में महतारी वंदन योजना के प्रति भारी उत्साह : अशोक साहू



**कवर्धा, 8 फरवरी।** भागूटोला में जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अशोक साहू ने महतारी वंदन योजना फार्म भरवाने में महिलाओ की सहायता की ओर महतारी वंदन फार्म को देखा और उन्होंने ग्रामीणों को बताया की विवाहित महिलाओ के लिए बहुत अच्छी योजना है । अपने आसपास विवाहित महिला को भी जागरूक अवश्य करे की महतारी वंदन योजना फार्म में जानकारी लिखकर जमा करे और मार्च से हर महीने एक हजार रुपया आएगा । पूर्व विधायक अशोक साहू ने महतारी वंदन योजना पर चर्चा करते हुए कहा की छत्तीसगढ़ राज्य में सभी गांवो और शहरों में महिलाए प्रतिदिन महतारी वंदन योजना का फार्म भर रही है और महिलाओ में भारी उत्साह दिख रहा है और महिलाए बहुत खुश है ।

# महतारी वंदन योजना के फार्म भरने के लिए रुपये लिए जाने की जांच की मांग

**भिलाई, 8 फरवरी।** राज्य शासन की महतारी वंदन योजना के फार्म भरने के लिए शर्मा कालोनी के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा भिलाई निगम क्षेत्र के लोगों से 100-100 रूपये लिए जाने की घटना का वायरल वीडियो की सही जांच कर राज्य सरकार को बदनाम करने वाले असली दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग सामाजिक कार्यकर्ता एवं कल्याण सेवा जनजागृति संगठन के प्रदेशाध्यक्ष सुमन शील ने महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े एवं भिलाई नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया है। सुमन शील ने सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि शर्मा कालोनी के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की ओर से फार्म जमा करने के लिए लोगों से 100 -100 रुपये लिए जाने की शिकायत दर्ज हुआ है तथा मौके का वीडियो भी बनाकर संबंधित अधिकारियों को भेजा गया है। जिस वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को जो रुपए वापस करने के लिए बोला जा रहा है, वह राशि को वापस करने के लिए रुपए का नोट वहां के स्थानीय व्यक्ति एवं राजनीतिक दल की ओर से दिया गया है । रुपए लेने की घटना से शासन प्रशासन के कार्यप्रणाली के ऊपर भी सवाल खड़ा हुआ है ।

# अयोध्या धाम दर्शन को निकले राम भक्तों का मनीष पांडेय ने किया अभिनंदन



भिलाई, 8 फरवरी। अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात केंद्र सरकार द्वारा अयोध्या धाम दर्शन के लिए आस्था स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस क्रम में बुधवार को दुर्ग से अयोध्या के लिए पहली ट्रेन रवाना हुई। जिसमें राम भक्तों का जत्था प्रभु के दर्शन के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर प्रदेश भाजयुमो के कार्यसमिति सदस्य व रायपुर प्रभारी मनीष पाण्डेय ने दुर्ग रेलवे स्टेशन पहुंचकर सभी राम भक्तों को सुखद व मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। आस्था स्पेशल ट्रेन को विधायक धरमलाल कौशिक द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल व खाद्य मंत्री दयालदास बघेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

पाण्डेय ने कहा कि हमारी पीढ़ी का सौभाग्य है कि हमने 500 वर्षों के संघर्ष के पश्चात प्रभु श्रीराम को उनकी जन्मभूमि में विराजते हुए देखा है। मनीष पांडेय ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया कि केंद्र सरकार की पहल से राम भक्तों को प्रभु के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। आस्था स्पेशल ट्रेन के माध्यम से हजारों की संख्या में राम भक्त अयोध्या धाम के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त करेंगे।

# पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले युवकों से करवाई उठक बैठक



**कवर्धा, 8 फरवरी।** जिला एसपी अभिषेक पल्लव के मार्ग दर्शन में पुलिस विभाग लगातार सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालो को सख्त कारवाई की हिदायत भी दी जा रही है । इसी मद्देनजर चौकी प्रभारी त्रिलोक प्रधान की मॉनिटरिंग में पुलिस ने सार्वजनिक जगह पर बैठकर शराब पीने वालों को पोड़ी पुलिस ने पकड़ा और पुलिस द्वारा समझाइए दिया गया भविष्य में पीते पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करने हिदायत देकर छोड़ा गया । ऐसी कारवाई लगातार होने से शराब पीने वाले वालो के होश उड़े हुए है और जिला एसपी की तारीफ भी जनमानस में हो है ।

# बीएसपी की अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध कार्रवाई जारी



**भिलाई, 8 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा नेवई के भू माफिया और अवैध कब्जाधारियों के विरूध्द बेदखली कार्यवाही, भारी पुलिस बल थाना नेवई एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट ढाल सिंह बिसेन की उपस्थिति में सम्पन्न की गयी। इस दौरान अवैध कब्जाधारियों द्वारा किये गए अवैध निर्माण/कब्जा को जेसीबी मशीन की सहायता से ढहाया गया। 07 फरवरी 2024 की कार्यवाही में शामिल मशीनरी तथा उपलब्ध मैनपावर की दक्षता का अधिकतम उपयोग करते हुए, इस कार्यवाही में नेवई में लगभग 2.5 एकड़ बीएसपी की भूमि को अवैध कब्जा से मुक्त कराया गया। इस दौरान किसी भी प्रकार के सामानों की जप्ती नहीं की गयी। कुछ अवैध कब्जेधारियों द्वारा विरोध करने का प्रयास किया गया, किंतु भारी पुलिस बल के सामने उन्हें निराश होना पड़ा। उक्त बीएसपी भूमि पर किए अवैध कब्जा को हटाने की कार्यवाही, भूमि अनुभाग के सर्वेक्षक द्वारा चिन्हांकन के बाद की गयी।

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल पर मस्कट में बंधक महिला मुक्त



**कवर्धा, 8 फरवरी।** परित्राणाय साधुनाम, गीता के इस वाक्य को छत्तीसगढ़ पुलिस ने अपना ध्येय वाक्य रखा है। उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री श्री विजय शर्मा छत्तीसगढ़ में ही नहीं, छत्तीसगढ़ के बाहर विदेशों में भी फंसे लोगों की मदद के लिए पहल कर इस वाक्य को चरितार्थ कर रहे हैं। मस्कट में बंधक बनाई गई खुर्सीपार निवासी जोगी दीपिका के मामले में ओमान स्थित इंडियन एम्बैसी से उप मुख्यमंत्री शर्मा ने लगातार संपर्क किया। त्वरित की गई कार्रवाई के पश्चात दीपिका को सुरक्षित एम्बैसी लाया गया। ओमान में इंडियन एम्बैसडर से उपमुख्यमंत्री लगातार संपर्क में रहे। विधानसभा से भी वे लगातार इस मामले पर अपडेट लेते रहे। उन्होंने बंधक बनाई गई महिला से बातचीत भी की। उन्होंने दीपिका से सबसे पहले हालचाल पूछा। दीपिका ने बताया कि अभी बिल्कुल सुरक्षित हूँ। मस्कट की एम्बैसी में आ गई हूँ। डिप्टी सीएम ने कहा कि आप बिल्कुल चिंता मत करिये। आपके आने की व्यवस्था हम करेंगे। आप मेरा नंबर रख लीजिए। आप छत्तीसगढ़ आने के बाद मुझे फोन करिये और आप अपने साथ मस्कट में हुए वाकये के बारे में बताइये। आपको जिन लोगों ने धोखा दिया, उस मामले की तह में जाकर कार्रवाई की जाएगीउल्लेखनीय है कि दुर्ग जिले की निवासी जे. मुकेश ने पुलिस को आवेदन दिया कि उनकी पत्नी खुर्सीपार निवासी जोगी दीपिका नामक महिला को घरेलू काम दिलाने के बहाने हैदराबाद निवासी अब्दुल्ला नामक व्यक्ति ने ओमान देश की राजधानी मस्कट निवासी हाफिजा के घर गत वर्ष मई 2023 में भेजा था, जहां जोगी दीपिका को बंधक बनाकर रखा गया था तथा दीपिका का पासपोर्ट , वीजा संबंधित सारे दस्तावेज़ भी रख लिए गए थे तथा उसे भारत वापस भेजने रकम की भी मांग की जा रही थी। यह विषय जैसे ही उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के संज्ञान में आया। उन्होंने स्वतः पहल करते हुए पुलिस को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# प्लेट मिल में गुणवत्ता सुधार के लिए व्यापक अनुरक्षण कार्य जारी



**भिलाई, 8 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात सयंत्र में प्लेट मिल के उन्नयन हेतु रफिंग एवं फिनिशिंग स्टैंड के ज्यामिति में सुधार के लिए 42 दिनों का शटडाउन लिया गया है। यह कैपिटल रिपेयर का कार्य 10 जनवरी से प्रारंभ होगा। इस दौरान प्लेट मिल के रिहिटिंग फर्नेस का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। मिल में प्लेट की प्रोफाइल में सुधार हेतु दोनों लेवेलर का तथा प्लेट की एड्ज की गुणवत्ता में सुधार हेतु पहली बार क्रास कट शियर -1 का नवीनीकरण किया जा रहा है। बढ़ते डिस्पैच के अनुरूप शिपिंग एरिया में क्रेन न 26 एवं 29 का नवीनीकरण किया जा रहा है। साथ ही एल टी रेल तथा एम टी एल का प्रतिस्थापन तथा लाइन न. 409 बी का विस्तारीकरण किया जा रहा है। प्लेट मिल में पहली बार 25 मीटर की ऊंचाई पर स्थित 2000 मि मी व्यास के गैस पाइप लाइन को भी बदला जा रहा है। इस लंबे कैपिटल रिपेयर की एकरसता से उबरने एवं लोगों में नई ऊर्जा के संचार हेतु समस्त अधिकारियों के लिये प्लेट मिल सभागार में ब्रह्माकुमारी बहनों के सौजन्य से स्ट्रेस मैनेजमेंट सत्र का आयोजन किया गया। स्ट्रेस मैनेजमेंट सत्र को ब्रह्माकुमारी सुश्री प्राची ने संबोधित किया और अपने आतंरिक ऊर्जा को सशक्त कर बेहतर निष्पादन देने हेतु प्रोत्साहित किया।

एक नजर

### अग्निवीर भर्ती के लिए 8 फरवरी से ऑनलाइन आवेदन

**रायपुर, 8 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर ने जानकारी दी है कि अग्निवीरों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की जा चुकी है जोकि भारतीय सेना की वेबसाइट- www.joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध है। अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेड्समैन (08th × 10th Pass), महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरु, नर्सिंग सहयोगी और हवलदार एस.ए.सी. के पदों के लिए अधिसूचना जारी की गई है। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया कल, 08 फरवरी, 2024 से प्रारम्भ होकर 21 मार्च, 2024 तक खुली रहेगी। अग्निवीर क्लर्क के पद का नाम परिवर्तित किया गया है, अब उसे अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट कहा जाएगा। अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन परीक्षा के समय टाइपिंग टेस्ट भी देना होगा। ऑनलाइन परीक्षा 22 अप्रैल, 2024 के बाद आयोजित होने की संभावना है। इस साल बस्तर संभाग के लिए जगदलपुर में ऑनलाइन परीक्षा केंद्र स्थापित किया जा रहा है। भर्ती संबंधी जानकारी और समस्या के समाधान के लिए सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर के टेलीफोन नंबर- 0771-2965212 अथवा 0771-2965213 पर संपर्क किया जा सकता है।

### महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाना हम कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी : डब्बू चांडक

**मोहला, 8 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** पिछले दिनों प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा व्दारा मोदी की गारंटी अंतर्गत महतारी वंदन योजना लाँच किया गया था। इस योजना अंतर्गत शादीशुदा महिलाओं को 12 हजार रुपये सालाना देने का वादा किया गया था। इस योजना से भाजपा को बड़ी सफलता मिली। अब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही इस योजना को लागु करने अमलीजामा पहनाया जा रहा हैं। वहीं भाजपा युवा नेता डब्बू चांडक प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि महतारी वंदन योजना हमारी सरकार की महती योजना है। मोदी की गारंटी में शामिल महतारी वंदन योजना हेतु पिछले दिनों हमारी सरकार व्दारा तीन दिनों के विधानसभा सत्र के अनुरूप बजट में इस योजना हेतु पैसों की व्यवस्था कर इस लागू किया गया हैं। अब अधिक से अधिक महिलाओं को इस योजना का लाभ दिलाना हम भाजपा कार्यकर्ताओं की प्राथमिकता है। डब्बू चांडक ने कहा कि चुनाव के वक्त मोदी की गारंटी के तहत किये एक एक वादों को पुरा किया जा रहा है। प्रदेश मे बीजेपी की सरकार बनते ही एक माह के भीतर ही 18 लाख गरीबों के आवास, किसानों को दो साल का बोनस, 21 क्विंटल धान खरीदी के वादों को पूरा किया गया हैं। अब महतारी वंदन योजना को भी लागु किया जा रहा है। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से सभी ज़िला कलेक्टरों एवं जिला कार्यक्रम अधिकारियों को पत्र लिखकर ज़रूरी दिशा निर्देश जारी किया गया हैं।



### नागवंशी गोंड समाज ने रमन सिंह से की मुलाकात

**मोहला, 8 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** नागवंशी गोंड़ समाज के सामाजिक पदाधिकारियों के साथ पुर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से विधानसभा भवन में व मुख्यमंत्री माननीय बिष्णु देव साय जी से पहुना में सौजन्य मुलाकात कर क्षेत्र की वर्तमान स्थिति परिस्थिति से अवगत कराकर नागवंशी गोंड़ समाज द्वारा आयोजित वार्षिक कार्यक्रम में मोहला आने व आतिथ्य स्वीकार करने निवेदित किया गया।इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष गोंड समाज रमेश हिडामे महासभा महासचिव संजीत ठाकुर लखन कलामे दरोगा नेताम छबीलाल सलाम पंचम सिंह परतेती भुनेष मंडावी पदुमसिंह नेताम देवप्रसाद कडियाम बोहरन सिंह हुर्रा जनक लाल तोप्पा और अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### चरमुड़िया मे त्रिदिवसीय मानस गान प्रतियोगिता 9 से

**कुरुद, 8 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** कुरुद के समीपस्थ ग्राम चरमुड़िया तहसील कुरुद जिला धमतरी मे रामायण आयोजक समिति चरमुड़िया के तत्वावधान एवम समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से त्रिदिवसीय संगीमय मानस गान प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है।9,10 एवम 11 फरवरी को मानसगान रखा गया है।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी मण्डली को2501 ,द्वितीय को2001,तृतीय को1501,चतुर्थ को1001 एवम पांचवे मंडली को701 रुपये पुरस्कार दिया जाएगा,साथ ही सभी प्रस्तुत मण्डलियों को सान्तवना पुरस्कार भी प्रदान किया जावेगा।

# जशपुर के मेधावी विद्यार्थियों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही

**रायपुर ■ तरुण छत्तीसगढ़**



इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाईजेशन की एक्सपोजर विजिट से लौटे जशपुर के मेघावी बच्चों ने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्यवाही देखी। इन बच्चों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से भी मुलाकात की। देश के ख्यातिलब्ध उत्कृष्ट तकनीकी संस्थानों का भ्रमण करने के बाद बच्चे काफी उत्साहित हैं। मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देश पर आदिवासी बहुल जशपुर जिले के बच्चों को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष विज्ञान तथा अनुसंधान के अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इसरो और आईआईटी मद्रास के भ्रमण पर भेजा गया था। बच्चों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि अध्ययन भ्रमण के दौरान उन्होंने वैज्ञानिकों और आईआईटी के छात्रों से मुलाकात की और कहा कि हम भी उन्ही की तरह परीक्षा उत्तीर्ण कर उच्च शिक्षण संस्थान में अध्ययन कर अपने जिले और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। अध्ययन भ्रमण से लौटने के बाद जशपुर जिले के 43 मेघावी छात्र-छात्राओं ने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा का भ्रमण कर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से विधानसभा में मुलाकात की। जशपुर जिले के ये छात्र-छात्राएं स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल पत्थलगांव, बगीचा और जशपुर, संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी और जशपुर तथा उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला बगीचा के कक्षा 11वीं के छात्र हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शैक्षणिक भ्रमण करके आप लोग आज यहां विधानसभा का भ्रमण करने आये हैं। इसके लिए आप लोगों को बहुत बहुत बधाई। मुख्यमंत्री ने बच्चों से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिखी गई किताब ''एग्जाम वारियर्स'' के बारे में पूछा। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने घोषणा की कि अगले शैक्षणिक सत्र से 9वी से 12 वीं तक के विद्यार्थियों को ''एग्जाम वारियर्स'' किताब का निःशुल्क वितरण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि वे लगन और मेहनत के साथ परीक्षा की

# आवास निर्माण बिना किसी शिकायत के समय सीमा में पूरा करें:आयुक्त

**राजनांदगांव 8 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज प्रधानमंत्री आवास योजना के अधिकारियों तथा वास्तुविद की सयुक्त बैठक ली। बैठक में मोर जमीन मोर मकान योजना के तहत हितग्राहियों के आवास निर्माण बिना किसी शिकायत के समय



सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। आयुक्त श्री गुप्ता ने बैठक में मोर जमीन मोर मकान के तहत सभी स्वीकृत आवासों को जल्द से जल्द प्रारंभ करने हेतु पिछली बैठक में निर्देशित किया गया था उस पर चर्चा करते हुए प्रत्येक वास्तुविदों से व्यक्तिगत चर्चा कर सौंपे गये कार्य की प्रगति की जानकारी लेकर कहा कि शासन द्वारा आवास निर्माण का कार्य मार्च माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिये है। मार्च 21 से पूर्व अप्रारंभ आवासों के संबंध में सभी वास्तुविदों ने जानकारी दी कि उनके शेष बचे अप्रारंभ आवास सभी प्रारंभ हो गये और जो आवास प्रारंभ नही हो पाये उन्हे डीपीआर से नाम काटने हेतु सूचीबद्ध करके शासन को भेजने की तैयारी की गई है। पूर्ण आवास हेतु संतोषप्रद प्रगति प्राप्त न होने पर आयुक्त ने सख्ती से कहा कि, 29 मार्च 2024 तक सभी आवासों को पूर्ण करे। आयुक्त श्री गुप्ता ने लापरवाही से कार्य करने वाले वास्तुविदों के कार्य को अन्य किसी वास्तुविदों को सौंपने हेतु सीएलटीसी अंकुर मिश्रा को निर्देश दिये तथा जिन आवासों के कार्य प्रगतिरत है, उन आवासों के लिये स्तरबंद्ध जीओ टैकिंग कर जल्द भुगतान करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव निकाय के विभिन्न वार्डो में योजनांतर्गत, आवासों का निर्माण करने वाले हितग्राहियो को आवास प्रारंभ करने के पूर्व ही नियमानुसार निर्धारित 30 वर्गमीटर कार्पेट क्षेत्र में निर्माण करने की जानकारी संबंधित वास्तुविद आवश्यक रूप से देवे। इसके अलावा अतिरिक्त निर्माण करने वाले हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा शुल्क जमा करने की जानकारी उपलब्ध करावे। नगरीय निकाय मंत्री माननीय अरूण साव जी द्वारा भी प्रधानमंत्री आवास योजना के काम में गति लाकर समय सीमा में आवास निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिये है, उन्होंने कहा है कि हितग्राही मूलक योजना में लापरवाही न हों। उन्होंने सभी वास्तुविदों से उनके द्वारा किये जा रहे आवास निर्माण की चरणबद्ध जानकारी लेते हुये कहा कि छज्जा स्तर के आवासों को फरवरी 2024 तक पूर्ण करे साथ ही मार्च 2022 के बाद स्वीकृत आवासों को 10 फरवरी 2024 तक प्रारंभ करे.

## एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट रायपुर को जटिल हृदय रोग के इलाज में मिली बड़ी सफलता




**रायपुर**

पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सालय से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट (एसीआई) में कॉर्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव एवं टीम ने ट्रांसकैथेटर माइट्रल वाल्व इम्प्लांट (टीएमवीआर) वॉल्व इन वॉल्व प्रक्रिया के जरिए एक 70 वर्षीय महिला मरीज की जिंदगी बचाई। इस प्रक्रिया के साथ एसीआई पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में मरीज की छाती पर बिना किसी चीरे के माइट्रल वाल्व रिप्लेसमेंट प्रक्रिया को पूरा करने वाला पहला और एकमात्र संस्थान बन गया। डॉ. स्मित श्रीवास्तव के अनुसार माइट्रल वाल्व को रोगी की जांघ की नसों के माध्यम से एंजियोप्लास्टी में हृदय की नसों में स्टेंट लगाने के समान प्रक्रिया द्वारा प्रत्यारोपित किया गया। मरीज़ को 26 एम. एम. का माइट्रल वॉल्व लगाया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस उपलब्धि के लिए एडवांस कॉर्डियक इंस्टीट्यूट की पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल, डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल से संबद्ध एडवांस कॉर्डियक इंस्टीट्यूट जटिल हृदय रोग के सफल इलाज में अपनी नई पहचान स्थापित कर रहा है। मरीज गंभीर माइट्रल रेगर्गिटेशन (एमआर) से पीड़ित था, जो एक सामान्य हृदय रोग है जिसके लिए आम तौर पर ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता होती है। मरीज को 6 फरवरी 2024 को कॉर्डियोलॉजी विभाग, एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट में नॉन इनवेसिव प्रक्रिया से गुजरना पड़ा और सिर्फ दो दिनों के बाद सुरक्षित रूप से डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।

## दुर्ग संभाग के रामभक्तों को लेकर आस्था स्पेशल ट्रेन अयोध्या रवाना

# राम लला के दर्शन का सौभाग्य मिल रहा है नेतृत्व की इच्छा शक्ति के कारण:किरण सिंहदेव

**रायपुर 8 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

दुर्ग रेलवे स्टेशन से आस्था स्पेशल ट्रेन अयोध्या के लिए दुर्ग संभाग के 20 विधानसभा के आम जनमानस और कार्यकर्ताओं के साथ रवाना हुई ट्रेन को कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ,दयाल दास बघेल बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव राम मंदिर दर्शन समिति के प्रदेश संयोजक एवं विधायक धरमलाल कौशिक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान विधायक ललित चंद्राकर, गजेंद्र यादव ,ईश्वर साहू भाजपा प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा भाजपा मीडिया प्रभारी प्रदेश अमित चिमनानी, भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ,महेश वर्मा उपस्थित रहे। यात्रा करने वालों में राम भक्त ढोल मंजीरे मंजर लेकर जय श्री राम के घोष के साथ बड़ी उत्सुकता के साथ रवाना हुए पूरा दुर्ग रेलवे स्टेशन कहे तो राम मय हो चुका था। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की योजना और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रयास से प्रदेश में आस्था स्पेशल ट्रेन की प्रथम यात्री ट्रेन आज राम भक्तों को लेकर दुर्ग से रवाना हुई। 500 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद यह अविस्मरणीय पल है कई पीढ़ियां गुजर गई राम लला के दर्शन के इंतजार में और दर्शन का सौभाग्य तो प्रधानमंत्री ने नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार के इच्छा शक्ति के कारण मिला। मैं जाने वाले समस्त राम भक्तों स्वागत अभिनंदन करता हूं साथ ही प्रभु श्री राम से कामना करता हूं देश एवं प्रदेश में अपना स्नेह आशीर्वाद बनाए रखें। कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के भांचा श्री राम के ननिहाल से प्रथम ट्रेन रवाना हो चुकी है और अपने भांचा के दर्शन को ललायित छत्तीसगढ़ वासी है सबके मन में उनके प्रत्यक्ष दर्शन को लेकर उत्सुकता है आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में आस्था स्पेशल ट्रेन अन्य यात्रियों को भी लेकर जाएगी हम लोगों ने चुनाव के पूर्व ही स्पष्ट कर दिया था कि भारतीय जनता पार्टी अपने भांचा श्री राम के दर्शन करवाएगी। कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि देश के प्रमुख विपक्षी पार्टिया हमेशा हमसे कहती थी मंदिर कब बनवाओगे ,आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार के द्वारा अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण कर प्रभु श्री राम की मूर्ति की स्थापना हो चुकी है प्रभु श्री राम की मनोहरम मूर्ति देखकर मन प्रफुल्लित एवं आनंदित हो जाता है। राम मंदिर दर्शन समिति के प्रदेश संयोजक एवं पूर्व विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि दुर्ग संभाग के 20 विधानसभा के लगभग 1340 से अधिक लोग आज आस्था स्पेशल ट्रेन से अयोध्या के लिए रवाना हुए हैं आने वाले दिनों में प्रदेश के अन्य स्टेशनों से राम भक्त आस्था स्पेशल ट्रेन के माध्यम से रवाना होंगे पूर्व में भी जानकारी प्रदान की गई थी कि उनके आने जाने और रहने और खाने की व्यवस्था ट्रेन मे आईआरटीसी के द्वारा की जाएगी और अयोध्या में स्थानीय प्रशासन के सहयोग से सारी व्यवस्थाएं होंगी। प्रत्येक यात्री इस यात्रा को लेकर उत्सुक है और अपने भांचा श्री राम के मुख दर्शन को ललायित भी है स्टेशन में जिला महामंत्री सुरेंद्र कौशिक, उपाध्यक्ष नटवर ताम्रकार राजेंद्र कुमार, प्रवक्ता दिनेश देवांगन मीडिया प्रभारी राजा महोबिया शह मीडिया प्रभारी राकेश दुगड समस्त दुर्ग संभाग के अंतर्गत आने वाले विधानसभा के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## निर्माण कार्य देख जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करने के दिये निर्देश

**राजनांदगांव ,8 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज प्रातः उपायुक्त श्री मोबिन अली तथा तकनीकी व स्वास्थ्य अधिकारी के साथ वार्ड नं. 18 एवं 19 में सफाई तथा निर्माण कार्य का निरीक्षण कर सफाई कर्मियों से सफाई संबंधी चर्चा की एवं निर्माण कार्य



देख गुणवत्ता के साथ जनभावनाओं के अनुरूप कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। विकसित भारत संकल्प यात्रा द्वितीय चरण के कल के शिविर के लिए मोतीपुर स्कूल मैदान तथा ठा. प्यारेलाल सिंह स्कूल मैदान का निरीक्षण भी किया। आयुक्त श्री गुप्ता 18 एकड़ एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर कचरा पृथककरण की जानकारी लेकर सेंटर में साफ सफाई तथा अन्य व्यवस्था सुचारू रूप से होने पर प्रसन्नता व्यक्त किये, उन्होने स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल से कहा कि, कई सेंटरों में कचरा पृथककरण की गति कम है जिसे बढ़ावें एवं घर में ही कचरा पृथक करने लोगो को समझाईस देने स्वच्छता दीदीयों को निर्देशित करें। उन्होने पूनम कॉलोनी ममता नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था देख सफाई कर्मियों से चर्चा किये। उन्होने हाजरी रजिस्टर चेक किया तथा अनुपस्थित कर्मचारियों के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा सफाई कर्मियो से कार्य करने का समय पुछकर निर्धारित समय तक कार्य करने, सड़को व गलियों की नियमित सफाई कर कचरा उठाने के निर्देश दिये।

## राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण की तर्ज पर हर माह अब रायपुर के सभी वार्डों की भी होगी रैंकिंग

**रायपुर,8 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नगरीय निकायों की राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के अनुरूप अब हर माह रायपुर नगर निगम के सभी वार्ड की भी स्वच्छता रैंकिंग होगी। इस हेतु गठित ज्यूरी में व्यापारी संगठनों, एनजीओ, शिक्षण संस्थाओं, अस्पताल प्रबंधन आदि के पदाधिकारी भी शामिल रहेंगे। नगर निगम प्रत्येक माह की 10 तारीख को यह रैंकिंग जारी की जाएगी एवं साल के अंत में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तीन वार्डों को नगर स्तरीय आयोजन में सम्मानित किया जाएगा। रायपुर नगर निगम द्वारा शहरी क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने विविध कार्य योजनाओं के तहत निरंतर कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। स्थानीय कॉलोनियों की स्वच्छता रैंकिंग की योजना तैयार कर 10 फरवरी तक पंजीयन हेतु बिल्डर्स व रेसिडेंशियल वेलफेयर सोसायटी को प्रेरित किया जा रहा है। अब तक 60 कॉलोनियों ने इस स्वच्छता रैंकिंग व क्लीन ग्रीन अवार्ड के लिए स्वयं को पंजीकृत भी करा लिया है। इस हेतु शेष कॉलोनियों से कहा गया है कि नगर निगम की वेबसाइट की लिंक https://nagarnigamraipur.nic.in पर जाकर क्लीन ग्रीन अवार्ड हेतु अपना पंजीयन 10 फरवरी से पहले करा लें।

## महापौर ने की बजट की समीक्षा

**राजनांदगांव ,8 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने आज अपने कक्ष में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता की उपस्थिति में बजट क्रियान्वयन के संबंध में बिंदूवार चर्चा कर



कार्य के संबंध में जानकारी लेते हुये शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने बजट प्रावधानानुसार जो कार्य किये जा रहे है उनकी प्रगति की जानकारी ली और दीर्घकालीन योजनाएं जिनके प्रस्ताव शासन को भेजे गए है, उस संबंध में भी उन्होने जानकारी ली। बजट प्रावधान के संबंध में महापौर श्रीमती देशमुख ने बताया कि छत्तीसगढ़ महतारी की दो स्थानों पर प्रतिमा स्थापित की गई। खेलकुद का वार्ड स्तर पर आयोजन के तहत् छत्तीसगढ़ ओलंपिक ठाकुर प्यारे लाल स्कूल में कराया गया। राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से वार्ड स्तरीय खेलकुद एवं छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीत एवं नृत्य पर सांस्कृतिक कार्यक्रम वार्डो में आयोजित किये गये। इसके अलावा प्रस्ताव अनुसार नगरीय क्षेत्रों रामायण प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा साहित्यकारों का सम्मान भी किया गया। अन्य प्रावधानों अनुसार चैक चैराहों का सौदर्यीकरण भी मांग अनुसार किये जा रहे है। विकास कार्यो में डामरीकरण सीमेन्टीकरण कराया गया।

## अडानी को फायदा पहुंचाने कोयला परिवहन नीति बदली : कांग्रेस

**रायपुर,,8 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** भाजपा सरकार द्वारा कोल परिवहन की अनुमति फिर से ऑनलाइन किये जाने को कांग्रेस ने अडानी को फायदा देने वाली नीति बताया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार केंद्र के रिमोट से संचालित है, अब फिर से ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू करके कोल परिवहन में छत्तीसगढ़ के हिस्से की राशि के लिए पूरी तरह से केंद्र के नियंत्रण पर आश्रित व्यवस्था लागू कर दी गई है। खनिज संसाधन छत्तीसगढ़ और नियंत्रण मोदी, शाह, अडानी का? यह है साय सरकार की नीति। दरअसल भाजपा का रवैया छत्तीसगढ़ के आर्थिक हितों के खिलाफ है। कोल की रायल्टी के पेनल्टी का छत्तीसगढ़ के हक का बकाया 4140 करोड़ वर्षों से केंद्र की मोदी सरकार के पास लंबित है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि केवल कोल परमिट की व्यवस्था ऑनलाइन कर देना पारदर्शिता की गारंटी नहीं हो सकती है, पूर्ववर्ती भाजपा की सरकार ने तो ऑनलाइन टेंडरिंग में भी 6000 करोड़ का घोटाला किया था, जिस कंप्यूटर से निविदा निकाली गई थी उन्हीं कंप्यूटर से निवेदन जमा भी कर दी गई थी। कोल परिवहन में ऑनलाइन परमिट संग्रहित राशि सीधे केंद्र के पास जाता था, राज्य का हिस्सा मिलने में अनावश्यक विलंब होता था, केंद्र की मोदी सरकार दुर्भावना पूर्वक राज्य के हक की राशि रोके रखती थी, जिसके कारण से पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने कोल परिवहन में मैन्युअल एनओसी जारी करने का प्रावधान किया था जिसमें कलेक्टर के माध्यम से एनओसी जारी की जाती थी जिससे राज्य के हक का पैसा तत्काल राज्य सरकार के कोष में जमा होने लगा था। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कोल परिवहन में पुराने नियम में गड़बड़ी बताना भाजपा का षड़यंत्र है। कोल परिवहन के लिए एसईसीएल मापदंड तय करता है, 2018 से 2023 के बीच जो भी दरें तय हुए वह टेंडर के जरिए ही हुए, 2012 की तुलना में कम दरों पर परिवहन हुआ, ऑनलाइन टेंडर जारी किए गए, देशभर के पत्र पत्रिकाओं में टेंडर का प्रकाशन हुआ कहीं कोई गड़बड़ी नहीं हुई, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के नेता केवल छत्तीसगढ़ को बदनाम करने अनर्गल आरोप लगा रहे हैं।

## महतारी वंदन योजना का फार्म भरने के लिए महिलाओं में दिख रहा है उत्साह

**राजनांदगांव ,8 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़)।** जिले में महतारी वंदन योजना अंतर्गत फार्म भरने के लिए महिलाओं में खुशी एवं उत्साह है। शासन की योजना के प्रति जागरूकता की यह बानगी प्रेरक है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज छुरिया विकासखंड के ग्राम घोघरे एवं नगर पंचायत छुरिया के आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचकर महतारी वंदन योजना अंतर्गत भरे जा रहे आवेदन पत्र की स्थिति का जायजा लेने पहुंचे। कलेक्टर ने कहा कि महतारी वंदन योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। जिसके माध्यम से शासन द्वारा महिलाओं को आर्थिक दृष्टिकोण से मजबूत बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने महिलाओं से कहा कि महतारी वंदन योजना अंतर्गत प्राप्त राशि का उपयोग अपने स्वास्थ्य, पोषण और सशक्तिकरण के लिए करें। उन्होंने सभी महिलाओं को स्वसहायता समूह के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों से जोडने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में महतारी वंदन योजना के फार्म भरवाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। महिलाओं ने इस योजना का लाभ लेने के लिए आज 25 हजार 832 फार्म भरे हैं। अब तक कुल 58 हजार 568 आवेदन जमा किए गए हैं। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आंगनबाड़ी केन्द्रों में पर्याप्त संख्या में फार्म रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में फार्म भरने में महिलाओं को दिक्कत नहीं होनी चाहिए। वार्ड एवं ग्राम पंचायतों में पर्याप्त फार्म होना चाहिए। महिलाओं को फार्म भरने में मार्गदर्शन दें एवं इसके लिए आवश्यक दस्तावेज के संबंध में जानकारी प्रदान करें।

# पेट्रोलियम स्पोर्ट्स को एयरफोर्स ने 5-1 गोल से हराकर जीती महंत राजा सर्वेश्वर दास हॉकी प्रतियोगिता

**राजनांदगांव 8 फरवरी ■ तरुण छत्तीसगढ़**

80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता 2024 का फायनल मैच एकतरफा रहा। जिसमें इंडियन एयर फोर्स नई दिल्ली ने पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड नई दिल्ली को 5-1 गोल से हराकर प्रतियोगिता के खिताब पर कब्जा कर लिया। तीसरे व चौथे स्थान के लिए खेला गया मैच भी एकतरफा रहा। जिसमें आर्मी स्पोर्ट्स कन्ट्रोल बोर्ड नई दिल्ली ने सेल हॉकी अकादमी राउरकेला को 7-2 गोल से हराकर तीसरे स्थान पर रही। दिग्विजय स्टेडियम समिति द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली गई, 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के फायनल मैच में एयर फोर्स नई दिल्ली ने पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड नई दिल्ली को 1 गोल के मुकाबले 5 गोल से शिकस्त दी। मैच के 6वें मिनट में पेट्रोलियम बोर्ड ने गुरजिंदर सिंह द्वारा पेनाल्टी कार्नर द्वारा किए गये गोल से बढ़त बना ली थी, लेकिन 7वें ही मिनट में एयर फोर्स ने पेनाल्टी कार्नर बनाया, जिस पर एम.बी. करियप्पा ने गोल कर मैच 1-1 गोल की बराबरी पर ला दिया था। खेल के चौथे क्वार्टर के 57वें मिनट व 60वें मिनट में एयर फोर्स के राहुल कुमार राजभर ने शानदार मैदानी गोल करते हुए 5-1 गोल से निर्णायक बढ़त के साथ विजय बनाकर प्रतियोगिता के खिताब पर कब्जा कर लिया। इसके पहले खेले गये तीसरे व चौथे स्थान के मैच आर्मी इलेवन ने सेल राऊरकेला को आसानी से 7-2 गोल से हराया मैच में पहले सेल की ओर से 8वें व 19वें मिनट में कप्तान सोनू निषाद ने




गोल कर अपनी टीम को 2-0 गोल की बढ़त दिला दी थी, लेकिन इसके बाद सेल इस बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी और मैच में आर्मी इलेवन के खिलाड़ियों ने रणनीति बदलते हुए मैच के 24वें मिनट में हरमन सिंह ने और 35वें मिनट में जगजोत सिंह ने गोल कर मैच 2-2 गोल की बराबरी पर ला दिया। इसके बाद तो आर्मी के खिलाड़ियों ने एक के बाद एक लगातार 5 गोल और किए यह गोल 44वें मिनट में हरमन सिंह 47वें मिनट में रंजत 49वें मिनट में मनीष राजभर 55वें मिनट में सुमित पाल सिंह ने और 58वें मिनट में रंजन ने गोल कर अपनी टीम को 7-2 गोल से विजय बनाते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया और सेल चौथे स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण करते हुए खेल मंत्री श्री टंकराम वर्मा एवं अन्य अतिथियों ने विजेता टीम को आयोजन समिति द्वारा विशाल चांदी की ट्रॉफी एवं छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के पूर्व अध्यक्ष श्री बल्देव सिंह भाटिया द्वारा प्रदत्त 5 लाख रूपए, आयोजन समिति द्वारा उपविजेता टीम को विशाल चांदी की ट्रॉफी एवं समाजसेवी बहादुर अली द्वारा प्रदत्त 3 लाख रूपए, तृतीय स्थान प्राप्त टीम आर्मी इलेवन सी.एन. तिवारी ट्रॉफी एवं श्री रमेश नरेश डाकलिया द्वारा प्रदत्त 51 हजार रूपए और चौथा पुरस्कार सेल अकादमी को अंतर्राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी श्री मृणाल चौबे द्वारा प्रदत्त ट्रॉफी एवं 21 हजार रूपए प्रदान किया गए। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार एयर फोर्स के पी.ई पोन्नना को पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग द्वारा प्रदत्त आकर्षक ट्रॉफी एवं 5 हजार रूपए, श्री राजेश जैन द्वारा प्रदत्त मेन ऑफ द मैच एवं मेन ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार दिया गया।

## संपादकीय

# उध्दव के हश्र से पवार ने सबक नहीं लिया

राजनीति में समझदार तो उसे ही कहा जाता है जो बदलते वक्त को समझता है, उसी के अनुसार फैसले करता है और फायदे में रहता है। राजनीति तो अपने फायदे के लिए की जाती है। किसी ने सच कहा है कि राजनीति विचारधारा नहीं वर्चस्व के लिए की जाती है। जिसका वर्चस्व रहता है, राजनीति भी उसी की चलती है। वही प्रदेश व देश की राजनीति तय करता है। एक वक्त था जब देश की राजनीति में कांग्रेस का वर्चस्व था तथा वही देश व प्रदेश की राजनीति तय करती थी। देश व प्रदेश में जिस पार्टी का वर्चस्व होता है, उसी की विचारधारा भी प्रभावी होती है। सब उसे ही स्वीकारते हैं। कांग्रेस के वर्चस्व के समय उसकी धर्मनिरपेक्षता की विचारधारा प्रभावी थी तथा जो इस विचारधारा का विरोध करते थे, वह राजनीति की मुख्य धारा में नहीं आ पाते थे. ऐसी पार्टी थी भाजपा। कांग्रेस के वर्चस्व के समय कांग्रेस ने अपने राजनीति प्रभाव का इस्तेमाल कर भाजपा को बरसों राजनीति की मुख्य धारा से बाहर रखा था। वह देश की राजनीीतिक रूप से अछूत पार्टी मानी जाती थी कोई दल उसके साथ चुनावी समझौता तक नहीं करता था। उसके साथ मिलकर चुनाव लड़ने को तैयार नहीं होता था। यह होता है एक राजनीतिक दल की वर्चस्व की राजनीति का परिणाम। तब कांग्रेस को बड़ा अच्छा लगता था कि देश की राजनीति पर उसका वर्चस्व है। देश की राजनीति की दिशा वही तय करती है और सारे दल उसे मानते हैं। कांग्रेस की इसी वर्चस्व की राजनीति का परिणाम है कि कांग्रेस के साथ वही हो रहा है जो उसने कभी भाजपा के साथ किया था। कहते हैं कि इतिहास अपने को दोहराता है। देश में इतिहास फिर अपने को दौहरा रहा है। आसार पूरे हैं कि आने वाले दिनों कांग्रेस के साथ कोई दल खड़ा होना पसंद नहीं करेगा। क्योंकि उसका परिणाम तो बुरा हुआ है। एक नहीं दो दलों के साथ बुरा हुआ है। एक हैं महाराष्ट्र की शिवसेना और दूसरी है शरद पवार की एनसीपी। इनके साथ बुरा इसलिए हुआ है क्योंकि इन्होंने महाराष्ट्र में कांग्रस के सथ खड़े होने की गलती की। इन दोनों दलों का महाराष्ट्र में अच्छा खासा राजनीतिक प्रभाव था। लेकिन कांग्रेस के साथ खड़े होने की गलती की और सब कुछ खत्म हो गया है। दोनों सत्ता चले जाने के बाद अपनी पार्टी को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। दोनों समझ नहीं पाए कि भाजपा क्या चाहती है और वह क्या कर सकती है। दोनों समझ नहीं पाए कि भाजपा चाहती है कि कांग्रेस को अकेला कर दिया जाए। ठीक उसी तरह अकेला कर दिया जाए जैसे कांग्रेस ने कभी भाजपा को देश की राजनीति में कर दिया था। कांग्रेस ने भाजपा को सांप्रदायिक पार्टी घोषित कर दिया था। इससे कोई राजनीतिक उसके साथ खड़ा तक होना पसंद नहीं करता था। इसी बात का बदला आज भाजपा कांग्रेस से लेना चाहती है। वह भी कांग्रेस आज की राजनीति में अकेला कर देना चाहती है ताकि वह अकेले राजनीति में कुछ न कर सके।धीरे धीरे कमजोर हो कर एक दिन समाप्त हो जाए। उध्दव ठाकरे व शरद पवार ने कांग्रेस को महाराष्ट्र में ताकत देने का प्रयास किया। यही बात भाजपा को पसंद नहीं आई और उसने सही वक्त का इंतजार किया और वक्त आने पर शिवसेना व एनसीपी के सुप्रीमों को गलती के लिए ऐसा सबक सिखाया है कि वह कभी भूलेंगे नहीं । दोनों की वह पार्टी टूट गई है जिस पर कभी वह घमंड किया करते थे। वह सोचते थे कि शिवसेना व एनसीपी के बगैर कोई महाराष्ट्र में राजनीति नहीं कर सकता। आज दोनों की स्थिकि कांग्रेस से बदतर हो गई है। कांग्रेस आज शिवसेना उध्दव से खुद को महाराष्ट्र में मजबूत मानती है, वह चाहती है कि लोकसभा सीटों का बंटवारा उसके हिसाब से होना चाहिए क्योंकि वह दोनों दलों के ज्यादा मजबूत है, उसका मजबूत जनाधार है। अभी तक कांग्रेस को शिवसेना व एनसीपी के हिसाब से चलना पड़ता था अब कांग्रेस चाहेगी कि दोनों उसके हिसाब से चले क्योंकि भाजपा को टक्कर तो वही दे सकती है। यही सही भी है क्योंकि पार्टी का चुनाव चिन्हे न तो उध्दव ठाकरे के पास है न ही पवार के पास बचा है। चुनाव आयोग ने शरद पवार गुट से कहा है कि वह नए चुनाव चिन्हे के लिए आवेदन करें। शरद पवार भी आज उध्दव ठाकरे की तरह ठगे रहे गए हैं क्योंकि पार्टी तो उनकी है लेकिन उस पर सुनियोजित कब्जा अजीत पवार ने कर लिया है। उसे चुनाव आयोग ने जायज भी मान लिया है। आज शरद पवार व उध्दव ठाकरे को एहसास हो रहा होगा कि उनको भी कांग्रेस के साथ खड़ा नहीं होना था। नीतीश कुमार की तरह वह समय पर गलती सुधार नहीं

# मोदी के आत्मविश्वास से भरा आम चुनाव का गणित

**राजनीति**

**ललित गर्ग**



लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा के समय विपक्ष की ओर से उठाए गए सवालों का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मविश्वास एवं कर्मठता से भरकर कहा कि मैं ऐसे आँकड़ों में नहीं पड़ता लेकिन मैं देख रहा हूं कि देश का मिजाज भारतीय जनता पार्टी को 370 और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 से ज्यादा सीटें पार करवाकर रहेगा। भाजपा इस बार चुनावों में 400 पार का नारा दे रही है। 2019 चुनावों में भाजपा ने 303 सीटें जीती थीं। निश्चित ही इतने बड़े आंकडे की घोषणा करने के पीछे नरेन्द्र मोदी की सकारात्मक सोच, विकास की राजनीति एवं राष्ट्र-विकास का संकल्प है, वहीं विपक्ष एवं कांग्रेस की नकारात्मक सोच, विरोध के लिए विरोध और विभाजनकारी रवैया उसके लगातार कमजोर होने के कारण हैं। प्रधानमंत्री ने सीटों का जो आकलन किया है, वह सिर्फ इस बात का संकेत है कि भाजपा अपने तीसरे कार्यकाल को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है। उन्होंने उन अटकलों पर भी विराम लगा दिया, जिनमें कहा जा रहा है कि इंडिया गठबंधन के रूप एकजुट हुआ विपक्ष उनको चुनौती देगा, क्योंकि विपक्षी एकजुटता बिखर चुकी है।

मोदी ने संसद के भीतर जब अपने चुनावी लक्ष्य की बात कही तो इसने भाजपा कार्यकर्ताओं को ऊर्जा से भर दिया, वहीं विपक्ष के सामने आत्मचिन्तन का अवसर प्रदत्त किया। कांग्रेस को 10 साल के दौरान अच्छा विपक्ष बनने का मौका मिला लेकिन इसमें वह पूरी तरह विफल रही। स्वयं तो विफल रही ही, बल्कि विपक्ष में भी कुछ होनहार लोगों को उभरने नहीं दिया। कांग्रेस की नकारात्मक एवं संकीर्ण राष्ट्र-विरोधी राजनीति को देश की जनता महसूस करने लगी है। कांग्रेस किस तरह नकारात्मक राजनीति का शिकार है यह लोकसभा में ही तब देखने को मिला जब सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चैधरी ने बालाकोट में की गई एयर स्ट्राइक पर सवाल खड़े किए। ध्यान रहे ऐसे ही सवाल पाकिस्तान खड़े करता रहा है। आखिर उन्हें पाकिस्तान के स्वरों में स्वर मिलाने एवं उसको रास आने वाला बयान देने की जरूरत क्यों पड़ गई? ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, वह बार-बार कभी पाकिस्तान तो कभी चीन की तरफदारी करती रही है। मोदी विरोध के नाम पर वह राष्ट्र-विरोध पर उतरती रही है।

प्रधानमंत्री मोदी के इस विश्वास एवं दृढ़ता की अनेक वजहें है। एक बड़ी वजह हाल ही में साल 2023 के विधानसभा चुनावों में भाजपा की शानदार जीत दर्ज करना भी है। विशेषकर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ का परिणाम तो कल्पना से भी बाहर था। दूसरी वजह, रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा ने लोगों में एक नए जोश का संचार किया है। अंतरिम बजट में ही जिस तरह से आने वाले कुछ महीनों को लेकर नीतियों का एलान किया गया है, वह संकेत है कि भाजपा अपनी जीत को लेकर काफी आश्वस्त है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक एवं चमत्कारी जीत की संभावनाओं की और भी वजहें हैं, जिनमें प्रधानमंत्री के कार्यकाल की सुखद एवं उपलब्धिभरी प्रतिध्वनियां हैं, जैसे चांद एवं सूर्य पर विजय पताका फहरा देने के बाद धरती को स्वर्ग बनाने की मुहीम चल रही है, राष्ट्रीय जीवन में विकास की नयी गाथाएं लिखते हुए भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाने की ओर अग्रसर करना है। भारत अब विश्व-गुरु भी बनने की ओर गतिशील है। गत वर्ष 9 एवं 10 सितम्बर को जी-20 देशों का महासम्मेलन भारत में सफलतापूर्वक सम्पन्न होना भी भारत की विश्व स्तर पर मजबूत होने की स्थिति को दर्शा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस जिम्मेदारी को संभालने का अर्थ था भारत को सशक्त करने के साथ-साथ दुनिया को एक नया चिन्तन, नया आर्थिक धरातल, शांति एवं सह-जीवन की संभावनाओं को बल देना। नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा घोषित नई शिक्षा नीति की उपयोगिता एवं प्रासंगिकता धीरे-धीरे सामने आने लगी है एवं उसके उद्देश्यों की परते खुलने लगी है। भाजपा इसलिए भी आशान्वित है, क्योंकि जिस विपक्षी एकता की बात 2023 के मध्य से चल रही थी, उसमें दरारे पड़ती ही जा रही है। तमाम विपक्षी पार्टियां अपने-अपने ढंग से चुनाव लड़ने को तैयार हैं और कांग्रेस से उनकी खींचतान चल रही है। फिर, जहां-जहां भारतीय जनता पार्टी के लिए मुश्किलें खड़ी हो सकती थीं, वहां पार्टी ने अपने अनवरत प्रयासों से खुद को मजबूत बना लिया है, फिर चाहे वह महाराष्ट्र हो या बिहार।

कांग्रेस एवं विपक्षी दलों के पास भाजपा एवं मोदी विरोध का कोई सशक्त धरातल एवं मुद्दें नहीं है। वैसे तो हर एक का जीवन अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरा रहता है। लेकिन कांग्रेस का हर दिन कई विरोधाभासों के बीच बीत रहा है। कांग्रेस की उल्टी गिनतियां चल रही हैं। उसकी उल्टी गिनती तो लम्बी चलेगी। पर जनता के दिमाग में एक बात गहरे तक बैठी हुई है कि मोदी के नेतृत्व में सब कुछ बदल जाएगा, भारत सशक्त हो जायेगा, सब कुछ अच्छा हो जाएगा एवं सब कुछ श्रेष्ठ हो जाएगा। इसके विपरीत कांग्रेस की जनता पर पकड़ ढ़िली पड़ती जा रही है, उसके बयानों में कोई बुनियादी मुद्दें नहीं होते, बार-बार बेरोजगारी की चर्चा सुनने को मिलती है, जबकि 2014 से पहले इंफ्रास्ट्रक्चर का बजट केवल 12 लाख करोड़ के आसपास था।

बीते 10 सालों में बजट बढ़कर 44 लाख करोड़ हो गया है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि देश में कितनी नौकरियां पैदा हुई होंगी। आज युवाओं के लिए जितने नए अवसर बने हैं, ये पहले कभी नहीं बने। आज चारों तरफ स्टार्टअप्स की गूंज है, यूनिकॉर्न्स चर्चा में है। 2014 के पहले डिजिटल इकोनॉमी का साइज ना के बराबर था। आज भारत, दुनिया की अग्रणी डिजिटल इकोनॉमी है। लाखों युवा इससे जुड़े हैं और उनके सपनों को पंख लगे हैं। इसी तरह महिलाओं को सम्मानजनक जिन्दगी देने एवं उनके विकास को अग्रसर करने में मोदी सरकार ने व्यापक प्रयत्न किये हैं। एक संकल्प लाखों संकल्पों का उजाला बांट सकता है यदि दृढ़-संकल्प लेने का साहसिक प्रयत्न कोई शुरु करे। निश्चित ही अंधेरों, अवरोधों एवं अक्षमताओं से संघर्ष करने की एक सार्थक मुहिम प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 में शुरू हुई थी और उनका तीसरा कार्यकाल इन दृष्टियों से ऐतिहासिक होगा, यह आम जनता में पनप रहा विश्वास है।

मोदी ने अपने अब तक के कार्यकाल में जता दिया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति वाली सरकार अपने फैसलों से कैसे देश की दशा-दिशा बदल सकती है। कैसे राष्ट्र की सीमाओं को सुरक्षित रखते हुए पडौसी देशों को चेता सकती है, कैसे स्व-संस्कृति एवं मूल्यों को बल दिया जा सकता है। काशी हो या अयोध्या या ऐसे ही धार्मिक एवं सांस्कृतिक क्रांति के परिदृश्य- ये अजूबे एवं चैंकाने वाले लगते हैं। अयोध्या से नरेन्द्र मोदी ने जो संदेश दिया है, उसे केवल चुनावी नफा-नुकसान के नजरिये से नहीं देखना चाहिए, बल्कि एक सशक्त होते राष्ट्र के नजरिये से देखा जाना चाहिए। उनका यह कहना खास मायने रखता है कि सदियों की गुलामी के चलते भारत को जिस हीनभावना से भर दिया गया था, आज का भारत उससे बाहर निकल रहा है। यह स्थिति आगामी लोकसभा



चुनाव की जमीन बनेगी। स्पष्ट है, आम चुनाव में अब बहुत दिन शेष नहीं है, और दोनों मोर्चों की बिसात कमोबेश बिछ चुकी है। हालांकि, एक तरफ भाजपा जैसा सुगठित दल हैं, जिसके पास मोदी जैसा एक मजबूत नेतृत्व और स्पष्ट नजरिया है। जबकि उसे चुनौती देने वाले मोर्चे में फिलहाल काफी उथल-पुथल है। ऐसे में, यदि विरोधी खेमा नहीं चेता, तो प्रधानमंत्री ने जिन आंकड़ों के साथ जीत का दावा किया, वह यदि सच हो जाए, तो आश्चर्य नहीं होगा। प्रधानमंत्री पिछले 10 वर्षों के दौरान हासिल अपनी सरकार की उपलब्धियां न गिनाकर, विपक्ष और खासकर कांग्रेस पर तंज के तीर बरसाए, इसके पीछे उनका स्पष्ट राजनीति मकसद रहा है। प्रधानमंत्री मोदी यह बखूबी जानते हैं कि अपने प्रतिपक्षी को कभी कमतर नहीं आंकना चाहिए, फिर अगले लोकसभा चुनाव के महासंग्राम में जिस पार्टी से उनका सबसे अधिक सीटों पर आमना-सामना होना है, उसकी कमियों, उसके अंतर्विरोधों, उसकी नाकामयाबियों एवं नकारात्मक सोच को देश की जनता के सामने रखना अधिक प्रभावी एवं मनोवैज्ञानिक तरीका है, उस पर दबाव बनाने एवं उसे कमजोर साबित करने का। मोदी इसमें माहिर है एवं राजनीतिक परिवक्कता से भरे हैं।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखें। इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। आज आप कोशिश करेंगे कि आपका व्यवहार सभी के प्रति अच्छा हो और किसी की भावनाओं को भी ठेस न पहुचे। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आज आपको सोच-समझकर लेने चाहिए। घर के साथ कहीं मंदिर के दर्शन करने जाएंगे। कोर्ट-कचहरी के मामले में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मिलेगी। छात्रों के लिए आज का दिन ठीक रहने वाला है। मेहनत के बेहतर परिणाम मिलेंगे।

वृष राशि-आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपको काम को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी नहीं तो आपका काम अधूरा रह सकता है। जो लोग आपको अभी तक ताना दे रहे थे आज उनको कुछ कर दिखाने का दिन है, आप जिस भी काम को करेंगे उसमे आपको सफलता के योग बन रहे हैं। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला होगा। किसी कॉम्पिटिटिव एग्जाम से रिलेटेड शुभ समाचार मिलेगा। आज आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। आप दोस्तों के साथ कुछ खुशी के पल बिताएंगे। किसी खास व्यक्ति के सहयोग से आपको लाभ होगा। आज आपकी आय में बढ़ोतरी होगी।

मिथुन राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। व्यापार में आज आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। आज आपको पारिवारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा। आपका सही मार्गदर्शन घर के सभी सदस्यों के दिल में एक- दूसरे के प्रति प्यार बढ़ा देगा। आज किसी को दिए पैसे आपको मिल जाएंगे इससे आपको आर्थिक सपोर्ट मिलेगा साथ ही आप कुछ नया खरीदने का विचार करेंगे। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को आज किसी बड़ी कंपनी से कॉल आएगी।

कर्क राशि-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आज आप अपने व्यवहार को निखारने की कोशिश करेंगे। आपके कुछ कामों में अधिक समय लगेगा, जिससे आपको ऑफिस में देर तक रुकना पड़ेगा। इस राशि के छात्रों को आज पढ़ाई पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है, जल्द ही सफलता मिलने के योग बने हुए हैं। इस राशि के अकाउंटेंट के लिए आज का दिन व्यस्तता भरा रहेगा। जीवनसाथी आज आपको खुश होने की वजह देंगे। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। लवमेट से मन पसंद उपहार मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा।

सिंह राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आप लोगों को अपनी योजनाओं से सहमत कर लेंगे। आज आपके पारिवारिक रिश्तें में मधुरता बढ़ेगी। सभी लोग हंसी-खुशी रहेंगे। फैमिली की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खर्च और खरीदारी करते समय संतुलन बनाकर चलना होगा, बचत की ओर खासतौर पर ध्यान देना होगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे। माता-पिता आपको कोई गिफ्ट देंगे, इससे पूरे दिन आपके चेहरे पर प्रसन्नता बनी रहेगी। तकनीकी क्षेत्र के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन फेवरेबल है।

कन्या राशि-आज आपका दिन घूमने-फिरने में अधिक बीतेगा। परिवार वाले आज आपको अच्छी राय देंगे। आज आप ऑफिस में किसी काम को आसानी से करेंगे जिससे आपके जूनियर और सीनियर सभी तारीफ करेंगे, आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा साथ ही आपकी रेस्पेक्ट में भी इजाफा होगा। आज आपके व्यापार में उम्मीद से अधिक धन लाभ होगा। अगर आज जॉब चेंज करना चाहते है तो सोच-समझ कर ही करें। आज शाम तक कोई शुभ समाचार मिलने से घर में खुशियों का माहौल बनेगा। लवमेट के रिश्तें में और मधुरता बढ़ेगी।

तुला राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप अपने कार्यक्षेत्र में बेहतर ढंग से काम करने की कोशिश करेंगे। मेहनत से किये गये काम में आपको सफलता मिलेगी। इस राशि के कॉलेज के स्टूडेंट्स को नये प्रोजेक्ट पर काम करने का मौका मिलेगा। बड़ों का सहयोग आपके करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे। लम्बे समय से रूके हुए सरकारी कामों का आज निपटारा हो जायेगा। आज आप अपनी जिम्मेदारियों को अच्छे से निभायेंगे। आज आपके व्यवहार में सकारात्मक बदलाव आएगा, इससे जीवनसाथी प्रसन्न होंगे।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज कोई मित्र आपसे मिलने आपके घर आ सकता है जिसे सामने देखकर आपको यकीन नहीं होगा, मित्र से कुछ निजी समस्याओं पर बात करके आपको हल्का महसूस होगा। बच्चे आपको कोई शुभ समाचार देंगे, जिससे परिवार के सभी सदस्य खुश होंगे। सेहत के मामले में आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे। आज आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। किसी रचनात्मक कार्य में आपका नाम होगा।

धनु राशि-आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आप अपने खर्चे पर कंट्रोल करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षकों का सपोर्ट मिलेगा। आने वाले समय में आपकी महत्वकांक्षाएं बढ़ेगी, जिसे पूरा करने के लिए आप कड़ी मेहनत करेंगे। आज हर कोई आपकी बातों से प्रभावित होगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज कुछ नई जिम्मेदारियां मिलेगी। आज आप धार्मिक कार्यों में रूचि लेंगे। अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए आप नए कदम उठाएंगे। आज आपकी सकारात्मक सोच कार्यों में सहयोग करेगी।

मकर राशि-आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लेकर आया है। आप ज्यादा समय परिवार के साथ बिताएंगे। आज आपके लिए कोई फैसला करना थोडा मुश्किल होगा। ऑफिस में काम ज्यादा होने के कारण जीवनसाथी के साथ कहीं जाने का प्लान कैंसिल करना पड़ सकता है। किसी काम में अनुमान से ज्यादा धन लाभ होगा। आपको पैसों के लेन-देन में सावधान रहने की जरूरत है। छात्र आज ऑनलाइन किसी टॉपिक को समझने की कोशिश करेंगे। सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स के लिए आज का दिन अच्छा है, कोई बड़ा प्रोजेक्ट हाथ लगेगा।

कुंभ राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आप किसी रिश्तेदार से मिलने, उनके घर जाएंगे। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद खास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्र तैयारी जारी रखेंगे। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज कोई बड़ी सफलता मिलेगी। आज आपको किसी सामाजिक समारोह में जाने का मौका मिलेगा। लोग आपकी बातों से प्रभावित होकर आपसे जुड़ने की कोशिश करेंगे। दाम्पत्य जीवन अच्छा रहने वाला है।

मीन राशि-आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे। आज आप अपने कामों में जल्दबाजी दिखाने से बचेंगे तो आप आगे आने वाली किसी समस्या से बच जाएंगे। आपको परिवार से जुड़ी कई जिम्मेदारियां निभानी पड़ेंगी, जो कि आप अच्छे से संभाल लेंगे। साथ काम करने वाले लोगों से आपको मदद मिलेगी। अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही आज का दिन कम मेहनत में ज्यादा फल दिलाने वाला रहेगा।

## आलेख

# दिमागी चिप!

**हरिशंकर व्यास**

लगता है इसी सदी में जहां जलवायु परिवर्तन पृथ्वी को खाएगा वही विज्ञान नए मानव रचेगा! नई मानव रचना में खोजी, मौलिक और क्रिएटिव पश्चिमी बुद्धि इन दिनों गजब ऊंचाइयों पर है। प्रमाण गुजरे सप्ताह की तीन खबरें हैं। एक, अमेरिकी कारोबारी इलॉन मस्क ने बताया कि मनुष्य खोपड़ी में न्यूरालिंक चिप इम्प्लांट हुआ है और शुरुआती नतीजे आशाजनक हैं। दो, अमेरिका में पहली बार जीन थेरेपी तकनीक के इलाज से 11 साल के बहरे बच्चे ऐसाम ने जीवन में पहली बार अपने पिता की आवाज सुनी। तीन, जीन तकनीक से मानव प्राइमेट्स याकि बंदर का चीन में क्लोन बना है। यह नर रीसेस बंदर स्वस्थ और खुश है। वह दो साल का हो गया है। इन तीन खबरों के साथ दिन दुनी, रात चौगुनी की रफ्तार से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) मनुष्य दिमाग की जगह जैसे ले रही है और नई क्षमताओं के रोबो की जो दुनिया बन रही है, उसकी वास्तविकताओं में बूझें तो अनुमान लगेगा, सदी के बाकी सालों में इंसानों की दुनिया बदली हुई होगी। दिमाग में चिप भविष्य की संभावनाओं में मील का पत्थर है। कल्पना करें दिमाग की गतिविधि को प्रभावित करने (अंततः नियंत्रण करने वाला) वाले चिप पर। खोपड़ी के भीतर, खोपड़ी के काम में हस्तक्षेप करके उसके द्वारा शरीर को यह निर्देश देना कि यह फलां काम करो! चिप लकवे के मारे व्यक्ति के शरीर में हलचल बनवा देगा। उसे खड़ा कर देगा। इसके लिए दुनिया के नंबर एक उद्यमी इलॉन मस्क ने 2016 में न्यूरालिंक नाम की एक स्टार्टअप कंपनी स्थापित की थी। अब नौ साल बाद मनुष्य की खोपड़ी में उसका चिप लग गया है। दिमागी गतिविधियों, उसके कामकाज की अत्यधिक बारीक, नैनो सरंचना में शरीर के काम, क्रिया विशेष के लिंक को पकड़ कर खोपड़ी के भीतर वह चिप लगा है जो अपने निर्देशों से न्यूरोलॉजिकल विकारों जैसे पक्षाघात से पीड़ित व्यक्तियों के जीवन में गतिविधि ला देगा। पहले इस चिप का परीक्षण बंदरों में हुआ था। इलॉन मस्क के अनुसार न्यूरालिंक चिप प्रत्यारोपण करने से किसी भी बंदर की मौत नहीं हुई। उसके बाद कंपनी को पिछले साल अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्?ट्रेशन, एफडीए ने मनुष्य दिमाग में चिप प्रत्यारोपण और परीक्षण की मंजूरी दी थी।

और अब जैविक मनुष्य दिमाग में चिप के सफल परीक्षण की खबर है। न्यूरालिंक कंपनी के अनुसार उसके एन1 चिप ऐसे पदार्थ से बने खोल में होंगे, जिसे शरीर के अंदर सुरक्षित रूप से लगाया जा सकता है। चिप्स शरीर के अंदर के हालात से कहीं ज्यादा खराब और विपरीत हालात में भी काम कर सकेंगे। एन1 चिप में एक छोटी सी बैटरी लगी होती है, जिसे बिना किसी तार के, बाहर से ही चार्ज किया जा सकेगा। इसका चार्जर बहुत छोटा और कहीं से भी काम करने में समर्थ।

सोचें, दिमाग में चिप और वह बाहर से (मतलब वायरलेस तरीके से) अपने आप चार्जर से चार्ज होता हुआ। जाहिर है बैटरी कब चार्ज होनी है इसका मैसेज टेलीपैथी (वायरलेस तकनीक) से होता हुआ। तभी कंपनी ने बताया है कि पहले टेस्ट का मकसद प्रत्यारोपण (ट्रांसप्लांटेशन) (एन1) और सर्जिकल रोबोट (आर1) की सुरक्षा का मूल्यांकन है। साथ ही लकवाग्रस्त व्यक्ति को अपनी थिंकिंग से बाहरी उपकरणों को कंट्रोल करने में समर्थ करने के लिए टेलीपैथी वायरलेस ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस (बीसीआई) की प्रारंभिक कार्यक्षमता का आकलन करना भी है। मतलब यह हुआ कि इस टेलीपैथी तकनीक में व्यक्ति के दिमाग के सोचते ही उसका फोन या कंप्यूटर से संवाद याकि कंट्रोल बनेगा। सो, एक तरफ दिमाग में निर्देशों याकि प्रोग्रामिंग से भरा चिप। उससे फिर विकंलागों, लाचार, लकवाग्रस्त लोगों के शरीर अंग काम करते हुए। और चिप शरीर बाहर के फोन, कंप्यूटर से बात करता हुआ, उन्हें कंट्रोल करता हुआ तो बैटरी वायरलेस तरीके से चार्ज होते हुए। एक और अद्भुत बात, कंपनी ने सिलाई मशीन जैसा उपकरण बनाया है जो दिमाग के भीतर बहुत पतले धागे को प्रत्यारोपित करने में सक्षम है। और ये धागे इलेक्ट्रोड के साथ एक कस्टम-डिजाइन किए गए चिप से जुड़ते हैं, जो न्यूरॉन्स के समूहों से डाटा पढ़ते हैं। तभी वह वक्त दूर नहीं है जब एक तरफ आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में तेजी से होते विकास से रोबो का मशीनी दिमाग आम आदमियों की औसत बुद्धि से अधिक कुशाग्र होगा वहीं इंसान की खोपड़ी का जैविक दिमाग चिपों से भरा या एक ही ऐसा चिप लिए हुए होगा जो शरीर और बुद्धि दोनों को अपने निर्देशों से चलाएगा। फिर तीसरी हकीकत चीन द्वारा प्राइमेट्स की क्लोनिंग याकि जैविक बंदरों का सफल निर्माण है।

## विश्लेषण

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# साकार होगा हर घर को मुफ्त रोशन करने का सपना!



क्या हर घर को बिजली मुफ्त देने के सपने को अब हकीकत में जमीन पर उतारने में कामयाबी हासिल की जा सकती है या यह सिर्फ एक मुंगेरीलाल वाला हसीन सपना साबित होगा। दरअसल इस सपने को हकीकत की जमीन पर उतारने के लिए मोदी सरकार सौर ऊर्जा के इस्तेमाल के जरिए एक बड़ा प्लान बना चुकी प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना का लक्ष्य एक करोड़ घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने का है। इस नीति की विस्तृत जानकारी अभी सामने आनी है लेकिन इसका व्यापक लक्ष्य एकदम स्पष्ट है कि गरीब और मध्य वर्ग के परिवारों को स्वच्छ और सस्ती बिजली मुहैया कराई जा सके। सबसे बढ़कर यह कि छतों पर लगने वाले सौर ऊर्जा उपकरण सबको बिजली उपलब्ध कराने का लक्ष्य हासिल करने का एक अहम जरिया है। ऐसा इसलिए कि पारंपरिक बिजली उत्पादन मॉडल की तरह इसमें अंतिम छोर तक अधोसंरचना की उतनी जरूरत नहीं होती। यह अक्षय ऊर्जा को लेकर देश की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धता की दृष्टि से भी उपयोगी कदम होगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को बजट भाषण में ऐलान किया है कि देश में हर माह लोगों को 300 लोगों को मुफ्त बिजली दी जाएगी। वित्त मंत्री ने बताया कि मुफ्त बिजली का लाभ देश में 1 करोड़ परिवारों को दिया जाएगा। हालांकि 300 यूनिट फ्री बिजली का लाभ ऐसे परिवारों को ही दिया जाएगा, जिन्होंने अपने घर की छत पर सोलर ऊर्जा की व्यवस्था की है। इस सिलसिले में मिली प्राथमिक जानकारी के अनुसार आय के मुताबिक हर महीने 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। योजना और प्रक्रियाअंतरिम बजट में 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने का ऐलान किया गया है. इसमें वह 1 करोड़ परिवार शामिल होंगे जिनकी हर महीने आय 12500 से ज्यादा नहीं होगी। करोड़ परिवारों को मिलेगा 300 यूनिट बिज केंद्र सरकार की ओर से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट में एक बड़ा ऐलान किया है. उन्होंने कहा है कि देश के करीब 1 करोड़ लोगों को हर महीने 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी. इस ऐलान के बाद लोगों में खुशी है कि उन्हें हर महीने 300 यूनिट बिजली मुफ्त में मिलने वाली है. लेकिन आपको बता दें इस ये मुफ्त बिजली उन्हीं लोगों को मिलेगा जो मध्यम वर्ग और गरीब परिवार से हैं। आपको बता दें कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक दिन बाद 23 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के तहत एक करोड़ घरों में छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करने की केंद्र की योजना की घोषणा की थी. इस योजना का उद्देश्य निम्न और मध्यम आय वाले व्यक्तियों को सौर छत प्रतिष्ठानों के माध्यम से बिजली प्रदान करना है।

सूर्योदय योजना के तहत एक करोड़ घरों में सोलर पैनल लगाया जाएगा। सोलर पैनल लगाने से जो बिजली मिलेगी वह बिजली मुफ्त होगी. इसमें वह परिवार शामिल होंगे, जो अपने घर की छत पर सोलर ऊर्जा की व्यवस्था करते हैं. यह गरीब परिवार और मध्यम वर्गीय परिवार के लिए योजना है. इसमें वह लोग शामिल होंगे जिनकी इनकम ज्यादा नहीं है।अगर आपकी सालाना आय डेढ़ लाखप रुपये है तो आपको 300 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगा. सूर्योदय योजना के अंतर्गत उन परिवारों को शामिल किया जाएगा जिनकी सालाना आय 1.5 लाख रुपये या इससे कम होगी. यानी अगर हर महीने आपकी आय 12500 रुपये तक है तो आपको इस योजना का लाभ मिल सकेगा. वरना आप इस योजना का लाभ नहीं ले सकते हैं। सूर्योदय योजना का लाभ लेने के लिए आपको सबसे पहले आवेदन की प्रक्रिया से गुजरना होगा. इसे ऑनलाइन किया जा सकता है. जबकि पहले इसके लिए रजिस्ट्रेशन कराना होगा। भारत का लक्ष्य अपनी स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता का 50 फीसदी अक्षय बिजली उत्पादन स्रोतों से हासिल करने का है। परंतु इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए नई योजना को उन चुनौतियों से भी पार पाना होगा जो छतों पर सौर ऊर्जा उपकरण लगाने के क्षेत्र में आरंभ से ही देखने को मिल रही हैं। सूर्योदय योजना 2010 से अब तक घोषित चौथी ऐसी योजना है जो छतों पर सौर ऊर्जा पैनल लगाने से संबंधित है। 2010 में सबसे पहले जवाहरलाल नेहरू नैशनल सोलर मिशन की स्थापना की गई थी। वर्ष 2015 में एक अन्य योजना की घोषणा की गई ताकि आम परिवारों तथा बिजली वितरण कंपनियों को ऐसी परियोजनाओं को लेकर प्रोत्साहित किया जा सके। सरकार ने 2017 में सोलर ट्रांसफिगरेशन ऑफ इंडिया (सृष्टि) योजना की शुरुआत की। इसका इरादा वित्तीय प्रोत्साहन की मदद से रूफटॉप सोलर योजनाओं के लिए वितरण कंपनियों को नोडल एजेंसी के रूप में मजबूती प्रदान करना था। बहरहाल, 13 सालों के इस नीतिगत समर्थन का परिणाम यह हुआ है कि ग्रिड से संबद्ध रूफटॉप सौर ऊर्जा की स्थापित क्षमता 40 गीगावॉट के लक्ष्य के बजाय केवल 11 गीगावॉट तक पहुंची है। यह लक्ष्य भी 2022 से आगे बढ़ाकर 2026 कर दिया गया है। अब तक 70,000 से 80,000 घर सौर ऊर्जा पैनलों की मदद से रोशन हैं। रूफटॉप सोलर सिस्टम को बड़े पैमाने पर अपनाए जाने की राह में तीन बड़ी बाधाएं हैं- जागरूकता की कमी, ऊंची लागत और वित्तीय विकल्पों की कम उपलब्धता तथा वितरण कंपनियों की ऐसी परियोजनाओं को क्रियान्वित करने के प्रति अनिच्छा। ऐसे में सूर्योदय योजना की सफलता के लिए लोगों को इसके लाभ के बारे में यकीन दिलाना होगा। परंतु ऐसा करने के लिए पहले कई सफल योजनाओं का उदाहरण पेश करना होगा। मिसाल के तौर पर लागत की बात करें तो छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने की लागत 2.2 लाख रुपये से 3.5 लाख रुपये तक आ सकती है। केवल अमीर और उच्च मध्य वर्ग के लोग ही कुछ हद तक वित्तीय विकल्पों तक पहुंच बना सकते हैं क्योंकि अधिकांश भारतीय परिवार कम खपत वाले दायरे में आते हैं। ऐसे लोगों के लिए रूफटॉप सोलर सिस्टम तभी कारगर साबित हो सकता है जब उन्हें भारी भरकम सब्सिडी प्रदान की जाए। सूर्योदय योजना पहली ऐसी योजना है जिसमें उत्पादित बिजली के बजाय परिवारों की संख्या का लक्ष्य तय किया गया है। कुल आंकड़ा महत्वाकांक्षी प्रतीत होता है लेकिन यह बहुत अधिक नहीं है, क्योंकि इस क्षेत्र में बहुत अधिक संभावनाएं हैं। निश्चित तौर पर अब सरकार के पास शौचालय, पेयजल और घरेलू गैस के रूप में घरेलू बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के क्रियान्वयन का अनुभव है लेकिन रूफटॉप सौर ऊर्जा को कमजोर आर्थिक स्थिति वाले परिवारों तक लाने के लिए कई चुनौतियों का सामना करना होगा। इन में प्रमुख तौर पर अक्षय ऊर्जा को सुरक्षित संरक्षण के लिए बैटरी के उपयोग की जरूरत होगी। यहां यह भी कहना होगा कि प्रधानमंत्री मोदी काफी सोच-विचार कर ही किसी महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा करते हैं जाहिर है कि इस योजना के लिए भी सभी पहलुओं और चुनौतियों पर विचार करने के बाद प्रधानमंत्री ने इस की घोषणा की होगी। यही एक बात है जिसे मोदी की गारंटी कहा जाने लगा है।

# छत्तीसगढ़ लघुवनोपज प्रबंधक संघ की प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 8 फरवरी।** छत्तीसगढ़ प्रबंधक संघ का प्रदेशव्यापी हड़ताल का असर दूसरे दिन से ही दिखने लगा है। 6 फरवरी से प्रदेश में लघुवनोपज संघ के प्रबंधक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। जिसका सीधा असर प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण मिलेट्स योजना पर साफ देखने को मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना अंतर्गत 65 प्रकार के वनोपजों एवं तीन प्रकार के मिलेट्स जिसमे कोदो, कुटकी एवं रागी का संग्रहण प्राथमिक लघुवनोपज संघ के प्रबंधकों के माध्यम से किया जाता है। प्रबंधको के अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले जाने से प्रदेश में मिलेट्स खरीदी शून्य हो गई है। साथ ही ग्रामीण किशानो को मिलेट्स बिक्री हेतु दर-दर भटकना पड़ रहा है। इस स्थिति का फायदा उठाते हुवे बिचौलिए पूर्ण रूप से हावी हो गए है। सरकारी खरीदी बंद होने से ग्रामीण मिलेट्स को आधे दाम में बेचने को मजबूर हो गए हैं।

**अन्य योजनाएं हो रही प्रभावित** -प्रबंधकों के हड़ताल में जाने के चलते प्रदेश में मुख्य रूप से तेंदूपत्ता बोनस भुगतान, 14 लाख परिवारों का बीमा, छात्रवृत्ति, 68 प्रकार के लघुवनोपज का न्यूनतम संग्रहण दर में संग्रहण आदि योजनाएं प्रभावित हो रही हैं।लघुवनोपज प्रबंधक संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामाधर लहरे ने बताया कि प्रबंधक विगत 36 वर्षो से 14 लाख लघुवनोपज संगठनकर्ता परिवारों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुँचा रहे है। किन्तु अधिकारियों द्वारा लगातार हमारा शोषण किया जा रहा है। लहरे ने कहा हमारे प्रबंधक विगत 36 वर्षो से आम जनता से जुड़कर उन्हें शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ पहुँचा रहे है।

साथ ही प्रदेश के 902 में से 400 से अधिक प्रबंधक अभी 2 वर्षो के अंदर ही बिना नियमितीकरण एवं बिना किसी शासकीय सेवा का लाभ लिए रिटायर हो जाएंगे। जिसका प्रभाव उनके परिवार के भरण पोषण पर भी साफ दिखाए देगा।

**वन कर्मचारी संघ ने दिया समर्थन** -छत्तीसगढ़ प्रबंधक संघ के राज्यव्यापी हड़ताल पर जाने के बाद अक्सर देखा गया था कि उनके काम को वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को दे दिया जाता था। किन्तु छत्तीसगढ़ वनकर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष मूलचंद शर्मा ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख को लिखित लेटर देकर साफ कर दिया है कि उनका प्रबंधको के हड़ताल को पूर्ण समर्थन है। साथ ही उन्होंने लेटर लिख प्रबंधकों के मांग को जल्द से जल्द पूर्ण करने की भी अपील की है।

**प्रबंधकों ने राज्य सरकार को दिलाये 13 राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय अवार्ड** -प्रबंधको ने लघुवनोपज संग्रहण, विपणन, स्व सहायता सशक्तिकरण एवं अन्य जनता से जुड़ी योजनाओं के सफल संचालन के चलते ही विगत वर्षो में छत्तीसगढ़ को 13 राष्ट्रीय-अन्तर्राष्टीय अवार्ड मीले थे।

एक नजर

## डाकघर के कर्मचारी ने जिला अस्पताल पहुंचकर खोला महतारी वन्दन योजना का खाता



**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना महतारी वन्दन योजना का कुछ दिन पहले ही आगाज हुआ है जिसमे महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में आज कोंडागांव डाकघर के कर्मचारी डिकेश मिर्झा ने जिला अस्पताल कोंडागांव पहुचकर एक बच्चे की माँ जो एक दिन पहले ही ÷महतारी÷ बनी है, का इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में खाता खोला जो कि महतारी वन्दन योजना की वास्तविक हितग्राही है। उपसंभागीय निरीक्षक श्री आरएस मिश्रा ने बताया इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंकिंग एक्सेस पाइंट के माध्यम से प्रत्येक डाकघर तक विस्तारित है तथा प्रदेश में 4414 से अधिक बैंकिंग एक्सेस पाइंट है। ग्रामीण एवं रिमोट क्षेत्रों के लिए, जहाँ बैंकिंग की सेवा की पहुंच नहीं है, वहाँ इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक (आईपीपीबी) के द्वारा तथा घर पहुंच सेवा निःशुल्क प्रदान की जाती है और इसमें शून्य कागजी कार्रवाई शामिल होती है। तथा इसमें हितग्राही के आधार द्वारा तत्काल ग्रामीण डाक सेवक बैंक खाते खोलने और आधार सीडिंग सहित ऑन-द-स्पॉट सेवाएं प्रदान करने के लिए सक्षम है। महतारी वंदन योजना राज्य शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। चूंकि योजनांतर्गत हितग्राहियों की पंजीयन की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 है इसलिए ऐसे हितग्राही जिनका बैंक खाता आधार से मैप नहीं है अथवा किसी भी बैंक में खाता नही है तो पोस्ट ऑफिस से सम्पर्क कर खाता खुलवा सकते है।

## प्रो.कन्नौजे ने दंडकारण्य महाविद्यालय केशकाल में पर्यावरण प्रौद्योगिकी प्रबंधन पर दिया व्याख्यान



**कोण्डागांव,8 फरवरी।** श्री महेश बघेल जी शासकीय दंडकारण्य महाविद्यालय केशकाल जिला कोंडागांव में स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग तथा विज्ञान विभाग और एन.सी. सी सीनियर यूनिट के संयुक्त तत्वाधान आमंत्रित विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय विज्ञान सभागार में उल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। विशेषज्ञों से खचाखच भरे सभागर में प्राचार्य प्रोफेसर एस डी सोनवानी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया तथा उपस्थित जनों को संबोधित किए । प्रमुख स्रोत वक्ता एवम पर्यावरण विशेषज्ञ प्रोफेसर डॉ. चेतन राम पटेल तथा विषय विशेषज्ञ प्रोफेसर शशिभूषण कन्नोजे ( वनस्पति शास्त्र ) कोंडागांव के विशिष्ट व्याख्यान हुए। विशेषज्ञों ने पर्यावरण आपदा प्रबंधन एवम जन स्वास्थ्य संवर्धन विषय पर अपने व्याख्यान दिए तदउपरान्त परीक्षा तथा उद्यान में हरितिमा अवलोकन एवम पादप संवर्धन के क्रियाकलाप संपन्न हुए । महाविद्यालय के महिला प्रभाग प्रभारी श्रीमती साहू के दिशा निर्देशन में छात्राओं ने पर्यावरण रंगोली बनाई तथा प्रदर्शन आयोजित की। साथ ही रोज दिवस के अवसर पर उसे संरक्षित करने पर भी जोर दिया गया।कार्यक्रम का संचालन बलराम हिरको सहायक प्राध्यापक भूगोल तथा आभार प्रदर्शन प्रोफेसर एस एल कुर्रे ने किया।

## के.रि.पु.बल नागरिक सहायता का मुख्य स्तम्भ



**सुकमा,8 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल न केवल शांति व सुरक्षा ही नहीं बल्कि देश के नागरिकों में विकास का संदेश देने तथा विश्वास बहाली का भाव जगाने का प्रमुख स्तम्भ है। दिनांक 28 जनवरी 2023 को ए और एफ 229 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को सूरज सिलगेर पोस्ट, सिलगेर जोकि जिला सुकमा, छत्तीसगढ़ के अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्र में तैनात किया गया था। तैनाती के बाद 229 बटालियन ने जरुरतमंद नागरिकों को सामान वितरण करना जैसे मेडिकल कैम्प लगाना, पानी में बहे मिट्टी के पुल के स्थान पर पत्थरों व लकड़ी से पुल का निर्माण करना, बच्चों के लिए स्कूल की स्थापना करना जैसे सामाजिक कार्य कर जनता की मददगार साबित होती रही है।इसी क्रम में दिनांक 07 फरवरी 2024 को श्री चंदम बॉबी सिंह, कमाण्डेंट-229 की अध्यक्षता में तथा श्री आरची एंटोनी माहिओ (द्वितीय कमान अधिकारी), श्री राकेश कुमार (सहा0कमा0), श्री जाधव राहुल अशोक (सहा0 कमा0) व चिकित्सा अधिकारी डॉ शरथ एम. की उपस्थिति में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें सिलगेर (डब्बापारा, कोपनपारा, पटेलपारा, ईत्तापारा), बेदरे (रोडपारा, पटेलपारा), दरभा (कुरुषपारा) तथा तिमापुरम आदि के ग्रामीणों की मुफ्त चिकित्सा जांच की गई तथा ग्रामीणों को दवाईयां वितरित की गई। इसके साथ ही जरुरतमंद ग्रामीणों जिसमें आंगनबाड़ी सहायिकाओं को सिलाई मशीन, कारपेन्टर की जानकारी रखने वाले ग्रामाणों को कारपेन्टर टूल्स, प्रत्येक पारा के युवाओं को, क्रिकेट किट, बॉलीवाल किट तथा बास्केटबॉल के साथ-साथ स्पोटर्स ड्रेस तथा अन्य आदिवासी ग्रामाणों व बच्चों को पहनने के कपड़े, मच्छरदानी, लूंगी व महिलाओं को साड़ियाँ वितरित की गई।229 वाहिनी की ए/एफ समवाय सिलगेर कैम्प में नक्सल विरोधी अभियानों के साथ- साथ आम जनता के संवैधानिक अधिकारों एवं जीवन यापन को सुयोग्य बनाने हेतु दिन रात कार्य कर रही है।

## 6 लाख 85275 मतदाता लोकसभा चुनाव में करेंगे मतदान



**गरियाबंद, 8 फरवरी।** निकट लोकसभा चुनाव को देखते हुए गरियाबंद जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दिपक अग्रवाल अपर कलेक्टर अविनाश भोई पूरी तरह से सभी पहलुओं को ध्यान रखते हुए लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे हुऐ है इसी कड़ी में आज मतदाताओं के नाम प्रकाशन के अंतिम दिन जिलाधीश दीपक अग्रवाल एवं अपर कलेक्टर अविनाश भोई ने एक पत्रकार वार्ता लेते हुए बतलाया कि मैं महासमुंद लोकसभा के अंतर्गत दो विधानसभा राजिम और बिंद्रा नवागढ़ आते हैं जिनमें 573 पोलिंग बूथ हैं और इन 575 पोलिंग बूथ में कुल 685 275 जनसंख्या है साथ ही मतदाताओं की अगर हम बात करें तो 458435 मतदाता है जिन में पुरुष मतदाता 225113 है तो वहीं महिला मतदाता 233313 है इस तरह यह कहा जा सकता है कि गरियाबंद जिले के अंतर्गत महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है और वे सक्रियता से सक्रियता चुनाव में जुड़ कर भाग लेने हेतु समँपित रहती हैं वहीं सेवा मतदाता के रूप में 186 मतदाता है और अगर हम बात करें 18 से 19 वर्ष के आयु के नए मतदाताओं की तो 12654 मतदाताओं ने अपना नाम जुड़वाया है वही 80 वर्ष से अधिक की बात करें तो 3793 मतदाता 80 वर्ष से अधिक है इस तरह वह भी इतनी उम्र के बाद भी वे मतदान करने हेतु सतत जुटे हुए हैं और दूसरी ओर अगर हम बात करें फोटूग्राफ परिचय पत्र की 100त्न फोटो परिचय पत्र जारी हो चुका है ।और मतदान की अगर हम बात करें तो महासमुंद लोकसभा के अंतर्गत गरियाबंद जिले में 37 शहरी मतदान क्षेत्र हैं तथा ग्रामीण मतदान के रूप में देखें तो 536 मतदान ग्रामीण क्षेत्र में है वही एक महत्वपूर्ण बात यह भी है कि दिव्यांग मतदाताओं की भी संख्या कम नहीं है दिव्यांग मतदाता भी 6281 मतदाता दिव्यांग मतदाता है जो मतदान के लिए सदैव अग्रणी रहते हैं।

## विश्व हिंदू परिषद जिला कार्यकारिणी की घोषणा का अधिकार प्रांत को:पाण्डेय



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 8 फरवरी।** बीते माह विभाग मंत्री ने सोशल मिडिया में सूचना देकर विश्व हिन्दु परिषद दंतेवाड़ा की कार्यकारिणी टीम को भंग कर दिया था। जिसके बाद 04 फरवरी को मांई दंतेश्वरी मंदिर परिसर में एकत्र होकर कुछ लोगों द्वारा दंतेवाड़ा विहिप की नई कार्यकारिणी की सूची बनाकर आपस में ही जिला अध्यक्ष, जिला मंत्री व जिला संयोजक का दायित्व ग्रहण कर लिया और स्वयं-भू पदाधिकारी बन गए। कार्यकारिणी का गठन एकदम अचानक से किया गया। पूर्व के दायित्ववान कई सदस्यों को भी इसकी सूचना नहीं दी गई। आनन फानन में जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर पदाधिकारियों ने मीडिया में भी दंतेवाड़ा जिले में विहिप कार्यकारिणी के गठन की खबरें चलवा दी। इसकी जानकारी जब विहिप के प्रांतीय एवं विभागीय मंत्रीयों को लगी तो प्रांत मंत्री विभूति भूषण पाण्डे ने कहा कि इस तरह से किसी भी जिले में विश्व हिन्दु परिषद का गठन नहीं किया जा सकता। इस तरह का कोई गठन हुआ भी है तो वो मान्य नहीं होगा। विहिप जिला अध्यक्ष, जिला मंत्री एवं जिला संयोजक के नामों की घोषणा का अधिकार केवल प्रांत को है। बाद में कार्यकारिणी जिला की टीम बना सकती हैं। खण्ड, प्रखण्ड एवं नगर के गठन का दायित्व जिले की टीम का है वहीं जिले की घोषणा करने का अधिकार न जिले वालों को है न विभाग का है। जिले की घोषणा करने का अधिकार केवल प्रांत का है।

## गौरव पथ में करेंट दौड़ रहा है,कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

**सुकमा, 8 फरवरी ।** भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती वायु सेना के लिये ऑनलाईन आवेदन किया जा रहा है, जिसकी अंतिम तिथि 06 फरवरी 2024 तक निर्धारित थी, वायु सेना भर्ती कार्यालय द्वारा ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 11 फरवरी 2024 तक पढ़ा दी गई है। इच्छुक आवेदक जिनकी आयु सीमा 17.5 से 21 वर्ष है, तथा वायु सेना भर्ती हेतु निर्धारित शैक्षणिक अर्हता एवं शारीरिक मापदण्ड पुरी करते हैं, वे भारतीय वायु सेना की वेबसाई https://agnipathvayu.cdac.in में 11 फरवरी 2024 तक ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कर सकते है।इसके अलावा भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की तिथि 08 फरवरी 2024 से 21 मार्च 2024 है। थल सेना में भर्ती हेतु वेबसाईट https://joinindianarmy.nic.in में ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन कर सकते है।सेना भर्ती हेतु अधिक जानकारी के लिये जिला रोजगार कार्यालय सुकमा में संपर्क कर सकते है।

## कलेक्टर ने जिला स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का किया अवलोकन, बच्चों की मेहनत को सराहा

**धमतरी 8 फरवरी ।** इंस्पायर अवार्ड (मानक) योजना अंतर्गत जिला/संभाग स्तरीय दो दिवसीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन स्थानीय सेंट मेरी इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल में किया जा रहा है। विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी के पहले दिन आज कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने इसका अवलोकन कर विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सभी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिये प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने बच्चों द्वारा तैयार किये गये ज्ञानप्रद और आकर्षक मॉडलों को देख उन्हें सराहा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित इंस्पायर अवार्ड मानक योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों में सृजनशीलता एवं रचनात्मक सोच की संस्कृति को बढ़ावा देना और उनके मौलिक एवं नव परिवर्तनों से संबंधित विचारों के प्रस्ताव के लिये ऑनलाईन आवेदन करना है, जिससे भविष्य में विज्ञान और प्रौद्योगिकी को बढ़ाया और मजबूती देने के लिये बेहतर मानव श्रृंखला तैयार की जा सके। साथ ही शोध और विकास के आधार को मजबूती दी जा सके।गौरतलब है कि जिला/संभाग स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में गरियाबंद जिले के कुल 81 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। इनमें विकासखंड छुरा से 25, फिंगेश्वर से 21, गरियाबंद से 19, देवभोग से 02 एवं विकासखंड मैनपुर से 14 प्रतिभागी शामिल हैं। इसी तरह बलौदाबाजार जिले के 122 प्रतिभागियों में विकासखंड बलौदाबाजार से 28, पलारी से 16, बिलाईगढ़ से 10, कसडोल से 25. भाटापरा से 18 एवं सिमगा विकासखंड से 25 प्रतिभागी मॉडल का प्रदर्शन करेंगे।

## राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के अध्ययन दल का मन मोहा बस्तर की सांस्कृतिक,प्राकृतिक सुंदरता ने

**जगदलपुर, 8 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय के अध्ययन दल के अधिकारी बस्तर क्षेत्र के भ्रमण में पहुंचे हैं। अध्ययन दल ने बस्तर की सांस्कृतिक और प्राकृतिक सुंदरता की सराहना की। इस दौरान अध्ययन दल ने दंतेवाड़ा के पर्यटन स्थल, बस्तर जिले के चित्रकोट, कुटुमसर का भ्रमण किया। बुधवार की शाम को आसना स्थित बादल अकादमी में बस्तर की प्रमुख पारंपरिक लोक नृत्य और लोक गीत की प्रस्तुति देखकर लोक कलाकारों का हौसला-अफजाई की।

ज्ञात हो की राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय का अध्ययन दल एक वर्षीय पाठ्यक्रम में शामिल 6 सप्ताह के अंडर स्टैंडिंग इंडिया मॉड्यूल के तहत 120 अधिकारियों का दल 8-8 अलग-अलग राज्यों का दौरा कर रहा है। इसी क्रम में 16 अधिकारियों का दल छत्तीसगढ़ पहुंचा है, जो प्रदेश में आंतरिक सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं सहित राज्य में हो रहे विकास कार्यों और गतिविधियों का अध्ययन कर रहे हैं। साथ ही छत्तीसगढ़ की भौगोलिक स्थिति, सामाजिक-सांस्कृतिक विशेषताओं सहित जनजातीय बाहुल्य इलाकों के विशेष संदर्भ में महत्वपूर्ण जानकारियों के साथ राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, उद्योग, महिला सशक्तिकरण के साथ ही विकास से जुड़े विषयों पर अध्ययन दल द्वारा अवलोकन किया जा रहा है। अध्ययन दल में शामिल पांच मित्र देशों-अमेरिका, कजाकिस्तान, सऊदी अरब, बांग्लादेश और नेपाल के अधिकारियों को छत्तीसगढ़ और बस्तर की सांस्कृतिक और प्राकृतिक सौंदर्य खूब भाया है। उन्होंने बताया कि साथी अधिकारी छत्तीसगढ़ की इस सुन्दर यात्रा को लेकर बहुत उत्सुक और खुश हैं। अध्ययन दल में दल प्रभारी मेजर जनरल श्री सामर्थ्य नागर के नेतृत्व में आईपीएस श्री मानविन्दर सिंह भाटिया, एयर कमोडोर श्री भुवन माथुर, ब्रिगेडियर श्री वैभव मिश्रा, श्री वैभव अग्रवाल, श्री एस. सेन, श्री विक्रांत पाटिल, श्री टी. के. मिश्रा, श्री व्ही. गणपति, बांग्लादेश से आए कमोडोर मोहम्मद फैजल हक, सऊदी अरब से कर्नल श्री युसुफ बिन गाजी अल ओतैबी, नेपाल से कर्नल श्री बिमल कुमार बासनेत, कजाकिस्तान से कर्नल श्री जोल्डस नेसिपबायेव, अमेरिका से कर्नल श्री डाना डेमर, डीआरडीओ से डॉ. कमल किशोर पंत, आईएनएएस से श्री कंवल सिंह शामिल है। बस्तर में कमिश्नर श्री श्याम धावड़े, आईजी श्री सुंदरराज पी. कलेक्टर श्री विजय दयाराम के., पुलिस अधीक्षक श्री शलभ सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे सहित अन्य अधिकारियों ने बस्तर की सामाजिक-सांस्कृतिक विशिष्टताओं सहित विभिन्न विकास गतिविधियों से अध्ययन दल को अवगत कराया। गुरुवार की सुबह अध्ययन दल ने जगदलपुर शहर के समीप बुरूंदवाडा सेमरा स्थित एमआरएफ (समृद्धि) का अवलोकन किया। उन्होंने एमआरएफ सेंटर की गतिविधियों का जायजा लेकर कचरा और वेस्ट मेटेरियल के प्रबंधन के लिए प्रशासन द्वारा किए नवाचार की सराहना किए। सेंटर में वेस्ट मेटेरियल से निर्मित जैकेट के संबंध में अतिथियों को अवगत करवाया गया।

## 1 महिला नक्सली ने किया आत्मसमर्पण



**सुकमा, 8 फरवरी ।** छत्तीसगढ़ शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति तथा सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे पूना नर्कोम अभियान नई सुबह-नई शुरुआत) से प्रभावित होकर किया गया आत्मसमर्पण। आत्मसमर्पित महिला नक्सली थाना किस्टाराम क्षेत्र की हैं निवासी ।महिला नक्सली को आत्मसमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में जिला बल सुकमा का रहा विशेष योगदान ।जिला सुकमा में श्री सुन्दरराज पी., पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज जगदलपुर (छ.ग.) श्री कमलोचन कश्यप, उप पुलिस महानिरीक्षक रेंज दंतेवाड़ा के मार्ग दर्शन एवं श्री किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा, श्री आकाश मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुकमा के निर्देशन तथा श्री गौरव मण्डल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोण्टा, श्री शिखर मरावी, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मरईगुड़ा के पर्यवेक्षण में छत्तीसगढ शासन की ÷छत्तीसगढ नक्सलवाद उन्मूलन नीति÷ के तहत एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे ÷पूना नर्कोम अभियान÷ नई सुबह-नई शुरुआत से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारथारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाली हिंसा से तंग आकर नक्सली संगठन में सक्रिय महिला नक्सली करटम रामे निवासी किस्टाराम क्षेत्र (किस्टाराम सीएनएम उपाध्यक्ष/पालाचलमा आरपीसी सीएनएम) के द्वारा आज दिनांक 06.02.2024 को नक्सल ऑपरेशन कार्यालय सुकमा में श्री संजय सिंह, उप पुलिस अधीक्षक सुकमा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया।आत्मसमर्पित महिला नक्सली को शासन की छत्तीसगढ़ नक्सलवाद उन्मूलन नीति के तहत सहायता राशि व अन्य सुविधाएँ प्रदाय किया जायेगा।

## निजी गोदाम से 400 बोरी शासकीय चावल गायब होने का मामला ठंडे बस्ते में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 8 फरवरी।** जगदलपुर बस्तर संभाग में जो न हो वो कम है। कोई मामला दो साल पहले उजागर हुआ हो और उस पर आज तक कार्रवाई न हो, तो इसमें कोई हैरत की बात नहीं है। क्योंकि मामला बस्तर का जो है। गरीबों के हिस्से का चार सौ बोरी चावल गायब होने का मामला भी इसी तरह दो साल से ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है। मामले की जांच तो हुई है, मगर वह भी हवा हवाई।

चावल की अफरा तफरी का मामला बस्तर संभाग के सुकमा जिले का है। सन 2021- 22 में सुकमा जिले के चिंतलनार के एक निजी फर्म के गोदाम से 400 बोरी शासकीय चावल की अफरा तफरी कर दी गई थी। अब मामले में जांच अधिकारी की भूमिका भी संदेह के दायरे में आ गई है। जांच हवा-हवाई की गई और मामले में अब तक किसी की जिम्मेदारी तय नहीं की जा सकी है। किसकी लापरवाही से 400 बोरी शासकीय चावल गायब हुआ है, इसकी जवाबदेही किसकी है? ये प्रश्न आज भी मुंहबाये खड़े हैं। चावल की राशि की वसूली किससे होगी, यह भी तय नहीं



हो सका है। जबकि कामाराम की शासकीय उचित मूल्य की दुकान में हुई चावल की अफरा-तफरी मामले में खाद्य निरीक्षक को जिम्मेदार ठहराते हुए राशि की रिकवरी के साथ उन्हें निलंबन की सजा भी दी जा चुकी है। तो फिर चिंतलनार गोदाम से चावल गायब होने के मामले में ऐसा कड़ा कदम क्यों नहीं उठाया द्भद्ग रहा है। जांच अधिकारी का गोलमोल जवाब भी जांच पर प्रश्न खड़ा करता है।कड़क कलेक्टर, फिर भी कार्रवाई नहीं

**सुकमा जिले के तेज तर्रार**- आईएएस अफसर विभागीय अधिकारियों के कार्यों में कसावट लाते हुए व्यवस्था दुरूस्त करने की कवायद कर रहे हैं। वहीं कुछ अधिकारी अपनी हरकत से बाज नहीं आ रहे हैं। यही वजह कि मामला फाईलों में बंद होता प्रतीत हो रहा है। सुकमा जिले में चावल की कालाबाजारी का मामला सुर्खियों में रहा था। फिर भी अब तक आरोपियों की गर्दन तक प्रशासन का हाथ न पहुंच पाना आश्चर्य की बात है। इससे तो यही लगता है कि अधिकारियों ने कलेक्टर को अंधेरे में रखा है।

**कौन करेगा रकम की भरपाई**- मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2021-22 में लॉक डाउन के समय सुकमा जिले के कोंटा विकासखंड के मोरपल्ली की राशन दुकान अस्थाई रूप से चिंतलनार में संचालित की जा रही थी। इस दुकान को 576 क्विंटल चावल पोटा केबिन के उपभोक्ताओं में वितरण के लिए आबंटित हुआ था। इसमें 400 बोरी चावल यानी 200 क्विंटल चावल को उपयोगिता नहीं होने के कारण चिंतलनार में एक निजी गोदाम में सरपंच एवं पंचों की उपस्थिति में खाद्य निरीक्षक द्वारा रखवा दिया गया था। इसकी सूचना जिला खाद्य अधिकारी को भी दी गई थी। निजी गोदाम में रखा 260 बोरी चावल गायब हो गया। मामला उजागर होने के बाद कलेक्टर ने मामले की जांच कराई, तो 140 बोरी ऐसे चावल की बरामदगी दर्शा दी गई, जो पूरी तरह से खराब हो चुका था।

**किससे की जाएगी रिकवरी**- शासकीय चावल निजी गोदाम से गायब चुका है। अब प्रश्न यह उठ रहा है कि उक्त चावल गोदाम से गायब कैसे हुआ ? जांच अधिकारी भी जांच में खानापूर्ति कर औपचारिकता निभा चुके है। कोई भी जांच में यह सिद्ध नहीं कर पाया कि 400 बोरी शासकीय चावल की अफरा- तफरी का जिम्मेदार कौन है ? जबकि खाद्य विभाग के ब्लॉक स्तर से लेकर जिला स्तर के अधिकारी को भी इसकी जानकारी थी, लेकिन किसी ने शासकीय चावल को सुरक्षित रखने या राशन दुकानों में वितरण को लेकर अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई। गायब चावल की कीमत 9 लाख रू. से अधिक है। इस रकम की वसूली किससे की जाएगी, यह अब तक तय नहीं हो पाया है। जबकि खाद्य निरीक्षक 15 जनवरी 2021 को एसडीएम कोंटा को भी पत्र प्रेषित कर चुके हैं। सिलगेर के साप्ताहिक बाजार से चावल जब्त कर एसडीएम कोंटा को कार्रवाई का निर्देश दिया गया था। यह मामला भी पेडिंग है। जब इस मामले में जिम्मेदार अधिकारी से पूछे जाने पर गोलमोल जवाब देते हुए अधिकारी ने जानकारी देने से आनाकानी की।

**खाद्य अधिकारी पर होगी कार्रवाई:कलेक्टर** -सुकमा के कलेक्टर हरीश एस. ने बताया कि कामाराम राशन दुकान से चावल की अफरा- तफरी के मामले में खाद्य निरीक्षक के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। चिंतलनार गोदाम से चावल गायब होने के मामले पर उन्होंने कहा कि उस वक्त जो भी जिला खाद्य अधिकारी रहे होंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी साथ ही राशि का रिकवरी भी होगी। उल्लेखनीय है कि कामाराम राशन दुकान में चावल वितरण नहीं किए जाने के मामले में खाद्य निरीक्षक पर रिकवरी सहित निलंबन तक की कार्रवाई की जा चुकी है। इस मामल में चावल की कालाबाजारी करने वाला ट्रांसपोटर्स की भूमिका भी अहम होने का खुलासा हुआ था जिस पर कार्रवाई के लिये चिंतलनार थाने को निर्देशित किया गया था, लेकिन वह मामला भी थाने में लंबित है जबकि चावल कालाबाजारी सबसे अहम भूमिका है।

## महतारी वंदन योजना, जिले में अब तक 26 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त

**कांकेर, 8 फरवरी ।** प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से राज्य शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। जिला स्तर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नगरीय क्षेत्रों के वार्डो में लगे शिविरों के साथ नगर पालिका कार्यालय तथा ग्रामीण क्षेत्रों के पंचायत भवनों सहित आंगनबाड़ी केन्द्रों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं पहुंचकर फॉर्म भर रही हैं। इसके तहत जिले में सिर्फ तीन दिनों के भीतर 26 हजार 783 महिलाओं ने निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र जमा किया है।

**एक नजर**

## वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल पर रायगढ़ नगर निगम के 10.61 करोड़ के कार्य स्वीकृत



**रायगढ़, 8 फरवरी।** वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी की पहल से रायगढ़ नगर को स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और पेयजल आपूर्ति से जुड़े 10.61 करोड़ के कार्यों को स्वीकृति मिली है। इससे शहर में जलापूर्ति के लिए एमएलडी के जीर्णोद्धार, कचरा प्रबंधन व प्लास्टिक रिसाइकलिंग के साथ कचरा संग्रहण व परिवहन के लिए वाहन व मशीनरी की व्यवस्था जैसे काम शामिल है। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने विशेष पहल करते हुए 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत टाइड एवं अनटाइड मद से रायगढ़ नगर निगम के 10.61 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। जिस पर शासन स्तर से उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरुण साय के निर्देश पर नगर निगम रायगढ़ को विभिन्न विकास कार्यों हेतु 15 वे वित्त आयोग से प्रस्ताव प्रेषित करते ही स्वीकृति प्राप्त हुई। स्वीकृत कार्यों में मुख्य रूप से शहर के जल समस्या को देखते हुए जल प्रदाय मद अंतर्गत 17 एमएलडी वाटर फिल्टर प्लांट के जीर्णोद्धार हेतु टाईड मद से 1.89 करोड़ रुपए, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत कचरा प्रबंधन हेतु ट्रोमेल/बेलिंग/प्लास्टिक रिसाइक्लिंग व्यवस्था हेतु 2.59 करोड़ रूपए के कार्य तथा कचरा संग्रहण और परिवहन हेतु राशि 3.80 करोड़ की राशि से वाहन व मशीनरी क्रय की स्वीकृति शामिल है। इसके साथ ही 15 वे वित्त आयोग की अनटाइड मद से शहर की विभिन्न स्थलों में रोड एवं नाली निर्माण के 21 कार्य जिसकी लागत राशि 2.33 करोड़ रुपए है, उक्त कार्यों को भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

निर्वाचन कार्य में लापरवाही करने वालों पर होगी कार्यवाही-अपर कलेक्टर श्री पाण्डेय

## मतदान दल एवं माइक्रो ऑब्जर्वर के गठन के लिए डाटा प्रविष्टि का दिया गया प्रशिक्षण

**रायगढ़, 8 फरवरी।** अपर कलेक्टर एवं उप



जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय की उपस्थिति में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मतदान दलों एवं माइक्रो ऑब्जर्वर के गठन हेतु कर्मचारियों के डाटा प्रविष्टि के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने सभी विभागीय कर्मचारियों को मतदान दलों के गठन हेतु विभागों में कार्यरत कर्मचारियों के डाटा प्रविष्टि के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के कार्य में लापरवाही नहीं होनी चाहिए अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएंगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर सुव्यवस्थित निर्वाचन संपन्न कराने हेतु विधान सभावार मतदान दलों के गठन संबंधी जानकारी दी। उन्होंने डाटा प्रविष्टि सॉफ्टवेयर संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने सॉफ्टवेयर डाउनलोड, क्रिस्टल पोर्ट, सॉफ्टवेयर लॉगिन पश्चात डाटा एंट्री पूर्व आवश्यक दिशा-निर्देश एवं चाही गई जानकारी। कार्यालयवार कर्मचारी के पदनाम एवं वेतनमान, कार्यालय की जानकारी व सत्यापन, इपिक कार्ड, कर्मचारियों का डेटा चेक लिस्ट तथा यूजर मैनेजमेंट के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी नियत समय में कर्मचारियों की सही जानकारी की प्रविष्टि करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने दिव्यांगों एवं अन्य स्थानों में अटैच कर्मचारियों के संबंध में विशेष दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान दलों के गठन पश्चात दिए जाने वाले प्रशिक्षण में सभी टीम अपने सदस्यों के साथ बैठ कर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे ताकि आपकी टीम और समन्वय बेहतर होगी। इस दौरान प्रशिक्षण में अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उनके लिए पृथक से प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

## पीएम विश्वकर्मा योजनाः 18 क्षेत्रों के पात्र व्यक्तियों को मिलेगा लाभ

**रायगढ़, 8 फरवरी।** पारंपरिक शिल्प पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों की सहायता के लिये भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना लागू की गई है। योजना अंतर्गत लाभ लेने के लिये कारीगरों की जागरूकता हेतु 12 फरवरी 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे से कलेक्टोरेट परिसर, रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें ऐसे हितग्राही अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर लाभान्वित हो सकते हैं। मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का उद्देश्य कारीगरों और शिल्पकारों की पहचान विश्वकर्मा के रूप में करके इन्हें सभी लाभ प्राप्त करने के योग्य बनाना, विश्वकर्माओं को उपलब्ध कौशल उन्नयन कार्यक्रम से जोड़कर उनका कौशल विकास करना, उनकी योग्यता, क्षमता और उत्पादकता बढ़ाने के लिये आधुनिक औजार प्रदान करना, समपार्श्विक मुक्त ऋण प्रदान करना तथा उन्नति के लिये विभिन्न बाजारों से जोड़ना है। इस योजना में 18 प्रकार के व्यापार करने वाले यथा बढ़ई, नाव बनाने वाले, अस्त्रकार, लोहार, लोहे के औजार निर्माता, तालासाज, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार-संगतराश, चर्मकार, राजमिस्त्री, टोकरी-चटाई बनाने वाले, गुड़िया खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी तथा मछली पकड़ने के जाल निर्माता लाभार्थी हो सकते हैं।

पीएम-विश्वकर्मा योजना के तहत पंजीकरण की तिथि पर न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए, लाभार्थियों को स्वरोजगार/व्यवसाय विकास योजना के तहत अंतिम पांच वर्ष में राज्य या केन्द्र सरकार की किसी भी योजनाअंतर्गत ऋण लिया हुआ नहीं होना चाहिए। योजना का पंजीकरण और लाभ परिवार के एक सदस्य तक ही सीमित होगा तथा सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्ति एवं उसके परिवार के सदस्य पात्र नहीं होंगे। पंजीकरण हेतु आवेदन लोकसेवा केन्द्रों के माध्यम से पीएम-विश्वकर्मा योजनापोर्टल/मोबाईल ऐप पर किये जा सकते हैं।

### एसडीएम को लिखित में प्रस्तुत की शिकायत

# सरकारी राशन दुकान की कमी को लेकर ग्रामीण निकालेंगे रैली



**पत्थलगांव, 8 फरवरी।** सरकारी राशन दुकान की कमी को लेकर कोडेकेला गांव के एक हजार से भी अधिक ग्रामीण दिन गुरूवार को शहर मे विशाल रैली निकालने की बात लिखकर एस.डी.एम राजस्व को एक शिकायत सौंपी है। ग्रामीणो के अनुसार वे रैली निकालकर भी एस.डी.एम को ज्ञापन सौंपेगे। ग्राम पंचायत घरजियाबथान का आश्रित ग्राम कोडेकेला मे सरकारी राशन दुकान ना होने से वहा से पंजीकृत 1200 से अधिक लोग इन दिनो सरकारी राशन पाने के लिए काफी परेशानी उठा रहे है। पिछले दिनो उन्होने पूर्व विधायक रामपुकार सिंह के समक्ष अपनी समस्या जाहिर की थी,जिसके बाद जनहित का कार्य देखकर विधायक रामपुकार सिंह ने ग्राम कोडेकेला मे नयी सरकारी राशन दुकान की अनुशंसा कर दी थी,जिसके बाद राशन दुकान की स्वीकृति भी मिल गयी,परंतु लंबा समय बीतने के बाद भी ग्राम कोडेकेला मे आज तक राशन दुकान नही खुल सकी,जिससे अब ग्रामीणो के सब्र का बांध टूट चुका है,वे दिन गुरूवार को शहर मे रैली निकालकर ज्ञापन सौंपने की बात कह रहे है। ग्राम कोडेकेला से शिकायत लेकर पहुंचे जगन्नाथ पैंकरा,घनश्याम पैंकरा,चुडामणी यादव,चंदर साय पैंकरा,फगुराम नाग ने बताया कि ग्राम कोडेकेला मे सस्ता राशन के 1200 पात् हितग्राही है,इस गांव से घरजियाबथान ग्राम पंचायत की दूरी लगभग 7 किलोमीटर है,जहा से अभी उन्हे राशन लेना पडता है,कई बार ग्रामीण दूर से राशन लेने के कारण रास्ते मे दुर्घटनाग्रसित भी हो जाते है।

महिलाओ को हो रही परेशानी-ग्राम कोडेकेला से आये शिकायत कर्ताओ ने बताया कि उम्र दराज लोगो के अलावा महिलाओ को 7 किलोमीटर का लंबा सफर तय कर अपना राशन लाने मे काफी दिक्कतो का सामना करना पडता है,कई बार हितग्राही लंबी दूरी से राशन लाने के दौरान दुर्घटना ग्रसित भी हो चुके है। इन परेशानियों को जानने के बाद पूर्व विधायक रामपुकार सिंह ने ग्राम कोडेकेला मे नयी राशन दुकान खोलने की अनुशंसा कर दी थी,परंतु उसके बाद भी अब तक गांव मे राशन दुकान नही खुल सकी है। हितग्राहीयों ने बताया कि इस बात की शिकायत उनके द्वारा ब्लाक के जिम्मेदार अधिकारीयों के पास भी कई बार की जा चुकी है,अब ग्रामीण अपनी मांग पर सुनवायी ना होता देख शहर मे रैली निकालकर ज्ञापन सौंपने की बात कह रहे है।।

## शासकीय विभाग में बैठे बाबू कमाईदार पदों को छोड़ने में नही दिखाते दिलचस्पी

### जिला कलेक्टर के आदेश की भी इन दिनों उड़ाई जा रही धज्जियां




**पत्थलगांव, 8 फरवरी।** शासकीय विभाग मे इन दिनो बाबूराज चरम पर है,उनकी मनमर्जी के आगे जिले के आलाधिकारीयों का आदेश भी मायने नही रखता। यहा के एक शासकीय विभाग मे ऐसे ही एक बाबू की मनमर्जी देखने को मिली जो जिला कलेक्टर के आदेश के बाद भी आज तक अपने कमाईदार पद को छोडने मे दिलचस्पी नही दिखा रहा। दरअसल इस बाबू को जनपद पंचायत दुलदुला से यहा संलग्न किया गया था,जिसे वापस जिला कलेक्टर ने छः माह पूर्व मूल स्थान पर भेजने का आदेश निकाल दिया,परंतु यहा की जनपद मे आकर जिला कलेक्टर का आदेश भी रददी की टोकरी मे समा गया। यहा की जनपद कार्यालय मे बतौर संलग्न के रूप मे पदस्थ सहायक ग्रेड 2 राजकुमार अजगले को तत्कालिक व्यवस्था के लिए 23.05.2020 को जनपद पंचायत पत्थलगांव मे संलग्न किया गया था,जिसके बाद 16.08.2023 को जिला कलेक्टर ने आदेश क्रमांक-1002/वर्ष 2023-24 मे पुनः उनके मूल स्थान जनपद पंचायत दुलदुला मे भेजने का आदेश निकाला,आदेश मे उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होने की भी बात लिखी गयी,परंतु यह प्रभाव आज तक देखने को नही मिला। संबंधित सहायक ग्रेड 2 आज भी बतौर संलग्नीकरण के रूप मे पत्थलगावं की जनपद कार्यालय मे पदस्थ है,जिसे देखते हुये यहा के दूसरे बाबुओ मे काफी नाराजगी देखने को मिल रही है,उन्होने दबी जुबान उक्त सहायक ग्रेड 2 के मनमाने रवैये की शिकायत भी की है। अब देखना है कि यहा की जनपद पंचायत मे चली आ रही लापरवाही एवं जिले के उच्च अधिकारीयों के आदेश मे किस तरह की कार्यवाही की जाती है।।

# जिले के सुदूर गंगालूर, रेड्डी,पुसनार क्षेत्रों में महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं में दिखा उत्साह




**बीजापुर 8 फरवरी ।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना महिला सशक्तिकरण स्वालंबन और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करने का मार्ग तय कर रहा है जिसका ताजा उदाहरण जिले के सुदूर अंचलों की महिलाओं की प्रतिक्रिया देखने से पता चल रहा है। छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक आजादी दिलाने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना की शुरुआत की है। योजना से लाभान्वित होने के लिए बीजापुर ब्लॉक के सुदूर अंचल गंगालूर, पुसनार, रेड्डी सहित अंदरुनी क्षेत्रों की महिलाएं बढ़-चढ़कर भाग ले रही है।और अपनी प्रतिक्रियाए भी दे रही है। जिले में अब तक साढ़े तीन हजार से अधिक महिलाओं ने आवेदन भरकर बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

जिले के संवेदनशील क्षेत्र गंगालूर पुसनार, रेड्डी सहित अन्य अंदरुनी क्षेत्रों में महिलाओं की उत्सुकता देखने को मिल रही है। पेद्दापारा के कार्यकर्ता श्रीमती वंदना झाड़ी, द्वारा बताया गया कि ग्राम की महिलाओ में काफी खुशी का माहौल है छत्तीसगढ़ शासन की इस योजना से लाभान्वित होने स्वप्रेरित होकर आवेदन भरने घर से निकल रहे हैं।श्रीमती सुक्की द्वारा बताया गया। अतिरिक्त खर्चों के लिए अब कोई परेशानी नहीं होगी प्रतिमाह एक हजार रुपए से बहुत से आर्थिक समस्या हल होगी। श्रीमती सन्नी ने कहा शासन की यह योजना हमें आर्थिक आजादी दिलाने में सहायक सिद्ध होगी।हम स्वयं आर्थिक रूप से मजबूत महसूस कर रहे हैं। गल्ला का काम करने वाली मंगली ने बताया नियमित रूप से मिलने हजार रुपए से महिलाओं में बहुत हर्ष का माहौल है। महिलाओं ने प्रदेश के मुखिया को महतारी वंदन योजना लाने महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत करने के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

## 9 फरवरी को ठाकुर शोभा सिंह परिसर में लर्निंग लाइसेंस शिविर




**पत्थलगांव, 8 फरवरी।** जिला परिवहन कार्यालय द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं व आम जनता में सड़क सुरक्षा जागरूकता लाने के प्रयास से 09 फरवरी 2024 शुक्रवार को ठाकुर शोभा सिंह शासकीय महाविद्यालय परिसर पत्थलगांव में लर्निंग लाइसेंस जारी किये जाने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है,जिला परिवाहन अधिकारी ने समस्त आवेदकों से अपील की है कि लर्निंग लाइसेंस के लिए किसी भी लोक सेवा केन्द्र और च्वाईस सेंटर से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या परिवहन विभाग की वेबसाइट से स्वयं ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 09 फरवरी 2024 का स्लॉट (अपॉइंटमेंट) लेकर जशपुर में उक्त तिथि को आवेदन के साथ उपस्थित होकर इस शिविर का लाभ ले सकते हैं।

# त्रिदिवसीय कार्यशाला में शैलचित्रों के बारे में दी गई जानकारी




रायगढ़, 8 फरवरी। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के मुख्य आतिथ्य में रायगढ़ के शैलचित्रों की त्रिदिवसीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण शिविर का गरिमामय समापन, मारवाड़ी पंचायती धर्मशाला में संपन्न हुआ। कलेक्टर श्री गोयल ने रायगढ़ के शैलचित्रों की इस कार्यशाला एवं प्रशिक्षण शिविर को महत्वपूर्ण बताया और पूरे टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पुरातत्विक जानकारियों के प्रचार-प्रसार और इसके संवर्धन में हमेशा अपने सहयोग की बात कही। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर ऋषा ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर रीतु हेमनानी, गोपाल अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, मनोज श्रीवास्तव, नरेश अग्रवाल, प्रशिक्षण शिविर की पूरी टीम के साथ गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि भारतीय पुरातत्व का इतिहास काफी प्राचीन रहा है। पुरातत्व के क्षेत्र में शैलचित्रों का प्रमुख स्थान है। ऊंचे पहाड़ों पर मिलने वाले प्राचीन शैलचित्र भारतीय प्रागैतिहासिक काल के अमिट छाप है। यह धरोहर मानव के आदिम हस्ताक्षर है जो आज भी भारत के विभिन्न क्षेत्रों से पाए जाते हैं। शैलचित्र कला की दृष्टि से छत्तीसगढ़ राज्य भी काफी समृद्ध है। छत्तीसगढ़ में चितवा डोंगरी, ओंगना, कबरा पहाड़, उषाकोठी आदि जैसे शैलाश्रय प्राप्त हुए है जिनसे प्रागैतिहसिक काल की जानकारी प्राप्त होती है। किन्तु छत्तीसगढ़ के इस प्रकार के धरोहरों के बारे में यहां के स्थानीय तथा इस क्षेत्र से बाहर के लोगों में जानकारी कम है और इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व अध्ययन शाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर छत्तीसगढ़ और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में 'शैलीचित्र कला का उद्भव, विकास और नृ-पुरातत्वीय अध्ययन' विषय पर सप्त दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद नई दिल्ली, संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन तथा डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एन्ड टेक्नोलॉजी के द्वारा प्रायोजित है। इस कार्यशाला का शुभारम्भ आईआईटी भिलाई मे 02 फरवरी को हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्री अजय चंद्राकर विधायक एवं पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन तथा विशेष अतिथि के रुप में श्री अनबलगन पी. सचिव, संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन तथा प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ल कुलपति पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, छत्तीसगढ़ की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस उद्घाटन सत्र के अध्यक्ष प्रोफेसर राजीव प्रकाश निदेशक, आईआईटी भिलाई तथा संयोजक डॉ.नितेश कुमार मिश्र, वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व अध्ययन शाला, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर छत्तीसगढ़ है। कार्यशाला में भारत के विभिन्न राज्यों जैसे महाराष्ट्र, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, बिहार छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, केरल, उत्तराखंड, राजस्थान, दिल्ली, श्रीलंका आदि से लगभग 63 प्रतिभागियों ने भाग लिया है। कार्यशाला के प्रथम दो दिन के व्याख्यान आईआईटी भिलाई में हुए। इसके बाद के तीन दिन शैलचित्रों के अध्ययन हेतु प्रतिभागियों को रायगढ़ जिले लाया गया जहां वे कबरापहाड़ और उषाकोठी नामक पुरास्थल पर शैलचित्रों से संबंधित जानकारी और प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। सभी प्रतिभागी और एक्सपर्ट आईआईटी भिलाई से ट्रेन के माध्यम से रायगढ़ पहुंचे। तत्पश्चात दो व्याख्यान हुए। प्रथम व्याख्यान डॉ. अर्कीत प्रधान ;सुपरीटेंडेंट आर्कियोलॉजिस्ट, एएसआई चंडीगढ़ सर्कल का था।इन्होनें प्रतिभागियों को किसी पुरास्थल पर शैल चित्रकला के अध्ययन में किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए, इस विषय पर चर्चा की। दूसरा व्याख्यान डॉ.विनय कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर बी.एच. यू.वाराणसी ने नृ-पुरातत्त्वीय अध्ययन विषय पर दिया। जिसमें इन्होने शैल चित्रकला को जनजातियों से सम्बद्ध करने का प्रयास किया। 5 फरवरी को प्रतिभागियों को काबरा पहाड़ नामक पुरास्थल ले जाया गया। जहाँ उन्हें फील्ड ट्रेनिंग दी गई। यहा एक्सपर्ट के रूप में डॉ एसबी ओटा सेवानिवृत एडीजी, एएसआई, पुराविद निहारिका श्रीवास्तव और सुमन पाण्डेय ने शैल कला के तकनीकी पक्ष जैसे जीपीएस, जीआईएस, टोपोसीट एवं डीसटो मेटर का प्रयोग कैसे किया जाए इसका प्रशिक्षण दिया। साथ ही वरिष्ठ पुरातत्वविद प्रो.आरपी पाण्डेय भूतपूर्व विभागाध्यक्ष, प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व अध्ययन शाला, जीवाजी यूनिवर्सिटी ग्वालियर भी मौजूद थे। विषय-विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को यहां के शैलीचित्रों से परिचित करवाया। शैलीचित्रों के रंग, अंकन यहा शैल चित्र बनाने के कारण, उद्देश्य आदि विषयों पर उन्होंने विस्तृत चर्चा की। शैलाश्रयों के माप लेना, उन्हें किसी काल विशेष से संबंधित करना, उनके विभिन्न विषय वस्तुओं का अध्ययन करना भी सिखाया गया। इस फील्ड ट्रेनिंग हेतु रायगढ़ नगर के गणमान्य नागरिक मनोज श्रीवास्तव, विनोद अग्रवाल, डॉ.आनंद मूर्ति, गोपाल अग्रवाल, नरेंद्र नेताम, पर्यटन विभाग से श्रीमती आभिका तिवारी, भानु मिश्र, सूरज पेटल सरपंच पंचायत लोइंग और दाताराम पटेल का विशेष सहयोग भी प्राप्त हुआ।

रायगढ़ में तृतीय दिवस को उषाकोठी नामक एक अन्य पुरास्थल ले जाया गया वहाँ भी शैल कला का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डा.नितेश कुमार मिश्र ने किया। कार्यशाला के अंतिम दो दिन का व्याख्यान और समापन समारोह पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ में संपन्न होंगे।

## एक दिवसीय कार्यशाला में जिले में निर्यात को बढ़ावा देने की गई चर्चा



**बीजापुर,8 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिले में निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिनांक 06-02-2024 (मंगलवार) को जिला पंचायत बीजापुर के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय की अध्यक्षता में एक्सपोर्ट आउटरीच प्रोग्राम अंडर डिस्ट्रीक्ट एज एक्सपोंट हब सेमीनार का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री पाण्डेय द्वारा अपने उद्धबोधन में वानिकी, उद्यानिकी एवं कृषि क्षेत्रों में निर्यात को बढ़ावा देने कृषकों/एफपीओ की भागीदारी बढाने हेतु सुझाव दिया गया। विभागों को निर्यात योग्य उत्पादों तथा हितग्राहियों का चिन्हाकिंत कर सहयोग करने निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर सुश्री स्नेहिल ढ़ोके, असिस्टेंट डीजीएफटी एवं डायरेक्टर जनरल फारेन ट्रेड नागपुर एवं उनकी टीम द्वारा निर्यात पंजीयन के विभिन्न चरणो, एक्सपोर्ट इर्म्पोट कोड, इंडियन कन्टेनर डिपो आदि के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई है। साथ ही डाक विभाग के अधिकारी श्री एसके पैंकरा, उपसंभागीय निरीक्षक द्वारा डाक निर्यात केन्द्र के माध्यम से भी एक्सपोर्ट इर्म्पोट किये जाने के संबंध में जानकारी दी गई है। उक्त एक दिवसीय कार्यशाला में श्री नंदनवार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीजापुर, श्री अजित सुन्दर बिलुंग, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र बीजापुर, श्री कृष्णालाल, प्रबंधक, लीड बैंक बीजापुर, आरसेटी, वन विभाग, उद्यानिकी विभाग से अधिकारी, उद्यमी, एफपीओ एवं कृषकगण उपस्थित रहे है।

## महतारी वंदन योजना का कोई भी पात्र हितग्राही न छूटे, मैदानी अमला गंभीरता से करे कार्य



**बीजापुर,6 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में केंद्र एवं राज्य शासन की समस्त फ्लैगशिप योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन कर अंतिम व्यक्ति तक सुगमतापूर्वक योजनाओं को पहुंचाने में गंभीरता पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक सुगमतापूर्वक पहुंचाने योजना से लाभान्वित होने हेतु आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराकर निर्धारित तिथि तक सभी का आवेदन लेने अंदरुनी क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार करने सहित मैदानी अमला को पूरी गंभीरता पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए ताकि कोई भी पात्र हितग्राही योजना से वंचित न हो। कलेक्टर श्री पाण्डेय ने जिले संचालित समस्त विकास कार्यों का विभाग वार समीक्षा करते हुए कार्यों में प्रगति लाने समय-सीमा में सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में नवपदस्थ सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नन्दनवार, संयुक्त कलेक्टर श्री पवन कुमार प्रेमी सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी गण, समस्त अनुभाग के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय के सीएमओ उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने ली जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक



**बीजापुर,6 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक ली जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने दुर्घटनाजन्य स्थानों पर रैम्बलर स्टीप लगाने का निर्देश दिए। जिले के चिन्हांकित स्थानो पर ब्लींकर लगाने, खतरनाक व अन्धे मोड़ों पर सड़क के किनारों की साथ-सफाई व पेड़ों पर रेडियम लगाने हेतु निर्देशित किए साथ ही बसों के वाहन चालकों को शहर के निर्धारित चार बस स्टॉप स्थानों पर ही यात्रियों को उतारने व चढ़ाने का निर्देश दिए। अप्रशिक्षित वाहन चालकों को कौशल विकास योजना के तहत ड्रायवर का प्रशिक्षण जिला बीजापुर में दिया जाएगा यह दो महीने का कोर्स है जिसके बाद हितग्राहियों को रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा।नगर के सड़क किनारों पर अवैध दुकान अधिग्रहण, अवैध पोस्टर, होर्डिंग आदि को हटाने की बात कही। शहर में पार्किंग व्यवस्था, आटो-टैक्सी के ठहरने के लिए एक उचिंत स्थान की व्यवस्था करने विभागीय अधिकारी को निर्देश दिए। वाहन चालकों को पूर्ण दस्तावेजों के साथ वाहन चलाने एवं थर्ड पार्टी इंश्योरेंस नहीं होने से उनको बीमा का लाभ नहीं मिल पाता है जिसके लाभ के लिए प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिए। 18 वर्ष से कम उम्र के स्कूली बच्चों को विद्यालय परिसर में वाहन लाने प्रतिबंध लगाने की चर्चा के साथ ही सभी स्कूलों में यातायात नियमों के बारे में छात्रों को जागरूक करने कलेक्टर ने निर्देश दिए।

## जिला सीईओ ने पेड़ के नीचे लगाई चौपाल



**बीजापुर,6 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने कार्य भार ग्रहण करते ही एक्शन मोड पर दिखे धरातल पर योजनाओं की वस्तु स्थिति से अवगत होने के लिए ग्राम पंचायत पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा शुरू की है। बुधवार को भैरमगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत गुदमा और संकनपल्ली में जिला सीईओ ने पहुंचकर शासन की महत्त्वाकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की महिलाओं सहित ग्रामीणों से विस्तृत चर्चा की। जिसमें जानकारी मिली की वर्तमान में ग्राम पंचायत गुदमा में महतारी वंदन योजना हेतु 80 आवेदन प्राप्त हुए है। वहीं संकनपल्ली में निर्माणधीन आवास का निरीक्षण किया जिला पंचायत सीईओ ने उपस्थित महिलाओं को जानकारी देते हुए महतारी वंदन योजना के बारे में बताया कि प्रदेश में एक मार्च 2024 से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में महतारी वंदन योजना लागू किया गया है योजना अंतर्गत पात्रता रखने वाले महिलाओं का आवेदन जिले में 5 फरवरी से भरना प्रारंभ हो गया है।योजना अंतर्गत पात्र महिला को ?1000 प्रति माह का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जावेगा। पेंशन योजना से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को रुपए 1000 से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा।

ग्राम पंचायत गुदमा में प्रधानमंत्री आवास योजना में 18 आवास स्वीकृत है जिनमें से 7 आवास पूर्ण है शेष अपूर्ण आवासों के हितग्राहियों से चर्चा कर आवास जल्द पूर्ण करने को कहा। ग्राम पंचायत में बैंकिग सुविधा की स्थिति का जायजा लेते हुए ग्रामीणों से इसके विस्तार हेतु विस्तृत चर्चा की गई।

## एक नजर

### 12 फरवरी तक दावा आपत्ति आमंत्रित

**बलौदाबाजार, 8 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शैक्षणिक सत्र 2023-24 से संचालित होने वाले नवीन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय करहीबाजार में स्वीकृत 24 संविदा पदों हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। जिसमें प्राप्त आवेदनों के परीक्षण पश्चात् पात्र/अपात्र की सूची जारी किया जा रहा है। अपात्र अभ्यर्थी दिनांक 12 फरवरी 2024 तक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें है।निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति मान्य नही किये जायेंगे। पात्र/अपात्र की सूची जिले के वेबसाइट में भी अपलोड कर दी गई है। उक्त जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा दी गई है।

### प्रशासनिक व्यवस्था के दृष्टिकोण से तहसीलदारों की हुई नई पदस्थापना

**कोरबा 8 फरवरी।** कलेक्टर अजीत वसंत ने प्रशासनिक व्यवस्था के दृष्टिकोण से जिले में पदस्थ तहसीलदारों व नायब तहसीलदार की मुख्यालय में परिवर्तन करते हुए उन्हें आगामी आदेश पर्यन्त तक नवीन पदस्थापना कार्यालय में कार्य करने हेतु आदेशित किया है। जिसके अंतर्गत तहसीलदार कोरबा मनीष देव साहू को करतला तहसीलदार का प्रभार सौंपा गया है। इसी प्रकार तहसीलदार करतला श्री सत्यपाल प्रताप राय को बरपाली तहसीलदार, तहसीलदार बरपाली श्री राहुल पाण्डेय को कोरबा तहसीलदार एवं भू-अभिलेख शाखा कोरबा में संलग्न नायब तहसीलदार लक्ष्मण राठिया को तहसील कोरबा में पदस्थापना की गई है।

### भारतीय वायुसेना अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन तिथि 11 फरवरी तक बढ़ी

**बलौदाबाजार, 8 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय वायुसेना अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाईन पंजीयन एवं आवेदन की तिथि में वृध्दि की गई है। आवेदन की अंतिम तिथि अब 11 फरवरी 2024 तक निर्धारित की गई है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार से प्राप्त जानकारी अनुसार भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु ऐसे आवेदक जिनका जन्म 02 जनवरी 2004 से 02 जुलाई 2007 के मध्य हुआ हो, वे ऑनलाईन पंजीयन हेतु पात्र होगे। आवेदक किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था अथवा बोर्ड से गणित, भौतिक एवं अंग्रेजी विषयों के साथ 50 प्रतिशत एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंकों के उत्तीर्ण अथवा इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा 50 प्रतिशत अंको के साथ ही अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक हो अथवा किसी भी विषय में 12वी 50 प्रतिशत अंकों के साथ एवं अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। विस्तृत जानकारी एवं ऑनलाईन पंजीयन हेतु वेबसाइट एचटीटीपीएस डबल स्लेस अग्निपथवायु डॉट सीडीएसी डॉट इन पर लॉगिन कर सकते है।

### महतारी वंदन योजना का लाभ लेने जिले की महिलाओं में विशेष रूचि

**कोरबा 8 फरवरी।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा सराहनीय पहल करते हुए महतारी वंदन योजना संचालित की जा रही है। योजना से महिलाओं को लाभ पहुंचाने हेतु उनसे आवेदन लिया जा रहा है। जिले में महतारी वंदन योजना अंतर्गत योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं में विशेष रूचि नजर आ रही है। फार्म भरने के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं में खासा उत्साह है। इस योजना के प्रति जिले की महिलाओं ने अपनी खुशी जाहिर की है और उनके चेहरे पर प्रसन्नता व्याप्त है। कोरबा नगरीय क्षेत्र के पुरानी बस्ती में आयोजित शिविर में रानीरोड क्षेत्र की महिलाओं ने महतारी वंदन योजनांतर्गत फार्म भरने के लिए उत्साह दिखाया। शिविर में महिलाओं को आवेदन के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करने, आवश्यक दस्तावेज संलग्न करने एवं फार्म भरने में सहायता करने हेतु हेल्प डेस्क भी लगाया गया है।

## आयोग ने करवाई भाई-बहनों में सुलह, बहन को मिला इंसाफ

# आयोग की आड़ में अवैध कार्य स्वीकार्य नहीं: किरणमयी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 8 फरवरी।** छत्तीसगढ़ महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक की अध्यक्षता एवं सदस्यगण सुश्री डॉ अनीता रावटे ने आज प्रदेश स्तर में 238 वीं एवं जिला स्तर में 6 वीं नम्बर की सुनवाई जिला पंचायत के सभागार में की गई।

सुनवाई में आज कुल 41 प्रकरण रखे गये थे। जिसमें 17 प्रकरणों के आवेदक उपस्थित रहे एवं उनकी सुनवाई की गयी। उसमें से आज 7 प्रकरणों को निराकरण करते हुए नस्तीबद्ध किया गया। साथ ही कुछ प्रकरणों को सुनवाई हेतु रायपुर स्थानन्तरण किया गया है।

डॉ. नायक ने महिलाओं को समझाईश देते हुए कहा कि घरेलू आपसी मनमुटाव का समाधान परिवार के बीच किया जा सकता है। घर के बड़े बुजुर्गों का सम्मान एवं आपसी सामंजस्य सुखद गृहस्थ के लिए महत्वपूर्ण है। साथ ही आयोग के आड़ में अवैध कार्य को किसी भी तरह से स्वीकार्य नही किया जाएगा। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित सुनवाई में मुख्य रूप से महिलाओं से मारपीट मानसिक शारीरिक दैहिक प्रताड़ना कार्यस्थल पर प्रताड़ना दहेज प्रताड़ना से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की गई। इसके साथ ही उन्होने समाज के नाम में जबरदस्ती तलाक दिलाने एवं बहिस्कृत, हुक्का पानी बंद करने वालो को चेताते हुए कहा कि सभ्य समाज में इस तरह की असमाजिक कार्य बर्दाश्त नही की जाएगी। समाज के नाम में दिए गए तलाक किसी भी स्थिति में मान्य नहीं है। ऐसे कार्य पूर्णत गैरकानूनी है।




आज की सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि इसे चारों भाई अनावेदक गणों के द्वारा कोई भी भरण- पोषण नहीं दिया जा रहा है तथा सभी जमीन को आपस में बांट लिए हैं। और आवेदिका को बिलकुल भी सहयोग नहीं करते हैं। अनावेदक क्र.1 के बेटे ने नेशनल लोक अदालत के आदेश दिनांक 11 सितंबर 2021 का प्रति प्रस्तुत किया,जिसके अनुसार चारों अनावेदकगणों द्वारा आवेदिका को प्रतिवर्ष 8000 रूपये देना था। जिसे अब तक दो वर्ष में 1 भी किश्त नहीं दिए हैं। जो न्यायालय के आदेश का अवमानना का प्रकरण बनता है। इस स्तर पर अनावेदक 1, 2 और 4 तीनों ने आवेदिका को पिछले 2 वर्ष का बकाया राशि कुल 16 हजार रूपये दो किश्त में देना स्वीकार किया है। तथा अनावेदक क्र.3 लोक अदालत के निर्णय मानने से इंकार कर रहा है। जिसके खिलाफ आवेदिका चाहे तो सखी सेंटर के निःशुल्क सहायता से न्यायालय में कार्यवाही करवा सकती है। अनावेदक क्र. 1, 2 एवं 4 द्वारा दो वर्ष का बकाया 16 हजार रूपये दो किश्तों में अप्रैल 2024 तक प्रति व्यक्ति 16 हजार रूपये आवेदिका के खाते में जमा करेंगे। तथा अनावेदक 3 इस वर्ष का 10000 रूपये इस वर्ष फरवरी 2024 में जमा करेगा। तथा शेष अनावेदकगण वर्ष 2024 का 10 हजार रूपये का भुगतान नवम्बर 2024 तक करेंगे तथा इसकी पुरी निगरानी एक वर्ष तक संरक्षण अधिकारी द्वारा किया जायेगा व रिपोर्ट आयोग को भेजी जायेगी। उस रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण भविष्य में नस्तीबद्ध किया जायेगा। अन्य प्रकरण में आवेदिका ने बताया कि उसका पति मारपीट करता है, ठीक से भरण पोषण भी नहीं करता इस कारण आवेदिका साथ नहीं रहना चाहती और एक मुश्त भरण पोषण की मांग करते हुए तलाक चाहती है। इस प्रकरण में संरक्षण अधिकारी प्रतिमाह दोनों पक्षों को बुलाकर देखरेख करेगी। फिर भी सुलह न हो तो आपसी राजीनामा के साथ दोनों का एक मुश्त भरण पोषण दिलाकर निःशुल्क तलाक हेतु प्रक्रिया करवायेगी। उसी तरह एक बहुचर्चित मामले जिसमें एक अधिकारी जहां जाते है वहा शादी कर लेते है। उस प्रकरण के मामले में आवेदिका कसडोल निवासी के शिकायत पर आयोग ने डीएनए टेस्ट कराया गया। जिस पर रिपोर्ट निगेटिव आया है। आवेदक बेटी उनका जैविक संतान नही होना पाया गया है। जिस पर उक्त केस को नस्ती बद्ध किया गया है। इसी तरह अन्य प्रकरण में अनावेदक क्र. 1 व 2 में आवेदिका को छोड़ दिया है और आवेदिका को भरण पोषण भी नहीं दे रहे है। सामाज का दबाव डालने के लिए सामाज ने भी छोड़ रखा है शेष अनावेदक जानबूझ कर अनुपस्थित रहे है। इन सब की आवश्यक उपस्थिती कराने हेतु प्रकरण को एसडीओपी निधि नाग को दिया गया। वह दो माह के अंदर सभी अनावेदक गणों को बुलाकर आवेदिका के साथ सामाजिक छोड़-छुट्टी मामले का निराकरण 02 माह के अन्दर करके आयोग को प्रेषित करेंगी।

## मनरेगा के क्रियान्वयन में बलौदाबाजार- भाटापारा जिले का राज्य में दूसरा स्थान

# 491 ग्रामों के 73 हजार से अधिक हितग्राही हो रहे हैं लाभान्वित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 8 फरवरी।** कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश एवं जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन के सतत मॉनिटरिंग में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के क्रियान्वयन में बलौदाबाजार-भाटापारा जिले का पूरे राज्य में दूसरा स्थान है। जिले के 491 ग्राम पंचायतों में 73 हजार 70 हितग्राहियों को रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। जिसमें जनपद पंचायत कसडोल के 116 ग्राम पंचायतों में 19 हजार 413, भाटापारा के 87 ग्रामों में 14 हजार 39, पलारी के 90 ग्रामों में 11 हजार 362, बलौदाबाजार के 100 ग्रामों में 11 हजार 389,एवं सिमगा के 98 ग्रामों में 16 हजार 867 हितग्राही शामिल है। सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा के के साहू ने जानकारी देते हुए कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना ग्रामीणों के आजीविका का आधार स्तंभ है। योजना से ग्रामीणो को रोजगार की प्राप्ति के साथ ही साथ ग्रामो में स्थायी परिसंपत्ति का निर्माण भी किया जाता है। जिसमे मुख्यतः




पंजीकृत श्रमिको को रोजगार प्रदाय किया जाना,जल संरक्षण के कार्यो पर व्यय,कृषि एवं कृषि कार्य से संबंध संरचनाओ पर व्यय,समय पर मजदूरी भुगतान,समय पर कार्यो की स्वीकृति, प्रति परिवार औसत सृजित मानव दिवस,कार्य का पूर्णता का प्रतिशत,आंगनबाड़ी भवन निर्माण,निजी डबरी, सामुदायिक नवीन तालाब,कुंआ निर्माण आदि शामिल है। इसके साथ ही उन्होनें बताया कि विभाग द्वारा राज्य स्तर की जारी सूची के आधार पर बलौदाबाजार -भाटापारा जिला दूसरा स्थान जबकि रायपुर जिला को पहला एवं महासमुंद को तीसरा स्थान रोजगार के मानव सृजन में मिला है।

कलेक्टर ने इस उपलब्धि हेतु महात्मा गांधी नरेगा के समस्त अधिकारी,कर्मचारी, रोजगार सहायक एवं ग्राम पंचायतो के सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि को बधाई एवं धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा का कार्य बिना जनप्रतिनिधियों के सहयोग बिना संभव नही हो पाता है। उनके जागरूकता से ही मनरेगा के कार्य गावों में सुचारू रूप से चल पाता है। उन्होंने आगें कहा की भविष्य में भी हमें इसी तरह कार्य करतें रहना है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना: 986 आवासगृहों का आबंटन करने जा रहा है निगम

**कोरबा, 8 फरवरी।** नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत दादरखुर्द में बनाए गए आवासगृहों में से 986 मकानों का आबंटन निगम करने जा रहा है, जिनके पास अपना स्वयं का मकान नहीं है तथा जो किराये के मकान में रह रहे हैं, उन्हें अपना स्वयं का मकान पाने का यह बेहतर अवसर है, मकान पाने के लिए 26 फरवरी के पहले-पहले अपने आवेदन निगम में जमा करा सकते हैं। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना '' मोर मकान-मोर आस '' अंतर्गत दादरखुर्द बस्ती के समीप 2784 आवासगृहों (फ्लैट) का निर्माण कराया गया है, 2784 आवासगृहों की उक्त विशाल आवासीय कालोनी में सड़क, नाली, पानी, बिजली सहित विविध मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं, इसके साथ ही कालोनी में उद्यान व सामुदायिक भवन जैसी सुविधाओं पर भी कार्य किया जाएगा। उक्त आवासगृह फ्लैट के रूप में बने हुए हैं तथा भूतल, प्रथम तल, द्वितीय तल एवं तृतीय तल में स्थित हैं। उक्त आवासीय कालोनी में पूर्व में 174 आवासगृह पात्र हितग्राहियों को आबंटित कर दिये गये थे, अब पुनः 986 आवासगृहों का आबंटन निगम करने जा रहा है, इस हेतु निगम द्वारा 26 फरवरी तक इच्छुक लोगों से आवेदन मंगाए गए हैं, मकान लेने के इच्छुक व्यक्ति सम्पूर्ण रूप से भरे हुए अपने आवेदन निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित पी.एम.ए.वाई. शाखा में जमा करा सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप प्राप्त करने हेतु संबंधित व्यक्ति को 100 रूपये का शुल्क निगम कोष जमा करना होगा। साकेत भवन प्रवेशद्वार पर काउंटर स्थापित - आमजन की सुविधा के मद्देनजर आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देश पर निगम के मुख्य प्रशासनिक कार्यालय साकेत भवन के प्रवेशद्वार के समीप काउंटर स्थापित किया गया है।


**न्यायालय नजूल अधिकारी, बलौदाबाजार**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

आनलाईन क्रमांक/202401210200135/
अ-20 (3) वर्ष 2023-2024

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदक धनंजय यादव पिता स्व. मोतीलाल यादव जाति राउत निवासी नयापारा आजाद चौक बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा नगर बलौदाबाजार स्थित भूमि नजूल शीट क्रमांक 14 डी, भूखण्ड क्रमांक 8/5 क्षेत्रफल 252 वर्गफीट मकान वो खुली जगह भू-भाटक 1.68 जो भूधारक केजाबाई पति बोंदरू यादव, कृष्ण कुमारी बेवा मोतीलाल, धनंजय पिता मोतीलाल साकिन बलौदाबाजार की नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। भू-धारक केजाबाई पति बोंदरू यादव की मृत्यू दिनांक 01.02.2016 को हो जाने के कारण उनका नाम विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने तथा शेष धारकगण का नाम यथावत रखे जाने हेतु आवेदक द्वारा मेंटनेंस खसरा की प्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 12.02.2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**बलौदाबाजार**


# प्रशासन की टीम ने रुकवाया बाल विवाह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 8 फरवरी।** जिले में नाबालिग बालक-बालिका का बाल विवाह करवाने की सूचना पर बलौदाबाजार जिला प्रशासन हरकत में आया। महिला बाल विकास की टीम ने मौके पर जाकर बाल विवाह को रुकवाया । समझाईश पर बालिका के माता -पिता और गांव वालों ने सहमति दी और नाबालिग लड़की का विवाह करने से रोका गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री टिक्केन्द्र जाटवर ने बताया कि जिले के करहीबाजार चौकी क्षेत्र के एक गांव में 12 वर्ष की बालिका का बाल विवाह बिलासपुर निवासी 19 वर्षीय नाबालिग बालक से करवाया जा रहा था।

1098 चाईल्ड लाइन पर सूचना मिलने पर कलेक्टर श्री चंदन कुमार के निर्देश पर फौरन महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाईल्ड लाईन और करहीबाजार चौकी पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश दी, बालिका एवं बालक के बालिग होने संबंधित जन्मतिथि हेतु मार्कशीट देखी गई, जिससे बालिका की उम्र महज 12 वर्ष मिली वही बालक की उम्र 19 वर्ष पाया गया। महिला बाल विकास की टीम द्वारा परिजनों को समझाईश भी दी गई कि बालिका की आयु 18 साल एवं बालक की आयु 21 साल पूरी होने पर ही विवाह किया जा सकता है।साथ ही परिजनों से घोषणा पत्र भी भरवाया गया है।

टीम ने परिजनो को बताया कि बाल विवाह कराया जाना और करना, दोनों ही कानून अपराध है, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के बारे में उन्हें जानकारी दी गई, यह भी बताया गया कि बाल विवाह कराने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।


**न्यायालय नजूल अधिकारी, बलौदाबाजार**
**जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

आनलाईन क्रमांक/202401210200134/
अ-20(3) वर्ष 2023-2024

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदक धनंजय यादव पिता स्व. मोतीलाल यादव जाति राउत निवासी नयापारा आजाद चौक बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा नगर बलौदाबाजार स्थित भूमि नजूल शीट क्रमांक 14 डी. भूखण्ड क्रमांक 8/9 क्षेत्रफल 600 वर्गफीट मकान भू भाटक 3.70 जो भूधारक केजाबाई पति बोंदरू यादव साकिन आजाद चौक बलौदाबाजार की नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। भू-धारक केजाबाई पति बोंदरू यादव की मृत्यू दिनांक 01.02.2016 को हो जाने के कारण उनका नाम विलोपित कर उनके वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदक द्वारा मेंटनेंस खसरा की प्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी को आपत्ति/ दावा हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 12.02.2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**बलौदाबाजार**



## कार्यालय नगर पालिक निगम राजनांदगांव ( छ.ग. )

### //निविदा सूचना//

क्रमांक/1687/निविदा/स्था./2023-24 राजनांदगांव दिनांक 06/02/2024

नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय में आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | मद व कार्य का नाम | राशि (लाख में) | निविदा प्रस्तुती की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना-07 सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण कार्य | 1.12 | 27/02/2024 |
| 2 | समग्र शिक्षा-वार्ड 7 में शा.प्रा.शाला क्रमांक 7 राजनांदगांव में मरम्मत | 2.00 | |
| 3 | समग्र शिक्षा-मा.शा.प्यारेलाल स्कूल तुलसीपुर में 02 अतिरिक्त कक्ष निर्माण | 15.08 | |
| 4 | मरम्मत संधारण-वार्ड 14 रैन बसेरा (आश्रय स्थल) मरम्मत | 1.50 | |
| 5 | मरम्मत संधारण-वार्ड 37 में नाली व सड़क मरम्मत | 1.01 | |
| 6 | पार्षद निधि- वार्ड 27 में गर्ल्स स्कूल पीछे सामुदायिक भवन मरम्मत | 3.90 | |
| 7 | पार्षद निधि- वार्ड 27 में पवार गली व अन्य स्थानों में सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण | 6.00 | |
| 8 | पार्षद निधि- वार्ड 27 में अग्रसेन गार्डन मरम्मत कार्य | 2.00 | |
| 9 | महापौर निधि- वार्ड 03 मोतीपुर सामुदायिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, वाटर सप्लाई व रिनोवेशन | 4.00 | 22/02/2024 |
| 10 | विधायक निधि-भारती कन्या उ.मा.वि. भरकापारा में कक्ष निर्माण | 5.00 | 19/02/2024 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से एवं विभागीय वेबसाईट www.mcrjn.com एवं www.uad.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**राजनांदगांव**


## राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 11 को पीएससी ने जारी किए प्रवेश पत्र

■ **दो पालियों में होगी परीक्षा, 20 परीक्षा केंद्रों पर 7 हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल**

**कोरबा 8 फरवरी।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 रविवार 11 फरवरी को पूर्वान्ह 10:00 बजे से दोपहर 12:00 तक तथा अपरान्ह 03:00 से शाम 05:00 तक दो पालियों में होगी। इस परीक्षा में जिले में 7086 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनके लिए 20 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। परीक्षार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय ई.व्ही.पी.जी. महाविद्यालय रजगामार रोड कोरबा में मार्गदर्शन केंद्र बनाया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07759-221458 है। परीक्षार्थी इस नंबर पर डायल करके आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए परीक्षा स्थलों के आकस्मिक निरीक्षण के लिए उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उड़नदस्ता दल में तीन-तीन अधिकारी शामिल किए गए हैं। दल क्रमांक 01 में कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग कोरबा जी. आर. जांगड़े, रामपुर थाना के प्रधान आरक्षक 99 आकाश शर्मा तथा रामपुर थाना आरक्षक 666 अर्जुन सिंह होंगे। दल क्रमांक 02 में कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग कोरबा अनिल कुमार बच्चन, मानिकपुर चैकी के प्रधान आरक्षक 877 अवधेश यादव व आरक्षक 747 मानिकपुर चैकी प्रदीप राठौर होंगे। दल क्रमांक 03 में सहायक अभियंता पीएमजीएसवाय कोरबा प्रदीप कुमार साहू प्रधान आरक्षक 259 थाना कोतवाली गोपाल साहू व आरक्षक 529 थाना कोतवाली रामधन पटेल होंगे। दल क्रमांक 04 में सहायक श्रमायुक्त राजेश आदिले, प्रधान आरक्षक 421 थाना उरगा सचिन नवनीत व आरक्षक 520 थाना उरगा सनोज सिंह शामिल होंगे। दल क्रमांक 05 में कार्यपालन अभियंता हसदेव बॅराज पी. के. वासनिक, प्रधान आरक्षक 357 थाना दर्री सत्यनारायण यादव व आरक्षक 245 थाना दर्री कृष्ण कुमार तिवारी होंगे। दल क्रमांक 06 में सहायक अभियंता क्रेडा दीपक साहू, प्रधान आरक्षक 301 चैकी रजगामार केरोबिन बड़ा व आरक्षक 36 थाना बाल्को राजेन्द्र यादव होंगे। दल क्रमांक 07 में कार्यपालन अभियंता छ0ग0 हाउसिंग बोर्ड आर. के. दन्देलिया, प्रधान आरक्षक 334 रक्षित केंद्र कोरबा संदीप पाण्डेय व आरक्षक 380 रक्षित केंद्र कोरबा मनीष खुंटे शामिल रहेंगे।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड नारायणपुर जिला-नारायणपुर

(जल जीवन मिशन)

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

निविदा क्र. 466, 467, 468, 469, 470, 471/त.शा./का.अ./लो.स्वा.यां.वि./2024 नारायणपुर/दिनांक 06.02.2024

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से जिला नारायणपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 152577, 152579, 152589 152596, 152601, 152637 | जिला नारायणपुर के विकासखण्ड नारायणपुर/ओरछा के 73 ग्रामों में 150 मि.मी. 90 मी. गहराई के 155 नग नल-कूप खनन कार्य | 144.58 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 14.02.2024 है।

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**नारायणपुर (छ.ग.)**

जी-07587/5



## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर
## जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

### संशोधन क्र.-1

**निविदा सूचना क्रमांकः 11/व.ले.लि./2023-24, दिनांक 17/01/2024 निविदा सिस्टम क्र. 151715 शिवनाथ नदी पर कुकुर्दी (अमलडीहा) एनीकट का निर्माण कार्य योजना में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है:**

| S.No. | Item | Previous issue | Amendment |
|---|---|---|---|
| 1. | **Bid Start Date and Time:** ( The Date and time from which bidders start preparation Submission of their bid response, before this bidder's action will not be allowed) | **Date 24/01/2024 (Time 17:31)** | **Date 24/01/2024 (Time 17:31)** |
| 2. | **Bid Due date & time** (The last date & time for submission of bid response. after which no bids can be submitted) | **Date 07/02/2024 (Time 17:30)** | **Date 14/02/24 (Time 17:30)** |
| 3. | **Bid Open, Start date & time** (The date of opening of Envelop-A&B online) | **Date 08/02/2024 (Time 11:30)** | **Date 15/02/24 (Time 11:30)** |

**निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।**
**विज्ञापन क्र. 07190 दिनांक 18.01.2024**

**कार्यपालन अभियंता**
**खारंग जल संसाधन संभाग**
**बिलासपुर(छ.ग.)**

जी-07602/7



## कार्यालय नगरपालिका परिषद् बीजापुर, जिला-बीजापुर (छ.ग.)

कार्यालय 07853 220127, Email id:- nagarpanchayat.bijapur@rediffmail.com

क्रमांक/795/रा.शा./बा.नी./न.पा.परि./2023-24 बीजापुर, दिनांक 31/01/2024

### मैनुअल पद्धति से नीलामी हेतु आमंत्रण सूचना वित्तीय वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद बीजापुर के स्वामित्व का टैक्सी स्टैण्ड/अस्थाई दखल शुल्क/साइकिल, मोटर साइकिल स्टैण्ड, करों/शुल्क वसूली हेतु ठेका दिनांक **01.04.2024** से **31.03.2025** तक 01 वर्ष की अवधि के लिए नीलामी दिनांक 19.02.2024 को कार्यालय नगर पालिका परिषद के सभा कक्ष में समय प्रातः 11:00 बजे से रखा गया है। इच्छुक व्यक्ति निर्धारित अमानत राशि जमा कर बोली में भाग ले सकते हैं। अमानत राशि समय प्रातः 10:30 बजे तक जमा कर सकते हैं।

**1. आवेदन एवं अमानत राशि जमा करने की अंतिम तिथि :- 15.02.2024**

| क्रमांक | कार्य का नाम | शासकीय बोली/ अनुमानित लागत | अमानत राशि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 01 | टैक्सी स्टैण्ड | 3,00,000/- | 30,000/- | |
| 02 | अस्थाई दखल शुल्क | 5,60,000/- | 56,000/- | - |
| 03 | साइकिल, मोटर साइकिल स्टैण्ड शुल्क | 15,000/- | 1500/- | |

**टीप:-** अन्य नियम शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में (अवकाश के दिनों को छोड़कर) अवलोकन कर सकते हैं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् बीजापुर**
**जिला-बीजापुर (छ.ग.)**

## एक नजर

### पीपीएल ने कानूनी लड़ाई में ऐतिहासिक जीत हासिल की

**रायपुर, 8 फरवरी।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने कॉपीराइट सोसाइटी के रूप में पंजीकरण की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए म्युज़िक लाइसेंसिंग के दिग्गजों फोनोग्राफिक परफोर्मेन्स लिमिटेड (पीपीएल) और नोवेक्स कम्युनिकेशन्सल प्रा. लिमिटेड (नोवेक्स) के द्वारा कॉपीराइट मालिकों के रूप में लाइसेंस जारी करने के अधिकारों को स्पष्ट रूप से बरक़रार रखा है। 24 जनवरी 2024 को सुनाया गया यह ऐतिहासिक फैसला साइउण्ड रिकॉर्डिंग लाइसेंस के लिए मालिक के अधिकारों के दायरे पर लम्बे समय से चल रही बहस को हल करता है। इस कानूनी लड़ाई में पीपीएल की जीत न सिर्फहमारी बल्कि पूरे संगीत उद्योग की जीत हैं। बॉम्बे हाई कोर्ट का फैसला कॉपीराइट मालिकों एवं एक्सक्लुज़िव लाइसेंसियों के अधिकारों पर ज़ोर देते हुए पीपीएल को उल्लंघन से सुरक्षा के टूल्स प्रदान करता है जो असली म्युज़िक लेबल्स पर मेहनत से कमाए गए निवेश को कमज़ोर बनाते हैं। यह जीत संगीत उद्योग को संचालित करने वाले रचनात्मक प्रयासों के सम्मान और संरक्षण के महत्व को रेखांकित करती है, साथ ही ऐसे भविष्य के निर्माण को बढ़ावा देती है जहां कॉपीराईट्स में निवेशकों कलाकारों और उनकी रचनाओं को महत्व दिया जाएगा और सुरक्षित रखा जाएगा। जी.बी. अय्यर एमडी एवं सीईओ पीपीएल ने कहा।

### शाम 6 बजे बीजेपी प्रदेश चुनाव समिति की होगी बैठक

**रायपुर, 8 फरवरी।** प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी में बैठकों का दौर लगातार चल रहा है. इसी कड़ी में आज बीजेपी की प्रदेश चुनाव समिति की बैठक होनी है. ये बैठक प्रदेश प्रभारी ओम माथुर की अध्यक्षता में शाम 6 बजे बीजेपी कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे में होगी. जिसमें सीएम विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव समेत वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे.

### पिडिलाइट ने की नई फैक्ट्री लॉन्च

**रायपुर, 8 फरवरी।** पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड (पिडिलाइट), निर्माण और विशेष रसायनों के अग्रणी निर्माता, ने अपने प्रमुख टाइल एडहैसिव ब्रांड, रॉफके लिए लखनऊ के पास संडीला में एक नई अत्याधुनिक विनिर्माण प्लांट के उद्घाटन की घोषणा की है। 11, 000 वर्गमीटर में फैली यह पूरी तरह से ऑटोमेटेड सुविधा, उत्तर भारत में रॉफकी मौजूदगी को बढ़ाने, मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार के कुछ क्षेत्रों के बाजारों में सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार है। भरतपुरी, प्रबंध निदेशक, पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने कहा कि यह ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट इस इंडस्ट्री को आधुनिक बनाने और भारत में टाइल्स और पत्थरों को अधिक मजबूती के साथ पकड़ बनाए रखने, फिक्स करने या जोड़ने के तरीके को बदलने की हमारी योजना का हिस्सा है। हमारा उद्देश्य पारंपरिक सीमेंट के बजाय टाइल फिक्सिंग के लिए एक स्पेशल एडहैसिव उत्पाद के उपयोग के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इसलिए, हम देश के विभिन्न क्षेत्रों में हाईक्वालिटी कंस्ट्रक्शन कैमिकल सॉल्यूशंस की उपलब्धता बढ़ाना जारी रखते हैं। रॉफके पास ग्राहकों के सामने आने वाली हर तरह की टाइल और पत्थर फिक्सिंग चुनौतियों के लिए सही समाधान हैं।

### स्पाइस मनी व्यापारियों को सशक्त बना रही

**रायपुर, 8 फरवरी।** भारत के ग्रामीण इलाकों में बैंकिंग के क्षेत्र में क्रांति ला रही फिनटेक कंपनी, स्पाइस मनी (डिजिस्पाइस टेक्नोलॉजीज़ की अनुषंगी कंपनी) छत्तीसगढ में अपने स्पाइस मनी गारंटी ड्राइव के साथ एक महत्वाकांयात्रा शुरू करने के लिए तैयार है। इस रणनीतिक पहल का उद्देश्य है, 21 शहरों में साझेदारी को मज़बूत करना और वितरकों को शामिल करना, जिससे इसके नैनोप्रेन्योर समुदाय के लिए अधिक परस्पर जुड़े परितंत्र को बढ़ावा दिया जा सके। पिछले साल, स्पाइस मनी ने छत्तीसगढ में 3131 करोड़ का प्रभावशाली सकल हस्तांतरण मूल्य (जीटीवी) दर्ज किया, जो इसके अधिकारी नेटवर्क के उल्लेखनीय विस्तार के कारण संभव हुआ। नैनोप्रेन्योर वाले इस नेटवर्क में, 2022 से 2023 तक 7त्न की प्रभावशाली वृद्धि हुई, जिससे 4 करोड़ का समग्र हस्तांतरण हुआ और वित्तीय पहुंच बढ़ाने में स्पाइस मनी की महत्वपूर्ण भूमिका प्रदर्शित हुई।

# राज्य का बजट 9 को किया जाएगा पेश

## सवा लाख करोड़ के आसपास का बजट होने का अनुमान

■ मुख्य नगरसंवाददाता




**रायपुर, 8 फरवरी।** विधानसभा के बजट सत्र में वित्त मंत्री ओपी चौधरी 9 फरवरी को वर्ष 2024-25 का बजट वार्षिक बजट पेश करेंगे। बजट में मोदी की गारंटी और भाजपा के संकल्प पत्र को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। यह बजट सवा लाख करोड़ के आसपास का होगा। वित्त विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2024-25 के बजट के लिए सरकार ने सभी वर्गों को लाभ देने के लिए अपने संकल्प को अमलीजामा पहनाने का प्रयास किया है। बजट में अधोसंरचना के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आदिम जाति विभाग के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं बनाई गई है। जीएसटी से प्राप्त होने वाली राशि के आधार पर बजट बनाया गया है। केंद्र प्रवर्तित योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लिया जाएगा। डबल इंजन वाली सरकार को केंद्र से अधिक से अधिक राशि मिलने की उम्मीद है।

राज्य के पास आर्थिक स्त्रोतों का अभाव है इसलिए संकल्प पत्र में किए गए महतारी वंदन योजना, युवा एंव अन्य योजनाओं के लिए प्रावधान किया गया है। राज्य शासन के वित्त विभाग के अनुसार कुल राजस्व प्राप्तियां एवं सकल घरेलू बजट के आधार पर तैयार किया गया है।

बजट में स्थापना व्यय, पेंशन तथा ऋण के बढ़ते दबाव में नई योजनाएं बनाना मुश्किल है। राज्य के पास कुल आर्थिक स्त्रोतों के आधार पर 45 हजार लाख का बजट तैयार किया गया है। राज्य से 55 हजार लाख राशि प्राप्त होना अनुमानित है। इस तरह यह बजट 94 हजार लाख का होगा। लेकिन बढ़ती महंगाई एवं मूल्य वृदिध के कारण इसकी लागत बढ़ गई है। बजअ सवा लाख करोड़ तक पहुंचने की संभावना है। बजट तैयार करने में वित्त सचिव एवं बजट संचालक की विशेष भूमिका है।

# विप्र पब्लिक स्कूल में पुरस्कार पाकर चहक उठे बच्चे




**रायपुर, 8 फरवरी।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र पब्लिक स्कूल में 6वा वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह मुख्य अतिथि डॉक्टर मेघेश तिवारी प्राचार्य, विप्र कालेज की गरिमामय उपस्थित एवं डॉ .दिव्या शर्मा विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

विप्र पब्लिक स्कूल वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा और दीप प्रज्वलन से हुआ। विप्र पब्लिक स्कूल के पुरस्कार वितरण समारोह में डॉ. मेघेश तिवारी ने पालकों को संबोधित करते हुए कहा बच्चों को सही अर्थो में शिक्षित करने का दायित्व विप्र पब्लिक स्कूल पूरी निष्ठा से कर रहा है। विप्र पब्लिक स्कूल का उद्देश्य कम फीस में सभी बच्चों तक अच्छी शिक्षा पहुंचाना है। उन्होंने कहा 10 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन नवीन भवन में आगामी सत्र से प्रारंभ होगा।उन्होंने सभी बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दीं और कहा सभी बच्चों को अंग्रेज़ी के साथ अपनी मातृभाषा हिन्दी और छत्तीसगढ़ी का ज्ञान होना भी जरूरी है। समारोह के अध्यक्ष डॉ दिव्या शर्मा ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और कहा सभी बच्चों को स्कूल के सभी प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। हारना और जितने से अधिक महत्वपूर्ण भाग लेना है। स्कूल की प्राचार्या पद्मा ओझा ने सत्र 2023-24 में स्कूल के समस्त गतिविधियों को प्रस्तुत करते हुए आगामी सत्र की रूपरेखा संक्षिप्त में प्रस्तुत की और सभी बच्चों को भविष्य में और उन्नति करने का आशीर्वाद दिया।

विप्र पब्लिक स्कूल के पुरस्कार वितरण समारोह में साल भर आयोजित किये गए विभिन्न विधाओं अंतर्गत खेल, संस्कृतिक और शैक्षणिक कार्यक्रमों के विजेता और उपविजेता को अतिथियों ने प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया। अनुशासन उपस्थित और वार्षिक मूल्यांकन परिणाम के आधार पर मिडिल से केसर सोनी (कक्षा आठवीं) को सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी का पुरस्कार प्रदान किया गया और खेलों में सबसे अधिक मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में युवराज सिंह (कक्षा सातवीं) प्रथम रहे।इस अवसर पर समस्त शिक्षक, विद्यार्थियों और बड़ी संख्या मे पालकगण उपस्थित थे।

## पटाखा कारखाना में सुरक्षा इंतजामों को देखने पहुंचे कलेक्टर और एसपी

**रायपुर, 8 फरवरी।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और एसपी संतोष सिंह आज अभनपुर के दुर्घटनाजन्य क्षेत्र बस्ती चौक और कठिया मोड पहुंचे। पिछले दिनों यहां सड़क दुर्घटना हुई थी। कलेक्टर ने यहां नागरिकों से चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को स्थल में तुरंत लाइट, ट्रंबल स्ट्रिप लगाने और ट्रैफिक पुलिस तैनात करने के दिए निर्देश। कलेक्टर डॉ गौरव सिंग ने अभनपुर के ग्राम भेलवाडीह स्थित स्टार पाइरोटेक पटाखा कारखाने का निरीक्षण किया और सुरक्षा इंतेजामों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।



## पेटीएम के स्थान पर अन्य पेमेंट एप पर शिफ्ट होने की सलाह

**रायपुर, 8 फरवरी।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि रिज़र्व बैंक द्वारा हाल में पेटीएम पर लगाये प्रतिबंधों को लेकर देश भर में व्यापारी जो पेटीम का उपयोग कर रहे हैं, मैं अपने धन को लेकर बेहद चिंताएँ और आशंकाएँ है, जिसके तहत कैट ने देश भर में पेटीएम का उपयोग करने वाले व्यापारियों को सावधान करने के लिए सलाह जारी की है जिसमें कहा गया है कि पेटीएम उपयोगकर्ता अपने धन की सुरक्षा के लिए तुरंत उपाय करें और बिना किसी नुक़सान के अपने वित्तीय लेन-देन को सुनिश्चित करें। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने कहा कि बड़ी संख्या में लोग छोटे व्यापारी, विक्रेता, हॉकर्स और महिलाएं पेटीएम के माध्यम से लेन-देन कर रहे हैं और आरबीआई के प्रतिबंध से इन लोगों को वित्तीय अशांति हो सकती है।

# धरमपुरा में हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार का भूमिपूजन



**रायपुर, 8 फरवरी।** जिला रायपुर के धरसीवां विकासखंड अंतर्गत स्थित जैतु साव मठ के गांव धरमपुरा में हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार का भूमिपूजन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 6 फरवरी 2023 को दोपहर 12 बजे यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सबसे पहले हनुमान महाराज की विधिवत पूजा अर्चना की गई, अतिथियों का स्वागत पुष्पमाला से किया गया, सभी ने मिलकर भूमि पूजन किया, जीर्णोद्धार कार्य करने वाले ठेकेदार को निर्माण कार्य शुरू करने हेतु चेक में राशि प्रदान की गयी तथा कार्य शीघ्र पूरा करने के लिए निर्देश दिए गए। इस अवसर पर विशेष रूप से महामंडलेश्वर राजेमहन्त रामसुन्दर दास महाराज, कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता सत्यनारायण शर्मा, अजय तिवारी, दाऊ महेंद्र अग्रवाल, ब्रजबिहारी शास्त्री सहित ग्राम वासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### सरसेनी में पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ

रायपुर, 8 फरवरी। ग्राम सरसेनी में गायत्री प्रज्ञापीठ के तत्वावधान में नारी जागरण सशक्तिकरण सप्ताह अंतर्गत एक पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। पीठ के पदाधिकारीगण मोहितराम कुंवर, बिसौहाराम साहू, आजु साहू, तेजी साहू एवं प्रहलाद वर्मा के अनुसार दिनांक 2 से 6 फरवरी तक आयोजित इस महायज्ञ में प्रतिदिन प्रातः हवन एवं मध्यान्ह प्रज्ञा पुराण का वाचन किया गया। जिसका आसपास के गांवों के सैकड़ो नर नारियों ने आध्यात्मिक लाभ लिया। संस्था की संस्कार निर्माण योजना के अंतर्गत गर्भस्थ महिलाओं को पुंसवन, बालकों को विद्या आरंभ तथा नवयुवकों को गायत्री मंत्र एवं यज्ञोपवीत संस्कार से अभिदीक्षित किया गया।



### कैंसर रोकथाम के लिए जागरुकता बढ़ाने पहल

**रायपुर, 8 फरवरी।** भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने विश्व कैंसर दिवस पर कैंसर रोगियों को (खासकर ग्रामीण इलाकों के) सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य सुविधाएं एवं सहयोग देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। इस अवसर पर वेदांता ग्रुप की रायपुर स्थित अत्याधुनिक कैंसर सुविधा तथा भारत के सर्वश्रेष्ठ कैंसर केयर अस्पतालों में से एक बाल्को मेडिकल सेंटर (बीएमसी) ने छत्तीसगढ़ में कैंसर जागरुकता गतिविधियों की एक श्रृंखला का आयोजन किया जो कैंसर की रोकथाम, पता लगाने और इलाज पर केन्द्रित रही। बीएमसी की कोशिशों की थीम रही 'क्लोज़िंग द केयर गैप' यानी कैंसर के इलाज में जो कमियां हैं उन्हें दूर करना।

## लघु सूक्ष्म और मध्यम उद्योगों पर पड़ रहे विपरीत प्रभाव को रोकने चेंबर का प्रयास

रायपुर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि केंद्रीय बजट 2024 के अंतर्गत आयकर अधिनियम 1961 की धारा 43 बी (एच) में परिवर्तन कर लघु सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योगों पर पढ़ रहे विपरीत प्रभाव को रोकने चेंबर ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को ज्ञापन सौंपा। परवानी ने बताया कि गरीबों, युवाओं, महिलाओं और अन्नदाताओं पर ध्यान केंद्रित करने वाले बजट 2024 के अंतर्गत पर्याप्त वित्त, प्रासंगिक प्रौद्योगिकियों और प्रशिक्षण प्रदान करने की प्रतिबद्धता के लिए चेंबर प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों की ओर से माननीया निर्मला सीतारमण का हार्दिक आभार एवं हृदय से धन्यवाद करते हैं।

बजट में एमएसएमई विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए नियामक वातावरण को उन्मुख करने पर जोर एक स्वागत योग्य कदम है जो की एक सहायक नीति ढांचे का संकेत देता है। परवानी ने आगे बताया कि सूक्ष्म और लघु उद्यमों को बढ़ावा देने और उत्थान करने के सरकार के इरादे के अनुरूप, सरकार ने वित्त अधिनियम 2023 के माध्यम से एक महत्वपूर्ण संशोधन पेश किया, जिसमें सूक्ष्म और लघु उद्यमों को समय पर भुगतान को बढ़ावा देने पर ध्यान देने के साथ धारा 43 बी में उपधारा (एच) एमएसएमई के हित में जोड़ा गया। उक्त संशोधन 01 अप्रैल, 2024 से प्रभावी होगा और तदनुसार आकलन वर्ष 2024-25 और उसके बाद के निर्धारण वर्ष पर लागू होगा। परंतु जब से इस धारा को आयकर अधिनियम, 1961 में पेश किया गया है, तब से इस पर बहुत चर्चा हो रही है तथा सूक्ष्म और लघु उद्यमों के व्यवसाय को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए अपने उद्यम पंजीकरण को रद्द करने का सुझाव दिया गया है जिसके कारण उद्योग जगत सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के साथ कारोबार करने से बच रहा है। हालाँकि धारा 43बी(एच) शुरू करने का यह कदम सूक्ष्म और लघु उद्यमों के हित में था, लेकिन इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।




# कालेज में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए राशि की घोषणा

**रायपुर, 8 फरवरी।** शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा, स्कूल शिक्षा तथा पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल रहे। मंत्री ने महाविद्यालय में दस कक्ष के निर्माण हेतु एक करोड़ रुपए तथा पीएम उषा से पांच करोड़ रुपए दिए जाने की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेता प्रतिपक्ष नगर निगम रायपुर मीनल चौबे ने की। विशिष्ट अतिथि सीमा कंदोई वार्ड पार्षद तथा विधायक प्रतिनिधि रंजना महावर रहीं। प्राचार्य डॉ किरण गजपाल ने महाविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। दीप प्रज्वलन से अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य डॉ किरण गजपाल ने



महाविद्यालय का परिचय देते हुए बताया यहां पांच संकाय हैं, छः दशकों से यह महाविद्यालय हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। यहां चार हॉस्टल में 400 छात्राएं निवासरत हैं। यहां 14 विषय में पीएचडी कराया जाता है। यहां राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह स्वर्णजयंती में पधारकर हमें गौरवान्वित कर चुकी हैं।उन्होंने अन्य उपलब्धियां बताई।ष्ह्वह्लद्ब परियोजना के तहत महाविद्यालय को यूजीसी से एक करोड़ प्राप्त हुए हैं। एनएसएस की भावना नायक ने गणतंत्र दिवस परेड और दिशा साहू ने प्री आरडीसी पर दिल्ली में इस बार महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। मीनल चौबे ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि अनुशासन महाविद्यालय के लिए बहुत आवश्यक है, शिक्षक विद्यार्थियों में मूल्य निर्माण राष्ट्र प्रेम जैसे महत्वपूर्ण गुण सिखाता है। विद्यार्थियों को बहुत कुछ सीखना है और अपना आदर्श स्वयं बनें। मेहनत से लक्ष्य प्राप्त कीजिए।

मंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि अध्यापकों का व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि छात्र उनका हमेशा आदर करें। हमें बच्चों को समदृष्टि से देखकर उनका विकास करना है। उच्च शिक्षा संस्थान को एक अच्छे नागरिक का निर्माण करना चाहिए केवल डिग्री प्रदान नहीं करना चाहिए। मन, बुद्धि, शरीर, आत्मा चारों का विकास करना है। मैंने मन में सोचा था कि मैं छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा वोटों से जीतूं और मैं जीता, अतः जो ठान लोगे अवश्य होकर रहेगा, विश्वास रखिए। बृजमोहन अग्रवाल ने आगे कहा कि हमारे शोध ऐसे हों जो मानव विकास के काम आए, केवल सैद्धांतिक न हो।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26